महानगर नई दिल्ली सोमवार 21 अक्तूबर, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

## भारतीय फौज की बड़ी कार्रवाई

# छह से ज्यादा पाक सैनिक ढेर, तीन आतंकी शिविर ध्वस्त

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से अकारण जारी संघर्षविराम उल्लंघन के जवाब में और घुसपैठियों को रोकने के लिए रविवार को भारतीय सेना ने बड़ी कार्रवाई की। भारतीय सेना ने तोपखाने का मुंह खोलते हुए नियंत्रण रेखा के पार लीपा और नीलम घाटी में पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों के कई ठिकानों को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। थल सेनाध्यक्ष जनरल बिपिन रावत ने कहा, 'सेना की कार्रवाई में छह से 10 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं और कई आतंकवादी भी ढेर हुए हैं।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में तीन आतंकी शिविर पूरी तरह नष्ट कर दिए गए और चौथे शिविर को काफी नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तानी सेना के कई बंकर भी तबाह कर दिए गए हैं।



*सेना प्रमुख जनरल रावत ने कहा*
घुसपैठ रोकने के लिए कार्रवाई, छह से 10 पाकिस्तानी सैनिक और कई आतंकवादी मारे गए

रक्षा मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्र ने कहा कि भारत की कार्रवाई में पाकिस्तानी सैनिकों के अलावा कम से कम 20 आतंकवादी भी मारे गए हैं। उन्होंने कहा यह आंकड़ा बढ़ सकता है। जवाबी कार्रवाई ऐसे समय की गई जब शनिवार शाम पाकिस्तान की गोलीबारी में भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए और एक आम नागरिक बाकी पेज 8 पर



नियंत्रण रेखा पर सेना की गोलाबारी। (फाइल फोटो)

### भारतीय उप उच्चायुक्त तलब

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

भारतीय सेना की कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर ही संघर्षविराम उल्लंघन का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा, 'नियंत्रण रेखा पर भारतीय सैनिकों द्वारा संघर्षविराम की स्थिति अप्रत्याशित ढंग से बिगाड़ने को लेकर भारत के उप उच्चायुक्त गौरव अहलूवालिया को तलब किया गया।' पाकिस्तान का दावा है कि संघर्षविराम उल्लंघन से एक लड़के की मौत बाकी पेज 8 पर

## एलओसी पर पाकिस्तान की कायराना करतूत में दो जवान शहीद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

भारत ने नियंत्रण रेखा पर तंगधार में संघर्षविराम उल्लंघन के जवाब में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के नीलम और लीपा घाटी में जवाबी कार्रवाई की। तंगधार में पाकिस्तानी फौज ने घुसपैठ कराने के इरादे से शनिवार की रात से ही मोर्टार और स्वचालित राइफलों से लगातार गोलाबारी की, जिसमें भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए। इसके अलावा एक नागरिक की भी मौत हो गई। इसके अलावा सेना के तीन जवानों समेत आठ लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तानी फौज तंगधार, नौगाम और कुपवाड़ा में लगातार गोलाबारी कर रही है। पाकिस्तानी गोलाबारी में सबसे ज्यादा नुकसान तंगधार के चित्रकूट गांव में हुआ है, जहां छह मकान ध्वस्त हो गए हैं। गुंडी बाकी पेज 8 पर

*तंगधार* में एक नागरिक की मौत, तीन जवानों समेत आठ घायल

## महाराष्ट्र, हरियाणा में मतदान आज, 51 सीटों पर भी उपचुनाव

जनसत्ता ब्यूरो
मुंबई/चंडीगढ़, 20 अक्तूबर।

महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सोमवार को होगा। देश के 18 राज्यों की 51 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों सतारा (महाराष्ट्र) व समस्तीपुर (बिहार) के लिए भी उपचुनाव होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। मतगणना 24 अक्टूबर को होगी।

हरियाणा में सत्ताधारी भाजपा का मुकाबला विपक्षी कांग्रेस और नई पार्टी 'जजपा' के साथ है। हरियाणा विधानसभा की 90 सीटें हैं। राज्य में 1.83 करोड़ से अधिक मतदाता हैं जिसमें 85 लाख महिलाएं और 252 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। राज्य में 19,578 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। हरियाणा में 75,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं। हरियाणा में कांग्रेस सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है। हरियाणा में कांग्रेस ने अपना प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया है। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में भाजपा ने 90 में से 75 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के 1,169 उम्मीदवार बाकी पेज 8 पर

*दोनो* ही राज्यों की नई विधानसभाओं के गठन के लिए मतगणना 24 अक्तूबर को

*भाजपा* ने दोनों ही राज्यों में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने और राष्ट्रवाद से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया

## दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक और मां का शव मिला

जनसत्ता संवाददाता/भाषा
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज में बतौर अतिथि शिक्षक के रूप में कार्यरत 27 साल के एलेन स्टेनली का शव शनिवार को सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन की पटरी पर पड़ा हुआ। इससे पहले दिन में उनकी मां लिजी (55) का शव आशियाना अपार्टमेंट में पंखे से लटका मिला था। पुलिस को संदेह है कि स्टेनली ने अपनी मां की हत्या कर आत्महत्या कर ली। हालांकि स्टेनली के शव के साथ कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, लेकिन उनके फ्लैट से मलयालम में लिखा एक नोट मिला है। उसके पास से एक ड्राइविंग लाइसेंस मिला जिसमें उसकी जन्मतिथि नौ जनवरी 1992 लिखी हुई है। स्टेनली के मित्रों के अनुसार मां-बेटे दोनों केरल में अपने खिलाफ लंबित आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले को लेकर अवसादग्रस्त थे और अंतरिम जमानत पर थे। कुछ दिन पहले स्टेनली ने अपने दोस्तों को यह बात बताई थी, जिन्होंने उन्हें कोई भी घातक कदम नहीं उठाने के लिए कहा था।

केरल के कोट्टायम के रहने वाले स्टेनली सेंट स्टीफेंस कॉलेज में अतिथि प्राध्यापक के तौर पर दर्शन शास्त्र पढ़ाते थे और एक अन्य संस्थान से पीएचडी भी कर रहे थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के एक प्राध्यापक ने बताया कि केरल की स्थानीय मीडिया में स्टेनली के मामले की केरल के सिलसिलेवार हत्याकांडों से तुलना करते हुए आलेख प्रकाशित किए गए थे। कुछ लोग उन्हें ट्रोल बाकी पेज 8 पर



एलेन स्टेनली

*पुलिस* को संदेह है कि पहले मां की हत्या और फिर खुद आत्महत्या कर ली

*स्टेनली* का शव सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन की पटरी पर मिला जबकि मां का शव अपने घर में पंखे से लटका मिला।

*मां*-बेटे के खिलाफ केरल में एक मामला दर्ज है और दोनों अग्रिम जमानत पर थे। संदेह है कि इसी से परेशान होकर दोनों ने खुदकुशी की।

## जम्मू के स्कूलों में छात्रों की हाजिरी सौ फीसद

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर में कहीं पर भी लोगों की आवाजाही पर कोई रोक नहीं है और कश्मीर में 20 फीसद से थोड़ा ज्यादा और जम्मू में 100 फीसद छात्रों ने स्कूल जाना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 18 अक्तूबर तक 1,02,069 लैंडलाइन फोन कनेक्शन बहाल कर दिए गए हैं जबकि पिछले शुक्रवार तक 22 जिलों में 84 फीसद मोबाइल फोन कनेक्शनों को चालू कर दिया गया है।

कश्मीर घाटी में बाकी पेज 8 पर

*घाटी* में उपस्थिति 20 फीसद

### भाजपा उम्मीदवार का ईवीएम सेटिंग का वीडियो हुआ वायरल

## आयोग ने तैनात किया विशेष पर्यवेक्षक

जींद/नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (भाषा)।

हरियाणा में सोमवार को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असंध सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बख्शीश सिंह विर्क का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने पूर्व प्रशासनिक अधिकारी विनोद जुत्शी को इस सीट पर निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

आयोग ने रविवार को इनेलो सहित अन्य विपक्षी दलों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पूर्व उपचुनाव आयुक्त जुत्शी को करनाल जिले की असंध विधानसभा सीट के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस वायरल वीडियो में विर्क कथित रूप से लोगों से यह कहते हुए दिख रहे हैं कि 'आप कोई भी बटन दबाओगे, वोट कमल बाकी पेज 8 पर

### वीडियो में क्या था

इस वायरल वीडियो में विर्क कथित रूप से लोगों से यह कहते हुए दिख रहे हैं कि 'आप कोई भी बटन दबाओगे, वोट कमल के फूल को ही जाएगा।'

*आयोग* ने इसका संज्ञान लेते हुए पूर्व उपचुनाव आयुक्त विनोद जुत्शी को करनाल जिले की असंध विधानसभा सीट के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।



पूर्व प्रशासनिक अधिकारी विनोद जुत्शी

## ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने के कुछ देर बाद बंद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

करतारपुर साहिब जाने के लिए भारत में श्रद्धालुओं का ऑनलाइन पंजीकरण रविवार को शुरू किए जाने के कुछ ही देर बाद बंद करना पड़ा। करतारपुर गलियारे से आने वाले श्रद्धालुओं से सेवा शुल्क वसूली पर पाकिस्तान के अड़े रहने से यह गतिरोध आया। भारत की कोशिश थी कि पाकिस्तान अपनी मांग छोड़ दे और गलियारे को लेकर अंतिम मसविदे पर दोनों देशों में सहमति बन जाए। ऐसा नहीं होने से ऑनलाइन पंजीकरण बाकी पेज 8 पर

### करतारपुर गलियारा



*यात्रियों* से सेवा शुल्क की वसूली पर पाकिस्तान के अड़े रहने से गतिरोध

## एअर इंडिया के लिए अगले महीने बोलियां मंगा सकती है सरकार

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (भाषा)।

सरकार एअर इंडिया की 100 फीसद हिस्सेदारी बेचने के लिए अगले महीने प्रारंभिक बोलियां मंगाने की योजना बना रही है। कुछ निकाय पहले ही एअर इंडिया में दिलचस्पी दिखा चुके हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। कंपनी के ऊपर करीब 58 हजार करोड़ रुपए का कर्ज बकाया है।

सूत्रों ने कहा कि कुछ निकाय पहले ही एअर इंडिया को खरीदने में दिलचस्पी दिखा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बोली मंगाने के दस्तावेज को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा बाकी पेज 8 पर



*कंपनी* पर 58 हजार करोड़ रुपए का कर्ज बकाया

## रेलवे बोर्ड में घटेगी सदस्यों की संख्या

### 200 सदस्यों वाले बोर्ड में होगी 25 फीसद कटौती

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (भाषा)।

रेलवे ने 200 सदस्यों वाले रेलवे बोर्ड में 25 फीसद कटौती करके इसका आकार घटा कर 150 सदस्यों तक करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

रेलवे बोर्ड की दक्षता बढ़ाने के लिए उसके आकार को कम करने की योजना काफी लंबे समय से चल रही थी। इसका प्रस्ताव सन 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने पेश किया था। सरकार ने राष्ट्रीय परिवहन की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई का आकार कम करने का प्रस्ताव दिया था।

एक सूत्र ने बताया, 'वर्तमान में बोर्ड में 200 अधिकारी हैं। इनमें से निदेशक स्तर के 50 अधिकारियों और इससे अधिक को जोनल रेलवे में स्थानांतरिक करके इसका आकार घटा कर 150 लोगों का किया जाएगा। यह काफी समय से लंबित है और ऐसा महसूस किया जा रहा था कि बहुत सारे लोग एक जैसा काम कर रहे हैं और दक्षता बढ़ाने के लिए जोन में वरिष्ठ अधिकारियों की आवश्यकता है।' उन्होंने बताया कि इस योजना को शीघ्र ही अमल में लाया जाएगा।

यह योजना रेल मंत्री पीयूष गोयल द्वारा पेश 100 दिन के एजंडा का हिस्सा है और रेलवे बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष वी के यादव की प्राथमिकता है। गौरतलब बाकी पेज 8 पर

*बोर्ड* का आकार घटा कर 150 सदस्यों तक करने की योजना।

*योजना* रेल मंत्री पीयूष गोयल द्वारा पेश 100 दिन के एजंडा का हिस्सा है और रेलवे बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष वीके यादव की प्राथमिकता है।




### दरअसल




सबसे ज्यादा जयपुर और साल्ट लेक (कोलकाता) पर असर | **जीएसआइ का अध्ययन** | पटना और नागपुर की भी बढ़ रही है समुद्र तल से ऊंचाई

# सिकुड़ रहे हैं देहरादून, जयपुर, कोलकाता और बंगलुरु शहर

कोलकाता, 20 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआइ) के एक शीर्ष वैज्ञानिक ने दावा किया है कि कोलकाता के पूरब में स्थित साल्ट लेक क्षेत्र और देश के अन्य कुछ प्रमुख शहर सतर्क करने वाली दर से सिकुड़ रहे हैं

जीएसआइ के निदेशक डॉ संदीप सोम ने कहा, 'देश भर में लगाए गए जीपीएस स्टेशनों से इस बात का पता चला है कि जयपुर, देहरादून, हैदराबाद और बेंगलुरु भी सिकुड़ रहे हैं। आंकड़ों से आगे यह प्रदर्शित होता है कि हिमालय की पूरी तलहटी और इससे लगे इलाके भी अलग-अलग दर से सिकुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'हिमालय पर्वतमाला की ऊंचाई बढ़ रही है। पटना और नागपुर की भी ऊंचाई (समुद्र तल से) बढ़ रही है, ये सभी चीजें टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों के कारण हो रही हैं।' जीएसआइ निदेशक ने कहा कि भूक्षेत्र सिकुड़ने के मामले में जयपुर और साल्ट लेक (कोलकाता) शहर सर्वाधिक प्रभावित हैं।

डॉ सोम ने बताया कि साल्ट लेक का एक बड़ा हिस्सा जलाशयों और झीलों के भरने से बना है। यह इलाका भूजल की कमी की समस्या का सामना कर रहा है और भू- क्षेत्र के सिकुड़ने की यह एक वजह जो सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसी संभावना है कि पड़ोसी शहर कोलकाता के कई हिस्से भी सिकुड़ रहे हैं।

जीएसआइ के साल्ट लेक कार्यालय में 'जीपीएस स्टेशन' द्वारा ढाई साल में दर्ज किए गए डाटा से यह खुलासा हुआ है कि यह इलाका करीब 19-20 मिलीमीटर प्रति वर्ष की दर से सिकुड़ बाकी पेज 8 पर

### कैसे जुटाए गए आंकड़े

*जीएसआई* के एक जीपीएस स्टेशन से तीन सौ किमी की परिधि में आंकड़े जुटाए जाते हैं। आंकड़ों की ऊर्ध्वाकार और क्षैतिज गणना की जाती है। देश भर में 22 वेधशालाएं हैं, जिनके जीपीएस स्टेशनों से आंकड़े जुटाए जा रहे हैं।




### क्यों सिकुड़ रहे हैं शहर

*जलाशयों* और झीलों को पाटकर बने साल्टलेक में भूजल खत्म हो रहा है और इससे जमीन के भीतर सिकुड़न की स्थिति बन रही है। यह इलाका करीब 19-20 मिमी प्रति वर्ष की दर से सिकुड़ रहा है। भूजल खत्म होने से जयपुर भी सिकुड़ रहा है।

*हिमालय* की तलहटी और आसपास के इलाकों में भू-धंसान बढ़ रहा है। भूजल खत्म होने और टेक्टोनिक प्लेटों के खिसकने से यह नौबत आ रही है। इस कारण देहरादून जैसे शहर सिकुड़ रहे हैं।

# बिहार में लोकसभा की एक, विधानसभा की पांच सीटों पर आज मतदान

पटना, 20 अक्तूबर (भाषा)।

बिहार में लोकसभा की एक सीट तथा विधानसभा की पांच सीटों पर उपचुनाव के लिए सोमवार को मतदान होगा और उपचुनाव को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है।

लोकसभा की समस्तीपुर और किशनगंज, सिमरी बख्तियारपुर, दरौंदा, नाथनगर और बेलहर विधानसभा सीटों के लिए शनिवार को चुनाव प्रचार थम गया था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इन सभी सीटों पर कुल 51 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं जिनमें छह महिला उम्मीदवार हैं। हालांकि, दरौंदा और सिमरी बख्तियारपुर सीट से कोई भी महिला चुनावी अखाड़े में नहीं है।

इन सभी सीटों पर चुनावी मैदान में डटे हुए कुल 51 उम्मीदवारों में जदयू और राजद के 4-4, भाकपा के तीन, कांग्रेस के दो, भाजपा एवं लोजपा के एक-एक, 12 अन्य निबंधित दलों और 24 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। समस्तीपुर लोकसभा सीट लोजपा सांसद रामचंद्र पासवान का हाल ही में हुए निधन के कारण खाली हुई थी, हालांकि, किशनगंज, सिमरी बख्तियारपुर, दरौंदा, नाथनगर और बेलहर के विधायकों के लोकसभा के लिए चुन लिए जाने के बाद रिक्त हुई थी।

समस्तीपुर लोकसभा सीट पर चुनावी मैदान में आठ उम्मीदवार हैं, जिसमें दो महिला और 3 निर्दलीय प्रत्याशी हैं। इस सीट पर सीधा मुकाबला लोजपा उम्मीदवार और दिवंगत पूर्व सांसद रामचंद्र पासवान के पुत्र प्रिंस राज और कांग्रेस प्रत्याशी अशोक राम के बीच है। इस सीट पर लोकसभा के लिए हुए चुनाव में पासवान ने राम को पराजित किया था।

इन सभी सीटों के लिए मतदान करने वाले कुल मतदाताओं की संख्या 32,27,282 है जिनमें 15,26,867 महिला मतदाता, 4113 सर्विस इलेक्टर्स और 82 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।



मुरादाबाद में रविवार को दीपावली के दीये तैयार करती महिला।

# जनसत्ता क्लासीफाइड

## व्यक्तिगत

I,Suraj Parkash Dua S/o Ram Chand Dua R/o Flat.No-602,Tower B-5 Gardenia Glory,Sec-46 Noida U.P,have changed my name to Suraj Dua. 0040516737-1

I, Yogesh Kumar S/O Shanker Dass R/O Hno.727/12, Vishnu Nagar, Employment Office, Gohana, Sonipat-131301. Changed My Name to Yogesh Kumar Raheja. 0040516727-9

I, PREM SINGH. S/o Munshilal. Do state that the name of my son HARDEEP SINGH S/O PREM SINGH and SUNITA. R/250, Indira Camp-I, Taimur Nagar, New Delhi -110065, have changed his name to AARAV SINGH from HARDEEP SINGH for all future purposes. 0040516537-1

I, Mohan Singh Hora S/O Jeet Singh R/O 1/125, Subhash Nagar, Delhi-110027. Have Changed My Name To Mohan Singh. 0040516727-10

I, Iqbal Hussain S/o-Mr.Nasruddin R/o-D-178/1,Shaheen Bagh,Abul Fazal Enclave,Part-II,Jamia Nagar,Okhla,New Delhi-110025,inform that in my school certificate my and my father name wrongly written as my name Iqval Husain instead of correct name Iqbal Hussain and my father name Nasrudin instead of correct name Nasruddin. 0040516569-2

I, Kuldeep Kumar S/O Rajesh Kumar Jain R/O C-77, Galino.4, Mahendru Enclave, Model Town, Delhi-110033.Changed My Name To Kuldeep Jain. 0040516727-11

I Mahendra Singh S/o Nathu Singh Karki R/o Room no.03, Rishal Appartment, Near Row Mansa Ram Public School, Kapashera, Gurgaon Road, South west Delhi, Delhi - 110037. Have Changed My Name To Mahendra Singh Karki For All Purposes. 0070679640-1

I, Dharmendra S/o Shri Govind R/o 89, Shiv Shakti Vihar, Lajpat Nagar, Sahibabad, Ghaziabad, UP -201005 have Changed my name from Dharmendra Bhardwaj to Dharmendra for all future purposes. Both name belongs to same person. 0040516676-1

I, Ruchi Goyal W/o Sandeep Goyal R/o Flat no. 228, Tower-1, Hewo 2, Opposite More Market, Sector-56, Gurgaon, Haryana-122011, have changed my minor daughter's name Shanaya Goyal to Freya Goyal for all future purposes. 0040516787

### PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, K. D. Parashar S/o Late Sh. Daulat Ram Parashar R/o Flat No. F-283, Sarita Vihar, New Delhi-110076 owner of DDA Flat No. 283, First + Second Duplex, Pocket-F, Sarita Vihar, New Delhi-110076, alongwith Scooter Garage, Vide File No. F-128(553)86/SFS/SV/III, has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free in DDA. The original document I.e Allocation Letter, Fifth & Final Demand Letter, Possession Letter and NOC Electricity & Water etc., of the above said flat have been lost. An NCR to this effect has been lodged in Police Station.

Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original document, write/contact with above named person at above address/phone No. 9910625663 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D Block 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

### सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल श्री बलदेव पुत्र स्वर्गीय धन्ना राम निवासी C-97-98 and बी-179, J.J. कालोनी, खानपुर, नई दिल्ली-110062 ने दिनांक 2 जुलाई 2015 को दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा में बेदखली सूचना दी थी। जिसमें मैंने अपने तीनों पुत्रों व उनकी पत्नियां, बड़ा पुत्र नवीन कुमार व उसकी पत्नी सुशीला, दूसरा पुत्र अशोक व पत्नी गीता और तीसरा पुत्र नानक को उनके दुर्व्यवहार व अवज्ञाकारी होने के कारण बेदखल कर दिया था। लेकिन अब इनका आचरण व व्यवहार मेरे प्रति सही हो गया है। इसलिए दिनांक 2 जुलाई 2015 को दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा में दी गई बेदखली सूचना को निरस्त समझा जाए।

Sd/-
Raj Kumar Adovcate
Chember No. 466, Saket District Courts, New Delhi-110017

### PUBLIC NOTICE

General Public is informed that my clients Sukhdev Singh Bhatia Son Of Late Avtar Singh Bhatia and Tajinder Kaur Bhatia W/o Sukhdev Singh Bhatia Address: B-13 New Gupta Colony Ground Floor, Delhi-110009 have debarred/disown their son Umangdeep Bhatia from all their movable & unmovable properties & assets & severed all relations with him.

Anybody dealing with him will do so at his/her own risks, costs, responsibility & consequences. My client shall not be responsible in any case for any acts done by them.

Advocate Tushar Sharma
B-1/103 St No-4 Sant Nagar
Burari Delhi-110084

### मेवात जिंक लिमिटेड

CIN: L27204DL1991PLC046120
पंजीकृत कार्यालयः 1/24, बंसी हाउस, आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002
टेली. नं. 011-23234316
ईमेल आईडीः mewatzinc@gmail.com
वेबसाईटः www.mewatzinc.com

**सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 47(1)(ए) के साथ पठित विनियमन 29(1)(ए) के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, 11 नवम्बर, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित की जायेगी जिसमें अन्य विषयों के साथ 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही/छमाही के लिये कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों तथा अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य व्यवसाय पर विचार, अनुमोदन कर उसे अभिलेख में लिये जाएंगे।

पुनः भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इन्सायडर ट्रेडिंग निषेध) विनियमन, 2015 के अनुपालन में सर्क्युल सं. LIST/COMP/01/2019-20 तिथि 2 अप्रैल, 2019 के अनुपालन में निदेशकों, प्रवर्त्तकों तथा विनिर्दिष्ट व्यक्तियों (निकटतम सगे-संबंधी सहित) के लिये ट्रेडिंग विण्डो 01 अक्टूबर, 2019 से बंद हो चुकी है तथा यह बंदी वित्तीय परिणामों की घोषणा के 48 घंटे बाद तक जारी रहेगी।

उक्त जानकारी कम्पनी की वेबसाईट www.mewatzinc.com तथा साथ ही बीएसई लिमिटेड की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेश से
मेवात जिंक लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
जे.पी. गुप्ता
प्रबंध निदेशक
DIN: 00253529

स्थानः दिल्ली
तिथिः19 अक्टूबर, 2019

### राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण के समक्ष प्रधान पीठ, नई दिल्ली

कंपनी याचिका सं. (सीएए) 127/पीबी/2019 से संबंधित
कंपनी आवेदन सं. सीए (सीएए) 77/पीबी/2019
कंपनीज़ अधिनियम, 2013 के मामले में
और
कंपनीज़ अधिनियम, 2013 की धाराएं 230 और 232 और अन्य लागू प्रावधानों के मामले में
और
निम्न के बीच समामेलन की योजना के मामलें में
वॉइस इम्पैक्स प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी)
के साथ
राहुल फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरी कंपनी)
और
उनके संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों

वॉइस इम्पैक्स प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी) का राहुल फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरी कंपनी) के साथ और उनके संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों के बीच समामेलन की योजना के लिए अनुमोदन/स्वीकृति हेतु, कंपनीज अधिनियम 2013 की धारा 230 से 232 और अन्य लागू प्रावधानों के अंतर्गत एक याचिका उपर्युक्त नाम के "याचिकाकर्ता कंपनियों" द्वारा 12 सितम्बर, 2019 को माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली के समक्ष प्रस्तुत की गई थी और कथित याचिका को 20 सितम्बर, 2019 को माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा सुनाया गया था। उक्त याचिका अब माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली, प्रधान पीठ के समक्ष 19 नवम्बर, 2019 को समय पर या उसके तुरंत बाद अंतिम सुनवाई हेतु निर्धारित की गई है। हस्तांतरणकर्ता कंपनी जिसका पंजीकृत कार्यालय सी-6, ग्राउंड फ्लोर आनंद हॉस्पिटल, प्रीत विहार, ईस्ट दिल्ली-110092 और हस्तांतरी कंपनी जिसका पंजीकृत कार्यालय 9/774, प्रेम गली नं0 3, ई गांधी नगर, ईस्ट दिल्ली-110031 में है।

कोई व्यक्ति उपरोक्त याचिका का समर्थन अथवा विरोध हेतु इच्छुक है तो वह अपनी इच्छा स्वयं के द्वारा अथवा अपने अधिवक्ता के द्वारा हस्ताक्षरित अपने नाम तथा पते के साथ याचिकाकर्ता के अधिकृत प्रतिनिधि को प्रेषित करे, जो कि याचिकाकर्ता के अधिकृत प्रतिनिधि के पास याचिका की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि से कम से कम 2 (दो) दिन से ज्यादा विलम्ब से नहीं पहुंचनी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति को याचिका पर आपत्ति है तो आपत्ति के कारणों के साथ शपथपत्र ऐसी सूचना के साथ संलग्न होनी चाहिए। याचिका की प्रति चाहने वाला कोई भी व्यक्ति निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर इसे याचिकाकर्ता के अधिकृत प्रतिनिधि से प्राप्त कर सकता है।

दिनांकः 19.10.2019
स्थानः नई दिल्ली

हस्ता/-
एन.के. शर्मा
(याचिकाकर्ताओं के लिए वकील)
दिल्ली हाई कोर्ट
नामांकन नं0. D-1498/2012
मोबाइल नं0. 9811213445
मेल आईडीः rastogifcs@gmail.com

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व प्रत्याशी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

किशनगंज, 20 अक्तूबर (भाषा)।

बिहार के किशनगंज विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल और प्रत्याशी स्वीटी सिंह के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सदर अनुमंडल अधिकारी शाहनवाज अहमद नेयाजी ने बताया कि चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में अंचल अधिकारी शफी अहमद की लिखित शिकायत पर संजय जायसवाल और स्वीटी सिंह के खिलाफ सदर थाने में शनिवार शाम प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे की कार्रवाई वीडियो की जांच के बाद की जाएगी। गुरुवार को तेघरिया स्थित नगर पालिका उपाध्यक्ष आंची देवी जैन के आवास पर आयोजित एक बैठक के दौरान जायसवाल द्वारा व्यापारी वर्ग को चुनाव के दिन अपने अपने प्रतिष्ठान बंद करने का आह्वान करने तथा दुकान के कर्मियों को 500 रुपए देने का प्रलोभन देने को लेकर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियन्ता सिविल डिवीजन-3, सिंचाई एवं बाढ़ नियन्त्रण विभाग, दिल्ली द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित हैः-

1 एनआईटीः ईई/सीडी 03/एनआईटी 26/2019-20
हैडः एमएलएएलएडी फंड।
कार्य का नामः लक्ष्मी नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एसी-58 में हरिजन बस्ती स्कूल ब्लॉक शकरपुर अनधिकृत कॉलोनी में साइड नालियों और सड़क के फुटपाथ का सुधार (पंजीकृत संख्या-191)। अनुमानित लागत 10,60,620.00 रु. धरोहर राशिः 21,212.00 रु. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 60 दिन, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः 25.10.2019 को दोपहर 3.00 बजे तक (निविदा आईडी 2019_IFC_182191_1)

1 एनआईटीः ईई/सीडी 03/एनआईटी 27/2019-20
हैडः एमएलएएलएडी फंड।
कार्य का नामः लक्ष्मी नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एसी-58 में गली नंबर 1 एस-ब्लॉक पांडव नगर अनधिकृत कॉलोनी की सड़कों के फुटपाथ का सुधार (पंजीकृत संख्या-75)। अनुमानित लागत 5,41,382.00 रु. धरोहर राशिः 10,828.00 रु. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 60 दिन, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः 25.10.2019 को दोपहर 3.00 बजे तक (निविदा आईडी 2019_IFC_182192_1)

1 एनआईटीः ईई/सीडी 03/एनआईटी 28/2019-20
हैडः एमएलएएलएडी फंड।
कार्य का नामः लक्ष्मी नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एसी-58 में शकरपुर स्कूल ब्लॉक साइड नालियों और सड़क के फुटपाथ का सुधार (पंजीकृत संख्या-824)। अनुमानित लागत 25,24,409.00 रु. धरोहर राशिः 50,488.00 रु. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 90 दिन, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः 25.10.2019 को दोपहर 3.00 बजे तक (निविदा आईडी 2019_IFC_182193_1)

1 एनआईटीः ईई/सीडी 03/एनआईटी 29/2019-20
हैडः टीवाईऐडीबी फंड।
कार्य का नामः विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र, एसी-59 टीवाईऐडीबी फंड के तहत वार्ड न. 9 ई और 20 ई में बच्चों का खेल उपकरण प्रदान करने और स्थापित कराना। अनुमानित लागत 79,51,651.00 रु. धरोहर राशिः 1,59,033.00 रु. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 90 दिन, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः 25.10.2019 को दोपहर 3.00 बजे तक (निविदा आईडी 2019_IFC_182194_1)

निविदा प्रपत्र व अन्य विवरण वेबसाइट https://govtprocurement.delhi.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

अधिशासी अभियन्ता सिविल डिवीजन-3
DIP/Shabdarth/0874/19-20

# सोने के पेस्ट के साथ एक गिरफ्तार

हैदराबाद, 20 अक्तूबर (भाषा)।

राजस्व खुफिया निदेशालय ने रविवार को बताया कि यहां अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने का पेस्ट बरामद किया गया है जिसकी कीमत 27 लाख 87 हजार रुपए है।

निदेशालय ने बयान जारी कर बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर यह गिरफ्तारी की गई है। बयान में कहा गया है कि मुंबई से 18 अक्तूबर को यहां आए एक यात्री से यह बरामदगी की गई है।

# शांति प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने वालों को जेल में डाला जाएगा : राम माधव

## कहा, आप शांति भंग किए बिना भी अपनी राजनीति कर सकते हैं

श्रीनगर, 20 अक्तूबर (भाषा)।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राम माधव ने रविवार को यहां कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधान समाप्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर शांति और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है और जो भी इसके रास्ते में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा, उससे कड़ाई से निपटा जाएगा।

माधव ने कहा, 'अभी तक कश्मीर में सिर्फ कुछ परिवारों या कुछ नेताओं के लिए काम किया जाता था, लेकिन अब जो कुछ हो रहा है, वह इस राज्य के लाखों परिवारों के लिए... आम कश्मीरियों के लिए हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'जम्मू कश्मीर के लिए अब दो ही मार्ग होंगे.. शांति एवं विकास, और जो कोई इसके बीच में आएगा, उससे कड़ाई से निपटा जाएगा। उनके लिए भारत में कई जेल हैं।' भाजपा नेता यहां टैगोर हॉल में पार्टी की युवा इकाई के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जो अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से पहला राजनीतिक कार्यक्रम था।

उन्होंने नेताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल न करें। अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद पहली बार घाटी के दौरे पर आए माधव ने कहा कि यदि 200 से 300 लोगों को शांति एवं विकास प्राप्त करने के लिए जेल में रखना पड़े तो हम उन्हें रखेंगे। उन्होंने कहा, 'आप शांति भंग किए बिना भी अपनी राजनीति कर सकते हैं। कुछ नेता जेल में बैठकर यह संदेश भेज रहे हैं कि लोग बंदूक उठाकर शहादत देंगे। मैं उन नेताओं से कहना चाहता हूं कि पहले स्वयं आगे आकर शहादत दें।' उन्होंने कहा, 'यहां पर नेता आम लोगों को अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल कर रहे थे और आम जनता का इस्तेमाल किया जा रहा था। अब हम इस तरह की राजनीति नहीं होने देंगे। हम विकास की राजनीति चाहते हैं और भ्रष्टाचार का यहां से पूरी तरह से उन्मूलन होगा।' भाजपा नेता ने कश्मीर के लोगों की नौकरी या जमीन गंवाने संबंधी आशंका को लेकर भरोसा देते हुए कहा कि यहां नई नौकरियों और मौकों का निर्माण किया जाएगा। सभी तरह की ऐहतियात बरती जाएगी ताकि जम्मू कश्मीर की पहचान, संस्कृति, नौकरी और शिक्षा को कोई नुकसान नहीं हो।'

उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, 'आप किससे भयभीत हैं, जब सभी (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी से भयभीत हैं। वे कागज के शेर हैं और मुझे पता कि उनमें कितना साहस है। उन्हें जब कोई फोन कॉल आता है तो वे कांपने लगते हैं।' माधव ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें नहीं पता कि अपने देश को कैसे संभालना है लेकिन वह अक्सर कश्मीर के बारे में बातें करते हैं।

उन्होंने कहा, 'इमरान खान दिन में एक या दो बार कश्मीर का मुद्दा उठाते हैं। उन्हें नहीं पता कि अपने देश को कैसे संभालना है और वह एफएटीएफ प्रतिबंधों से बाल बाल बचे हैं। वह सीमापार से गोलीबारी या आतंकवाद के लिए जो कोई भी प्रयास करेंगे, हमारे सुरक्षा बल उससे निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।' भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि देश के लोग कश्मीरियों को गले लगाने के लिए तैयार हैं और उन्हें शांति बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'मैं जहां भी जाता हूं, मैं कहता हूं कि कश्मीर के लिए जो कुछ भी किया जाना था, वह मोदी द्वारा किया गया है और अब पूरे भारत के लोगों को कश्मीरियों को गले लगाना है। हम भाजपा में जब कहते थे कि कश्मीर हमारा है, इसका यह मतलब नहीं था कि कश्मीर की जमीन हमारी है, बल्कि यह था कि प्रत्येक कश्मीरी हमारा है। पूरा भारत इसका आपको भरोसा देने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, 'जब शांति होगी, यहां पर्यटन बढ़ेगा। मैं सभी जगह लोगों से कहता हूं कि यदि आपको छुट्टी मनाने के लिए जाना है तो कश्मीर जाइए। पूरा देश कश्मीर को गले लगाने के लिए तैयार है और जम्मू कश्मीर के लोगों को केवल उनका स्वागत करने का निर्णय करना है और यहां शांति बनाए रखनी है।'

# हरिद्वार के निर्मल संतपुरा में 30 दिवसीय प्रकाश पर्व समारोह शुरू

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 20 अक्तूबर।

सिखों के प्रथम गुरु व सिख धर्म के प्रवर्तक श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर 30 दिवसीय गुरमत समागम का शुभारंभ हरिद्वार के श्री निर्मल संतपुरा आश्रम में हुआ। इसमें पांच विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया जाएगा।

इस भव्य समारोह का शुभारंभ करते हुए निर्मल संतपुरा के परमाध्यक्ष महंत जगजीत सिंह शास्त्री महाराज ने कहा कि श्री गुरु महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर 30 दिन तक नियमित रूप से निर्मल संतपुरा आश्रम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सानिध्य में श्री जपजी साहिब का नियमित पाठ शुरू हो गया है। पहला विशेष कीर्तन समागम आश्रम में शुरू हुआ। इसमें भाई सुरेंद्र सिंह मनी, माता कोंला जी अमृतसर और भाई लखविंदर सिंह, हजूरी रागी हेमकुंड साहिब वालों ने विशेष रुप से कीर्तन समागम में शबद कीर्तन की पावन सरिता बहाई। श्री निर्मल संतपुरा के प्रमुख महंत जगजीत सिंह शास्त्री महाराज ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त किया।

# अब एक संस्था देगी इंजीनियरिंग और विज्ञान कॉलेजों को मान्यता

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

देश में इंजीनियरिंग और विज्ञान विषयों के कॉलेजों को अब मान्यता एक नई कंपनी आइआइटी फाउंडेशन फॉर एक्रेडिटेशन एंड असेसमेंट (आइएफएए) देगी। कंपनी की स्थापना हाल में की गई थी जिसमें आइआइटी दिल्ली, आइआइटी खड़गपुर और आइआइएम मद्रास संस्थापक साझेदार हैं। कंपनी को एक सीईओ की तलाश है। अब तक इन कॉलेजों को नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) की ओर से मान्यता दी जाती थी। कॉलेजों और संस्थानों को मान्यता देने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) भी आइएफएए की सेवाएं ले सकेंगे।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) ने मान्यता कार्य के लिए कंपनी कानून, 2013 के तहत एक सेक्शन-8 कंपनी का गठन प्रस्तावित किया था जिसमें आइआइटी और आइआइएम की हिस्सेदारी हो। इसके तहत एक अप्रैल 2019 को आइएफएए के नाम से एक कंपनी की स्थापना की गई है। कंपनी मान्यता की प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास करेगी। यह कंपनी स्ववित्तपोषित सिद्धांत पर कार्य करेगी।

### No. RC(B)-10(2)/09-2112

**Government of Himachal Pradesh, Office of the Resident Commissioner, Himachal Bhawan, 27-Sikendra Road, New Delhi- 110001.**

Dated : 15 October, 2019

**TENDER NOTICE**

Sealed tender on prescribed forms are invited from reputed and registered transporters of NCT of Delhi for hiring of Taxies, viz. Innova Crysta, Swift Desire, Xcent, or similarly comparable vehicles with same range of fare charges for the use of the Ministers, Officers and Guests of the State Government of Himachal Pradesh during their visit to Delhi. Contract period will be for Two years. Tender should reach in the office of undersigned on or before 21/11/2019 upto 3.00 P.M. The tender shall be opened on 22/11/2019 at 3:00 P.M. in the presence of the tenderers or their authorized representatives. Application forms alongwith terms and condition can be obtained from the office of the Pr. Resident Commissioner, Goverment of Himachal Pradesh, Himachal Bhawan, 27-Sikandra Road, New Delhi-110001 on any working day from 10:00 A.M. to 5:00 PM. from the date of its publication in newspaper till 21/11/2019 11.00 A.M. along with tender cost of Rs. 500/- (Rupees five hundred only) through bank draft/pay order. The tender documents shall be accompanied with bank draft of Rs. 10,000/- (Rupees Ten thousand only) as earnest money in shape of Demand Draft/Pay Order duly pledged in the name of Pr. Resident Commissioner, Govt. of Himachal Pradesh, Himachal Bhawan, 27-Sikandra Road, New Delhi. Undersigned reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reasons. The offier of tender shall be kept valid for 120 days.

Sd/-
Dy. Resident Commissioner,
Govt. of Hiamachal Pradesh


The Indian EXPRESS Classifieds
EXPRESS EDUCATION
SYNERGY
AN INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES EXAMINATION
PUBLIC ADMINISTRATION
CLASSROOM PROGRAMME by M.K. MOHANTY
31 OCT. @ 11:00 AM
TOP SCORES FROM OUR FULL COURSE CLASSROOM PROGRAMME (EXCLUDING TEST SERIES & SIMILAR OTHER PROGRAMMES)
Marks 314/500 | Marks 310/500 | Marks 310/500
GS PREPARATORY TEST SERIES 2020 — TOTAL 13 TESTS — ONLINE/OFFLINE — 3 NOV
PRELIMS TEST SERIES 2020 — TOTAL 18 TESTS — ONLINE/OFFLINE — 10 NOV
ADMISSION OPEN
Email: info@synergy.edu.in | Website: www.synergyraftar.com
Ph:- 011-25744391, 9870146185
16-A/2, Ist Floor, Ajmal Khan Road, W.E.A. Karol Bagh, New Delhi-05
Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service
Ph.23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.


# राजस्थान : दो सीटों पर दिलचस्प मुकाबला

जयपुर, 20 अक्तूबर (भाषा)।

कांग्रेस शासित राजस्थान में दो जाट बहुल विधानसभा सीटों पर सोमवार को उपचुनाव होंगे जहां सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के साथ-साथ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) को भी अपनी जीत की पूरी उम्मीद है।

झुंझुनूं की मंडावा और नागौर की खींवसर विधानसभा सीटों पर 21 अक्तूबर को मतदान होगा। पिछले साल दिसंबर में राज्य में सत्ता में आई कांग्रेस के लिए यह चुनाव अहम होगा। इस साल मई में हुए आम चुनावों में पार्टी को सभी 25 लोकसभा सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था।

**उपचुनाव**

हालांकि, पार्टी ने जून महीने के बाद राज्य में संपन्न कुल 33 जिलों में से 26 में पंचायत समिति और जिला परिषद उपचुनावों में अधिकांश सीटों पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस ने मंडावा विधानसभा सीट पर पूर्व विधायक और दिवंगत कांग्रेस नेता रामनारायण चौधरी की बेटी रीटा चौधरी को तथा खींवसर विधानसभा सीट पर पूर्व मंत्री हरेंद्र मिर्धा को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए मंडावा विधानसभा सीट पर हाल ही में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाली सुशीला सिगड़ा को टिकट दिया है, वहीं खींवसर विधानसभा सीट उसने गठबंधन के तहत हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के लिए छोड़ी है। यहां बेनीवाल के छोटे भाई नारायण बेनीवाल चुनाव मैदान में हैं।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने दोनों विधानसभा सीटों पर पार्टी की जीत का भरोसा जताया है। पायलट ने कहा, 'उपचुनावों के लिए हमने पूरी तैयारी की है और हम दोनों सीटों पर बहुमत के साथ दोनों चुनाव जीतेंगे।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछले पांच वर्षो में विपक्ष में रहते हुए सभी उपचुनावों पर जीत दर्ज की थी और अब पार्टी सत्ता में है और चुनाव नहीं जीतने का कोई कारण दिखाई नहीं दे रहा है।

जाट बाहुल दोनों विधानसभा उपचुनाव भाजपा के हाल ही में नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया की पहली परीक्षा होगी, जो जाट समुदाय से हैं और जीत के प्रति आश्वस्त हैं। पूनिया ने कहा कि जनता ने कांग्रेस का शासन देखा है और जनता पूरी तरह से निराश है। कांग्रेस पार्टी अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह असफल रही है और पार्टी पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव के दौरान घोषणा पत्र में जनता के साथ किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने झुंझुनू में कांग्रेस उम्मीदवार रीटा चौधरी के समर्थन में एक जनसभा की जबकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया और सांसद हेमा मालिनी ने शुक्रवार को मंडावा में भाजपा की प्रत्याशी सुशीला के समर्थन में रैली आयोजित कर जनता को लुभाने का प्रयास किया था।

सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने भी खींवसर में आक्रामक प्रचार किया है। खींवसर विधानसभा सीट पर विधायक हनुमान बेनीवाल और मंडावा सीट पर भाजपा के नरेंद्र कुमार के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के कारण दोनों सीटें रिक्त हुई थीं और दोनों सीटों पर उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी। उपचुनावों के लिए चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। दोनों विधानसभा क्षेत्रों से 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। मंडावा में नौ और खींवसर में तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान 21 अक्तूबर को प्रातः सात बजे से प्रारंभ होकर सायं छह बजे तक चलेगा।

मंडावा सीट के लिए कुल 2,27,414 मतदाता हैं, जहां 259 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं खींवसर में कुल 2,50,155 मतदाताओं के लिए 266 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मंडावा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 60 व खींवसर में 121 संवेदनशील मतदान केंद्र चिह्नित किए गए हैं।



epaper.jansatta.com

मौसम

तापमान नई दिल्ली

अधिकतम– 33.2 डि.से. सूर्योदय– 6:25

न्यूनतम– 19.0 डि.से. सूर्यास्त– 17:47



## कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले अरविंद केजरीवाल

# सत्ता में आने से पहले ही साफ हो गया भाजपा का मंसूबा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा का मंसूबा सत्ता में आने से पहले ही साफ हो गया। पार्टी के एक नेता ने एक अखबार को दिए साक्षात्कार में साफ कर दिया कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर बिजली सबसिडी को खत्म कर दिया जाएगा। यह वही भाजपा के नेता हैं, जो खुद चार हजार यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली ले रहे हैं और जनता के दो सौ मुफ्त यूनिट से इनको तकलीफ हो रही है। अरविंद केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली के कृष्णानगर और पटपड़गंज जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन में यह बात कही।

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के एक बड़े नेता से साक्षात्कार के दौरान पूछा गया कि आम आदमी पार्टी सरकार ने बिजली सस्ती कर दी है, इस पर आपका क्या कहना है? इस पर इस नेता ने साफ कहा भाजपा की सरकार बनी तो बिजली सबसिडी को तत्काल खत्म कर देंगे। केजरीवाल ने कहा कि वह नेता राज्यसभा सदस्य हैं। बतौर सांसद उनको चार हजार यूनिट मुफ्त बिजली मिलती है। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि आपको चार हजार यूनिट मुफ्त बिजली मिल रही है तो कोई बात नहीं। मैंने आम



दिल्ली में हर रविवार को चलाए जा रहे डेंगू के खिलाफ अभियान के तहत अपने आवास पर पौधे का पानी बदलते मुख्यमंत्री केजरीवाल।

जनता को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त कर दी तो तकलीफ होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पता है कि महंगाई कितनी है। लोगों का घर चलाना कितना मुश्किल है। एक एक चीज कितनी मंहगी है। ऐसे में कोई बीमार हो जाए तो डाक्टर की फीस कितनी भारी पड़ती है। इसी कारण मोहल्ला क्लीनिक खोला जिससे लोगों को इलाज पर खर्च न करना पड़े।

## ‘जरूरत की जगह पर नहीं बनाए गए मोहल्ला क्लीनिक’

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

जो मोहल्ला क्लीनिक पहले खोले गए थे वे रखरखाव के अभाव में खस्ताहाल में हैं। यह आरोप दिल्ली कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाया है। कांग्रेस नेता डॉक्टर नरेश कुमार का कहना है कि जिन इलाकों में मोहल्ला क्लीनिक की जरूरत है, वहां नहीं खोले गए हैं। सावदा जेजे कॉलोनी में 30 हजार से अधिक लोग निवास करते हैं।

यहां से डिस्पेंसरी और अस्पताल भी दूर–दूर हैं। पर दिल्ली सरकार ने इस क्षेत्र के निवासियों की सुविधा के लिए कोई पहल नहीं की। उनका आरोप है कि कॉलोनी में मोहल्ला क्लीनिक खोले जाने के संबंध में एक बोर्ड जरूर लगा है। पर खोला नहीं गया है। वहीं, पूर्व विधायक जय किशन का आरोप है कि दिल्ली सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार आपस में मिले हुए हैं। आज मोहल्ला क्लीनिक में नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। कर्मचारियों की कमी है, जो डॉक्टर आते भी हैं। समय से पहले चले जाते हैं।

## बीबीए पाठ्यक्रम के लिए इग्नू और एमकेसीएल के बीच करार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने सेवा प्रबंधन में बीबीए पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए महाराष्ट्र नॉलेज कॉपोरेशन लिमिटेड (एमकेसीएल) के साथ करार किया है। करार का उद्देश्य युवा पेशेवरों के लिए सेवा प्रबंधन का स्नातक पाठ्यक्रम तैयार करना है और सेवा क्षेत्र में बेहतर रोजगार अवसर तलाशने में मदद करना है। पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रबंधन विद्यापीठ के तहत संचालित किया जाएगा।

पाठ्यक्रम में दाखिला कार्य करते हुए लिया जा सकेगा। इस मौके पर बोलते हुए एमकेसीएल के प्रबंध निदेशक विवेक सावंत ने कहा कि यह पाठ्यक्रम गांधीजी के नई तालीम की अवधारणा के अनुरूप होगा। इग्नू के कुलपति प्रो नागेश्वर राव ने कहा कि इस पाठ्यक्रम की सफलता नए रास्ते बनाएगी। एमओयू हस्ताक्षर करने के कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव, प्रतिकुलपति व प्रबंधन विद्यापीठ के प्राध्यापक उपस्थित थे।

### आइपी में चार पाठ्यक्रमों के लिए काउंसलिंग शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आइपी) विश्वविद्यालय चार पाठ्यक्रमों के लिए 22 अक्तूबर से पहले चरण की काउंसलिंग शुरू करेगा। इन पाठ्यक्रमों में बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी, बीएसएसी (एमएलटी), बैचलर ऑफ ऑडियोलॉजी एंड स्पीच पैथेलॉजी और बैचरल ऑफ ऑक्यूपेशनल थैरेपी शमिल हैं। जानकारी के मुताबिक उम्मीदवार जरूरी दस्तावेजों के साथ समय से द्वारका परिसर पहुंच जाएं।

## मिलीभगत और जमाखोरी से बढ़े प्याज के दाम : विजेंद्र

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि दिल्ली सरकार की मिलीभगत और जमाखोरी की वजह से प्याज की कीमतें बढ़ती जा रही हैं। आरोप लगाया कि जनता आज 60–80 रुपए प्रतिकिलो की दर से प्याज खरीदने को मजबूर है, जबकि केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार से 15.90 रुपए की दर से प्याज उपलब्ध कराने को कहा है। पर दिल्ली सरकार ने पहले प्याज खरीदने का ऑर्डर दिया, बाद में उसे रद्द करा दिया। इस दौरान विधायक ओम प्रकाश शर्मा, कपिल मिश्रा, अनिल वाजपेयी भी मौजूद रहे।

गुप्ता ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्याज की कमी के कारण दिल्ली में प्याज महंगी बेची जा रही है। केन्द्र सरकार ने दिल्ली सरकार को सितंबर में पत्र लिखकर भविष्य में बढ़ती कीमतों का अंदेशा बताया था। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता को 27 सितंबर को सोशल मीडिया के माध्यम से ट्वीट कर बताया कि 28 सितंबर से दिल्ली में सभी लोगों को प्याज बांटी जाएगी, लेकिन 28, 29 और 30 सितंबर के बाद भी जनता को प्याज नहीं मिली। प्याज का आर्डर केंद्रीय एजंसियों देने के बाद उसे 4 अक्तूबर को रद्द कर दिया।







सार्वजनिक घोषणा
भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 12(3) के साथ पठित विनियम 31(2) के अनुरूप)
के मामले में
मार्वल क्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड – परिसमापन में

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मार्वल क्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन के तहत) के मामले में परिसमापक के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने 14 अक्टूबर, 2019 को माननीय निर्णायक प्राधिकारी, एनसीएलटी, बैंच–VI, नई दिल्ली के समक्ष हितधारकों की सूची दायर की है। भारतीय दिवाला और ऋण अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन 2016 के विनियमन 12 (3) के रेगुलेशन 31 (2) के प्रावधान 2016 में पढ़े जाएँ।

निम्नलिखित हितधारक हैं:
1. लघु औद्योगिक विकास बैंक ऑफ इंडिया (एसआईडीबीआई) नई दिल्ली – वित्तीय लेनदार के रूप में
2. मैसर्स हंस फैब टैक्स, गुरुग्राम – ऑपरेशनल क्रेडिटर के रूप में
3. श्री अजय भसीन, सीडी के पूर्व निदेशक – शेयरधारक के रूप में

हितधारकों को आगे सूचित किया जाता है कि माननीय एनसीएलटी, बैंच–IV, नई दिल्ली के समक्ष दायर की गई हितधारक की सूची में प्रविष्टि के किसी भी संशोधन को केवल परिसमापक द्वारा माननीय एनसीएलटी के समक्ष एक आवेदन दाखिल करके और बैंच द्वारा निर्देशित तरीके से किया जा सकता है।

(महावीर प्रसाद जैन)
परिसमापक
मार्वल क्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड के मामले में
आईबीबीआई पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-P00894/2017-18/11491
पंजीकृत पता : एम–4, हर्ष हाउस, करमपुरा कमर्शियल काम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110015
पत्राचार का पता : ए/1–52, तीसरी मंजिल, पश्चिम विहार, नई दिल्ली–110063
ई–मेल : jain.mp54@gmail.com
दिनांक : 19.10.2019
स्थान : नई दिल्ली


## सभी विद्यार्थियों को 31 अक्तूबर तक मिल जाएगी पाठ्य सामग्री : एसओएल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के अधिकारियों का कहना है कि पहले सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को इस महीने के अंत तक पाठ्य सामग्री मिल जाएगी। अब तक 60 फीसद से अधिक विद्यार्थियों को छपी पाठ्य सामग्री वितरित की जा चुकी है।

एसओएल के ओएसडी प्रो रमेश भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए काफी प्रयास किए जा रहे हैं। इस साल से एसओएल और नॉन कॉलिजिएट फॉर वुमेन एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) में सेमेस्टर प्रणाली लागू हो चुकी है। इसके तहत एसओएल के अब तक 60 फीसद यानी 90 हजार विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री दे दी गई है। बाकी विद्यार्थियों को भी 31 अक्तूबर तक पाठ्य सामग्री दे दी जाएगी। इस साल एसओएल में बीकॉम प्रोग्राम, बीकॉम ऑनर्स, बीए अंग्रेजी ऑनर्स, बीए राजनीतिक विज्ञान ऑनर्स और बीए प्रोग्राम में कुल एक लाख 41 हजार विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। प्रोफेसर भारद्वाज ने बताया कि विवि अनुदान आयोग से मुक्त दूरस्थ शिक्षा की मान्यता अगले साल जुलाई तक निर्धारित है और हमें पिछले साल कहा गया था कि एसओएल में सेमेस्टर प्रणाली लागू करनी है। अगर ऐसा नहीं करते तो आगे विद्यार्थियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता और डिग्री की मान्यता पर भी संकट था।

ऐसे में इसी साल सेमेस्टर लागू करना जरूरी था। प्रोफेसर रमेश ने बताया कि जुलाई, 2019 में डीयू की कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक में एसओएल में सेमेस्टर प्रणाली की मंजूरी के बाद 17 अगस्त, 2019 को इससे जुड़े विभिन्न मुद्दों के सिलसिले में बैठक भी की गई। इसमें फैसला लिया गया कि एसओएल और एनसीवेब के लिए अलग परीक्षा शाखा बनाई जाएगी।

अभी डीयू में उत्तरी और दक्षिण दो परीक्षा शाखाएं हैं। अलग परीक्षा शाखा से परीक्षा के मूल्यांकन तेजी से होगा। वहीं, एसओएल के दक्षिण अध्ययन केंद्र में कक्षाएं लेने पहुंचे कुछ विद्यार्थियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें केंद्र में घुसने नहीं दिया गया जबकि उनके पास फीस की रसीद मौजूद थी। इतना ही वहां उपस्थित सुरक्षाकर्मियों ने विद्यार्थियों के साथ धक्का–मुक्की भी की।


फार्म नं. आईएनसी–26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केंद्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली बी–2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली–110003 के समक्ष यथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5) (ए) के मामले
और
गिरनार स्पिनटैक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(पहले –अमित स्पिनिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड)
(CIN: L17100DL1991PLC171468)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : ई–43/1, औखला फेस–II, नई दिल्ली–110020 में हैं, के मामले में
....आवेदक कंपनी/याचिकाकर्त्ता

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक वार्षिक आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु बृहस्पतिवार, 26 सितम्बर, 2019 को आयोजित बैठक में पंजीकृत कार्यालय को "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "महाराष्ट्र राज्य" में बदलने हेतु पारित किया गया।

यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी में इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्रपत्र फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज करें अथवा एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित/विपक्ष के आधार हों, कारण देते हुए, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली-110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय ई–43/1, औखला फेस–II, नई दिल्ली-110020 पर इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दें।

कृते गिरनार स्पिनटैक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(पहले–अमित स्पिनिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड)
जितेन्द्रकुमार गीतमचन्द चोपड़ा
(प्रबंधक निदेशक)
डीआईएन: 08196887
दिनांक: 21 अक्तूबर 2019
स्थान: नई दिल्ली







### 550वें प्रकाश पर्व पर तैयारियां

## गुरुद्वारा बंगला साहिब में बुजुर्गों और दिव्यांगों को नहीं होगी असुविधा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

गुरु नानक देव के 550वें जन्मदिन के मौके पर गुरुद्वारा बंगला साहिब में दिव्यांगजनों और वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए व्हील चेयर की संख्या बढ़ाने और विशेष चेयर लिफ्ट के निर्माण सहित कुछ विशेष सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी, जिससे वह मुख्य दरबार हॉल में आसानी से पहुंचकर प्रार्थना और अरदास कर सकेंगे। इनके अलावा अन्य इंतजाम भी गुरुद्वारे में किए जाएंगे। ताकि भीड़ में बुजुर्गों व दिव्यांग लोगों को असुविधा न हो।



दिल्ली सिख गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि 550वें प्रकाश पर्व के मौके पर की जा रही व्यवस्थाओं के तहत इन विशिष्ट श्रद्धालुओं के लिए गुरुद्वारे के सामने वाले हिस्से से मुख्य दरबार हॉल तक 20 लाख रुपए की लागत से एक नई लिफ्ट नवंबर तक शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनों में लगभग 35 हजार श्रद्धालु व दो हजार विदेशी पर्यटक गुरुघर में मत्था टेकने आते हैं। समिति को उम्मीद है कि नई और बेहतर सुविधाओं के साथ इस पवित्र स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में खासी बढ़ोतरी होगी। समिति की ओर से जारी बयान के मुताबिक, दिव्यांग और वृद्धजनों के लिए प्रसाद और लंगर पाने के भी अलग से खास इंतजाम किए जाएंगे। समिति ने दिव्यांग और वृद्ध संगत की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुरुद्वारा परिसर के ढांचे का नवीनीकरण करने का निर्णय किया है। गुरुद्वारा परिसर और दरबार हॉल में उनके सुगम आवागमन के लिए बैटरी से चलने वाली गाड़ी, पाथ–वे और रेलिंग की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही विशेष शौचालय और अन्य व्यवस्था की जाएगी।


प्रपत्र "ए"
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)
कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 10–03–1988 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | L63011DL1988GOI030915 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | कॉनकॉर भवन, सी–3, मथुरा रोड, अपोलो हॉस्पिटल के सामने, नई दिल्ली– 110044 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 15–10–2019 (आदेश की सूचना की तिथि 19–10–2019) |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि | 12–04–2020 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | सीए. सुरिन्दर कुमार IBBI/IPA-001/IP-P00043/2017-18/10117 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है। | 4704, अशोका एन्क्लेव, प्लॉट नंबर 8ए, सेक्टर–11, द्वारका, नई दिल्ली–110075 (भारत) ई–मेल : skjuneja65@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई–मेल | 4704, अशोका एन्क्लेव, प्लॉट नंबर 8ए, सेक्टर–11, द्वारका, नई दिल्ली–110075 (भारत) ई–मेल : containercirp@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 03–11–2019 |
| 12 | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप–धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई | कुछ नहीं |
| 13 | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम | लागू नहीं |
| 14 | (क) संबंधित प्रपत्र उपलब्ध है : | www.ibbi.gov.in/downloadforms.html तथा 4704, अशोका एन्क्लेव, प्लॉट नंबर 8ए, सेक्टर–11, द्वारका, नई दिल्ली–110075 पर |

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण ने दिनांक 15–10–2019 को कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के विरुद्ध कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।

कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण 03–11–2019 को अथवा पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम नंबर 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।

तिथि : 21–10–2019
स्थान : नई दिल्ली
हस्ता./–
(सीए. सुरिन्दर कुमार)

**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| अधिकतम | 32.5 डि.से. | 32.5 डि.से. | 32.1 डि.से. | 32.5 डि.से. |
| न्यूनतम | 19.0 डि.से. | 19.0 डि.से. | 18.0 डि.से. | 20.0 डि.से. |



### फरीदाबाद की नौ सीटों पर मतदान आज

# भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

अनूप चौधरी
फरीदाबाद, 20 अक्तूबर।

विधानसभा चुनाव प्रचार थमने के बाद फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र के नौ विधानसभा सीटों में अब मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में कई सीटों पर सीधा मुकाबला है। वहीं जननायक जनता पार्टी और एक निर्दलीय अपने क्षेत्र में काफी मजबूत स्थिति में है। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा लहर में इस संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस और भाजपा ने तीन-तीन सीटें जीती थीं, दो सीटों पर इंडियन नेशनल लोकदल और एक पर बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार जीते थे। हालांकि आम चुनाव में भाजपा ने प्रदेश में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर सभी दस लोकसभा सीटें जीत ली थी। मतदाता सोमवार को अपना विधायक चुनने के लिए वोट डालेंगे। नौ विधानसभा क्षेत्र में कुल 106 उम्मीदवारों में सिर्फ छह महिला उम्मीदवार हैं।

**तिगांव** : तिगांव में मुकाबला कांग्रेसी उम्मीदवार ललित नागर और भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर के बीच है। ललित नागर मौजूदा विधायक हैं, जबकि राजेश नागर पिछले विधानसभा चुनाव में मामूली अंतर से हारे थे। राजेश नागर अब मुकाबले में दिख रहे हैं। भाजपा प्रभारी और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यकर्ताओं की बैठक ले खास हिदायत दी कि वे अपने चहेतों को इस चुनाव में मुस्तैदी से लगा दें। यहां से 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**फरीदाबाद** : यहां उद्योग मंत्री विपुल गोयल का टिकट काटकर पार्टी के कोषाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता को प्रत्याशी बनाया है। इनका मुकाबला कांग्रेस के लखन कुमार सिंगला से है। इस क्षेत्र से जजपा समेत नौ उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। नरेंद्र गुप्ता पहली बार चुनाव में हैं जबकि लखन सिंगला पिछला विधानसभा चुनाव बल्लभगढ़ से लड़े थे और उन्हें 50 हजार से ज्यादा मतों से हार का मुंह देखना पड़ा था। जजपा ने यहां से सीही गांव के कुलदीप तेवतिया को अपना उम्मीदवार बनाया है।

**बल्लभगढ़** : भाजपा ने मौजूदा विधायक मूलचंद शर्मा पर दांव लगाया है। मूलचंद शर्मा का मुकाबला फरीदाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक आनंद कौशिक से है। इस सीट पर भी भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा भारी पड़ रहे हैं। यहां से पहले शारदा राठौर दो बार कांग्रेस की विधायक रह चुकी हैं। अब वह भाजपा के साथ हैं। बल्लभगढ़ से 11 उम्मीदवार मैदान में हैं।

**बडखल** : यहां से 10 उम्मीदवार मैदान में है पर मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में है। आम आदमी पार्टी, जजपा और इनेलो ने यहां से उम्मीदवार उतारे हैं। पर ये सब कांग्रेस और भाजपा का वोट काट रहे हैं। भाजपा ने यहां से मौजूदा विधायक सीमा त्रिखा पर एक बार फिर दांव लगाया है। वहीं कांग्रेस ने पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह के बेटे विजय प्रताप को पहली बार टिकट दिया है। जजपा ने यहां से एक मुसलिम को जबकि बसपा ने मनोज चौधरी को उम्मीदवार बनाया है और आम आदमी पार्टी ने धर्मवीर भड़ाना को उतारकर यह मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की है।

**एनआइटी** : भाजपा ने इनेलो से आए विधायक नागेंद्र भड़ाना को उम्मीदवार बनाया है। भड़ाना का भाजपा के पुराने कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने पूर्व मंत्री स्व. शिवचरण लाल शर्मा के बेटे नीरज शर्मा को टिकट दिया है। इस क्षेत्र से सबसे ज्यादा 18 उम्मीदवार मैदान में है। बसपा, जजपा और इनेलो के अलावा पूर्व विधायक चंदर भाटिया निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

**पृथला** : यहां 10 उम्मीदवार मैदान में है। पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा के टेकचंद शर्मा विधायक बने थे। शर्मा ने भाजपा उम्मीदवार नयनपाल रावत को एक हजार के मामूली अंतर से हराया था। टिकट के लालच में टेकचंद शर्मा कुछ महीने पहले ही भाजपा में शामिल हुए थे पर भाजपा ने उन्हें विधानसभा टिकट के लायक नहीं समझा। गुटबाजी के चलते नयनपाल रावत का टिकट काटकर सोहनपाल छोकर को भाजपा ने उम्मीदवार बना दिया। कांग्रेस ने अपने पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया को उतारा है। हालांकि यहां से जजपा की उम्मीदवार शशिबाला तेवतिया मैदान से हट गई हैं। इनेलो के नरेंद्र अत्रि चुनाव में डटे हुए हैं।

**पलवल** : भाजपा ने दीपक मंगला को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां से मौजूदा विधायक करण सिंह दलाल को उतारा है। करण दलाल यहां से 4 बार विधायक रह चुके हैं और चौधरी बंसीलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। हालांकि यहां से इनेलो, 'आप', जेजेपी समेत कई उम्मीदवार लोगों में अपनी पकड़ बनाने के प्रयास में है पर यहां भी मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में है।

**होडल (सुरक्षित)** : भाजपा ने जननायक जनता पार्टी से आए पूर्व मंत्री जगदीश नायर को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस बार सीधा मुकाबला उदयभान और जगदीश नायर में है। हालांकि आम आदमी पार्टी के करण डागर, जेजेपी के यशवीर और इनेलो के रामपाल लिखी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में है।

**हथीन** : यहां से 10 उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने पूर्व विधायक रामजी लाल डागर के बेटे प्रवीण डागर को उतारा है। कांग्रेस ने यहां से पूर्व संसदीय सचिव स्व. जलेब खान के बेटे इसराइल खान को टिकट दिया है। जजपा ने पूर्व मंत्री हर्ष कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है।

**2014 का हाल**

2014 के विधानसभा चुनाव में फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ने फरीदाबाद जिले में तीन सीटें फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और बडखल सीटें जीती थी। इनेलो ने एनआइटी फरीदाबाद, बसपा ने पृथला और कांग्रेस ने तिगांव क्षेत्र पर अपनी जीत दर्ज करवाई थी। पलवल जिले में, पलवल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के करण दलाल, होडल (सुरक्षित) सीट से उदयभान और हथीन विधानसभा से कहर सिंह रावत ने जीत दर्ज की थी।

**फरीदाबाद**
9 विधानसभा क्षेत्र
21,32,447 वोटर
106 उम्मीदवार
सत्ताधारी भाजपा का मुकाबला कांग्रेस, जजपा, आप और अन्य से

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कब और कैसे मिलेगा लाभ, तय होना बाकी

**आवास** विकास विभाग के दिशानिर्देश औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर नहीं होते हैं लागू, नए दिशानिर्देशों का इंतजार

आशीष दुबे
नोएडा, 20 अक्तूबर।

शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना की छूट दिखाकर फ्लैट खरीदारी को आकर्षक बताने वाले विज्ञापनों की वास्तविकता हकीकत से दूर है। योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईएडब्लूएस) में विकासकर्ता को केंद्र सरकार से डेढ़ लाख रुपए और राज्य सरकार की तरफ से एक लाख रुपए की सहायता का प्रावधान है। मामले की पड़ताल करने पर पता चला है कि योजना के जो दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, वह औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर लागू नहीं होते हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियांवयन के लिए औद्योगिक नीति पर आधारित नए दिशानिर्देशों का नोएडा प्राधिकरण को इंतजार है। यानी, औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाली छूट का फायदा कब और कैसे मिलेगा, यह तय होना बाकी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नोएडा प्राधिकरण के लिए 20 हजार आवास का लक्ष्य तय किया गया था। यह लक्ष्य 7 सितंबर 2018 को दिया गया था। शासन की तरफ से योजना क्रियांवयन के लिए आवास विकास विभाग के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए थे, लेकिन आवास विभाग के जो दिशा-निर्देश हैं वह औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर लागू नहीं होते हैं। इसके लिए प्राधिकरण ने योजना के निर्देशों को प्राधिकरण की भवन नियमावली (बिल्डिंग बॉयलाज) के क्रम में संशोधित कर जारी करने को कहा था। नए दिशानिर्देशों और योजना के क्रियांवयन के लिए प्राधिकरण ने 27 सितंबर 2018 को पत्र शासन को लिखा था। एक साल बीत जाने के बाद भी औद्योगिक प्राधिकरणों के लिए नए दिशानिर्देश जारी नहीं हुए हैं। प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक वर्तमान में यह कार्य नियोजन विभाग के पास है। उन्हें ही कार्य योजना तैयार करनी है। पहले चरण में नियोजन विभाग शहर में इन फ्लैटों को बनाने के लिए भूखंड निर्धारित करेगा। यह भी योजना है कि कुछ फ्लैटों की योजना को भी इसके साथ मिलाया जा सकता है। अलबत्ता यह सब नए दिशा-निर्देश जारी होने के बाद अमल में आएगा। प्राधिकरण की गत दिनों हुए 195वीं बोर्ड बैठक में भी योजना की कार्ययोजना तैयार करने के लिए नियोजन विभाग को कहकर रस्म अदायगी की गई। लेकिन नए दिशानिर्देश जारी होने के बाद ही वास्तविक स्तर पर काम हो पाएगा।

**बेदाग निजी विकासकर्ताओं की मदद लेने की होगी चुनौती**

वित्तीय संकट से जूझ रहे प्राधिकरण पर योजना बोझ न बने, इसलिए निजी विकासकर्ताओं को योजना के तहत निर्माण के लिए आमंत्रित किया जाना था। औद्योगिक प्राधिकरणों के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश नहीं मिल पाने की वजह से अभी तक जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं किया जा सका है। 2022 की समयावधि पूरी होने में कम समय बचा होने के चलते यहां के लाभार्थियों को योजना का लाभ दिला पाना प्राधिकरण के लिए चुनौती है। इसके अलावा क्षेत्र के अधिकांश विकासकर्ताओं पर प्राधिकरण का करीब 16 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। बकाएदार श्रेणी में शामिल विकासकर्ताओं से योजना के तहत निर्माण करवाना भी मुश्किल है।

## काम की तलाश में दिल्ली आई महिला से बलात्कार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

बिहार से काम की तलाश में दिल्ली आई महिला ने एक शख्स पर धर्म बदलकर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। पीड़िता संगम विहार में रहने वाले अपने रिश्तेदार के पास आई थी, जहां पर पड़ोस में रहने वाले शख्स ने पहले नौकरी और बाद में शादी का झांसा देकर महिला से बलात्कार किया। बाद में आरोपी पीड़िता को धमकाने लगा। पीड़िता ने परेशान होकर बीते महीने डोमेस्टिक थाना पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पप्पू उर्फ कमर आलम (35) को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, महिला का यह भी आरोप है कि मजबूरी का फायदा उठाकर देवली में एक गैर सरकारी संस्थान (एनजीओ) के संचालक ने भी उससे बलात्कार किया और उसका वीडियो बना लिया। आरोपी एक महिला की मदद से पीड़िता को धमका रही है। इस संबंध में जब पीड़िता थानें पहुंची तो उसे डोमेस्टिक थाना जाने की सलाह पुलिस ने दी। वहीं, दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता की शिकायत पर उचित कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, मूलरूप से बिहार की रहने वाली 26 साल की पीड़िता को पति ने 2011 में छोड़ दिया था। महिला का एक बेटा और एक बेटी है।

### युवती से सामूहिक बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

सनलाइट कॉलोनी थाना पुलिस ने सराय काले खां के समीप आइपी पार्क, बस अड्डे के पास गोवा की युवती से सामूहिक बलात्कार के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके लिए पुलिस ने सरया काले खां के आसपास रहने वाले 4000 भिखारियों से पूछताछ की थी। गिरफ्तार किए गए आरोपी ने अपने साथी कि साथ मिलकर युवती से 16 सितंबर की देर रात वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी की पहचान सराय काले खां निवासी अब्दुल खालिद उर्फ अब्दुल के तौर पर हुई है।

## जुआ खेलते 25 लोग गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

आंबेडकर नगर थाना क्षेत्र में जुआ खेलते हुए 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान राजकुमार, दीपक, अमरजीत, प्रभु दयाल, गुरुमीत सिंह, मुकेश, बाबू लाल, अनुराग, धुलीचंद, सुनील, संजय, राजेश, विकास, रहीस, दीपक, नदीम, जीतू, महेश, राहुल, राजन, राकेश, अशोक, जितेंद्र, आशीष और मोहम्मद अली के रूप में हुई है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीन ताश की गाड्डियां, 26 मोबाइल फोन और 1.88 हजार रुपए बरामद किए है।

## मेट्रो की वॉयलेट लाइन में आई खराबी ने यात्रियों को किया परेशान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

दिल्ली मेट्रो ने एक बार फिर मेट्रो यात्रियों को गच्चा दिया। त्योहारी मौसम में कामकाज की व्यस्तता व यातायात जाम के मौके पर दिल्ली मेट्रो की वॉयलेट लाइन पर रविवार सुबह आई तकनीकी खामी की वजह से यात्रियों को खासी मुश्किलें उठानी पड़ीं। दिल्ली को बल्लभगढ़ से जोड़ने वाली इस लाईन पर काफी बड़ी संख्या में लंबी दूरी के यात्री होते हैं। दिल्ली में त्योहारों की खरीदारी करने आने वाले यात्रियों ने बताया कि उन्हें ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) की वायलट लाइन पर सुबह अचानक गाड़ी एकदम से खड़ी हो गई। लोग कुछ समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर हुआ क्या है। देखते ही देखते स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी। सिर्फ एक घोषणा हो रही थी कि इस सेवा में थोड़ा विलंब होगा। लेकिन क्या दिक्कत है या सेवा में कितनी देर है या कब सेवा चलेगी यह कोई बताने वाला नहीं था।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुछ तकनीकी खामियों की वजह से बदरपुर बॉर्डर और कश्मीरी गेट स्टेशनों के बीच सेवाएं प्रभावित हुई हैं। डीएमआरसी ने सेवाओं में विलंब के बारे में ट्वीट भी किया। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि जल्दी ही सेवाएं बहाल कर ली गई।




### कांग्रेस की गंभीरता

दिल्ली कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं शीला दीक्षित के निधन के तीन महीने तक प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति न होने के बाद यह सवाल राजनीतिक हलकों में उठने लगा है कि क्या कांग्रेस पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने पर गंभीर है या किसी बहाने चुनाव से बाहर होने की तैयारी में है। लोकसभा चुनाव ने साबित कर दिया था कि अगर कांग्रेस के नेता थोड़ी भी गंभीरता से तैयारी करते तो वे मुख्य मुकाबले में बने रह सकते थे। दीक्षित जनवरी 2019 में प्रदेश अध्यक्ष बनी थीं। तब कहा गया कि पूर्व अध्यक्ष अजय माकन ने बीमारी के साथ-साथ आम आदमी पार्टी (आप) के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव न लड़ने के लिए दिया। बाद में पता चला कि वे ही समझौते के सबसे बड़े हिमायती और दीक्षित विरोधी थीं। अब यह साबित हो गया कि अगर कांग्रेस शुरू से अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी करती तो नतीजे बेहतर होते। दीक्षित को फेल करने के लिए उनके खिलाफ इस कदर हंगामा हुआ कि चपेटे में प्रभारी पीसी चाको भी आ गए। कभी पितृपक्ष के बहाने तो कभी दूसरे विधानसभा चुनाव के बहाने प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा टलती रही है। यह उस समय हो रहा है जब 'आप' और भाजपा जनवरी फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं। इसीलिए कहा जाने लगा है कि कांग्रेस नेतृत्व दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए गंभीर है भी या नहीं।

### भाजपा की लड़ाई

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगे भाजपा नेताओं में काफी समय से मुख्यमंत्री बनने की होड़ लगी हुई है। भाजपा के वोट बैंक विस्तार के लिए तीन साल पहले प्रदेश अध्यक्ष बने मनोज तिवारी मुख्यमंत्री के उम्मीदवार न बन पाएं, इसके लिए अनेक नेता सक्रिय हैं। तिवारी के सलाहकार इस कदर उन्हें डराए हुए हैं कि वे हर बात को गंभीरता से लेते हैं। पिछले दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके खिलाफ और पूर्वांचल के प्रवासियों के खिलाफ टिप्पणी की। बताया गया कि पार्टी नेतृत्व ने एक बड़े नेता को उस पर प्रतिक्रिया देने को कहा, लेकिन तिवारी ही पूरे दिन चैनलों को अपना पक्ष देते रहे। हालात यह हो गए कि दोपहर बाद हुए भाजपा की प्रेस कान्फ्रेंस करने वाले नेता को अपनी बात छपवाना भारी पड़ गया।

### 'सपना' टूट गया

चुनावी दौड़ भाग शुरू होने से पहले ही भाजपा का 'सपना' टूट गया। दरअसल एक लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी में हरियाणवी कलाकार सपना चौधरी के आने की खबरें चल रही थीं। सूत्र बताते हैं कि सपना पार्टी से टिकट की भी दावेदारी कर चुकी थीं। इस वजह से लंबे समय से इस नाम पर केवल विचार ही चल रहा था। हालत यहां तक हुई की तीन से चार बार सपना के आने की खबरें चलाई गईं लेकिन उन्होंने भाजपा में आने की खबरों की कोई पुष्टि नहीं की। वे पार्टी के नेताओं के साथ जरूर नजर आई थीं। अब जब हरियाणा व महाराष्ट्र के चुनाव सामने आए हैं तो इन राज्यों में सपना दूसरी पार्टी के नेताओं के साथ मंच सांझा करती नजर आ रही हैं। इसे सीधे भाजपा के सपने के टूटने से जोड़ा जा रहा है।

### आंकड़ों में असमानता

दिल्ली में दीपावली से ठीक पहले प्रदूषण का मसला गर्म है। प्रदूषण के लिए विभिन्न जांच एजंसियों के आंकड़ों में ही कोई समानता नजर नहीं आ रही है। इस मुद्दे ने आम आदमी पार्टी को केंद्र सरकार को घेरने का एक और हथियार थमा दिया है। इसकी आड़ में आम आदमी पार्टी न सिर्फ दिल्ली के प्रदूषण के लिए हरियाणा व उत्तर प्रदेश को घेरती नजर आ रही है बल्कि जनता के बीच अपना पक्ष भी जोरदार तरीके से रख रही है। अब तक पार्टी केवल दिल्ली में भाजपा को मुख्यमंत्री पद का दावेदार नहीं होने की वजह से घेर रही थी और कई नामों को लेकर पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर रही थी। इस कार्ड को भी खत्म कर आम आदमी पार्टी ने एक और नया कार्ड बाजार में उतार दिया है जिसमें भाजपा के सर्वे के आधार पर 'आप' नेता पार्टी की राजनीतिक स्थिति खराब होने का हवाला देते नजर आ रहे हैं। इससे पार्टी में अंदुरूनी घमासान फिर से शुरू हो गया है।

### बदमाश मस्त, पुलिस पस्त

राजधानी में बदमाश मस्त और पुलिस पस्त नजर आ रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी से बैग झपटमारी करने वाले बदमाशों को पकड़ने में पुलिस को दो दिन का समय लग गया। उसके बाद भी राजधानी के कई पॉश इलाकों में झपटमारी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। भले ही दिल्ली पुलिस दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर वाहावाही लूटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रही थी, लेकिन आम लोगों का आरोप है कि मामला हाई प्रोफाइल होने की वजह से पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और बदमाशों को पकड़ भी लिया, लेकिन यही मामला किसी आम आदमी से जुड़ा होता तो पुलिस कार्रवाई के नाम पर केवल मामला दर्ज करती है और बदमाशों को पकड़ने की बजाय पीड़ित को केवल आश्वासन दिया जाता है। बीते दिनों बदमाशों ने दिल्ली के दिल कहे जाने वाले कनॉट प्लेस में एक वायुसेना के अधिकारी का बैग झपट लिया था। इसी तरह दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के सचिव का बदमाशों ने बीते दिनों मोबाइल फोन झपट लिया था। दोनों ही मामलों में पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर केवल शिकायत ही दर्ज की है। देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि पुलिस दोनों में शामिल बदमाशों को कब तक पकड़ने में सफल होती है।

### एनजीटी की सख्ती

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर में कमी लाने की चौतरफा कवायद के बीच ईपीसीए और एनजीटी की सख्ती जारी है। बावजूद इसके मकान व इमारतों का निर्माण कार्य भी नोएडा में इन दिनों जोरों शोरों से जारी है। इन दोनों विरोधाभारी परिस्थितियों के बीच एनजीटी के निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी जमकर प्रशासनिक अधिकारी लगा रहे हैं। 15 अक्तूबर से लागू हुए ग्रेप के तहत शनिवार तक करीब 4:60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जा चुका है। इन दिनों निर्माण रोक के बीच घर या इमारत बनने के सवाल का जवाब अमूमन कोई नहीं दे रहा है, लेकिन ज्यादातर जगहों पर दिन में निर्माण बंद दिखने वाले स्थलों पर दिन ढलते ही गहमा-गहमी बढ़ जाती है। रात करीब नौ बजे से तड़के तक यहां पर काम जारी रह रहा है। निर्माण करने वाले रात में काम की मंजूरी मिली होने का दावा कर बेखौफ होकर धूल-मिट्टी उड़ाते हुए अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।

*-बेदिल*

## खबरों में शहर

### सीपीजे कॉलेज में 'उल्लास 2019' का आयोजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से संबद्ध सीपीजे कॉलेज नरेला ने 24 अक्तूबर को दीवाली कार्निवल 'उल्लास 2019' का आयोजन किया है। इस वार्षिक आयोजन के बारे में कॉलेज के महानिदेशक युगांक चतुर्वेदी और महासचिव डॉ अभिषेक जैन ने एक बयान में कहा कि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष चंद जैन और मुख्य अतिथि राष्ट्रीय बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन के अध्यक्ष प्रो केके अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम में गीत, संगीत, नृत्य, खेल और बच्चों के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

### स्वास्थ्य मेले का समापन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

राजधानी में चल रहे 26वें परफेक्ट हेल्थ मेले का रविवार को समापन हो गया। तीन दिवसीय यह आयोजन केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय सहित दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के सहयोग से आयोजित हुआ था। इस अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से एंटीबायोटिक के रजिस्टेंस पर एक मुहिम शुरू की गई। इसके तहत हजारों लोगों को संकल्प दिलवाया गया कि वे बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक का सेवन नहीं करेंगे। चिकित्सकों ने भी इन दवाओं को तभी लिखने का वादा किया जब अत्यंत आवश्यक हो। आयोजन को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी इस कार्यक्रम को लोगों का सहयोग मिला। स्वयंसेवी संस्था हार्ट केयर फाउंडेशन की ओर से लगाए गए स्वास्थ्य मेले की थीम 'फिट दिल्ली फिट इंडिया' तय की गई थी।

### कार डिवाइडर से टकराई, दो की मौत, एक घायल

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 20 अक्तूबर।

सेक्टर-47 में नर्सरी चौराहे पर रविवार तड़के एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइजर से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल में भर्ती है। तीनों युवक एक ट्रेवल्स कंपनी में नौकरी करते थे। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने शवों का पोस्टमॉर्टम कराया है। मृतकों के परिजन भी नोएडा पहुंच गए हैं।

### प्रीपेड मीटर से रखरखाव शुल्क काटने पर विरोध

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 20 अक्तूबर।

बिल्डर की मनमानी के खिलाफ रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित हिमालय प्राइड सोसायटी के निवासियों ने कॉलोनी के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया। निवासियों ने आरोप लगाया कि बिल्डर अधिक रखरखाव शुल्क (मेंटिनेंस चार्ज) की मांग कर रहा है। बढ़े हुए मेंटिनेंस शुल्क को प्रीपेड मीटर से काट लेता है। इस शुल्क के काटे जाने पर बिजली बिल न जमा हो पाने पर निवासियों के घर की बिजली भी काट दी जा रही है। खरीदारों के संगठन नोएडा एक्सटेंशन फ्लैट ऑनर्स मेन एसोसिएशन (नेफोमा) के पदाधिकारियों ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बिजली के प्रीपेड मीटर से मेंटिनेंस शुल्क की वसूली यूपीआरसी नियम के खिलाफ है। इसकी शिकायत बिजली वितरण कंपनी एनपीसीएल से की जाएगी।

### जामिया: दीक्षांत समारोह में 360 को मिलेगा स्वर्ण पदक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया 30 अक्तूबर को अपना दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है। इस समारोह में 5000 से ज्यादा विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी जिनमें 360 स्वर्ण पदक विजेता भी शामिल हैं। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे। जामिया 29 अक्तूबर को स्थापना के 99 साल पूरे कर रहा है। सौवें साल में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाया जा सकता है।

जामिया के जनसंपर्क अधिकारी अहमद अजीम ने बताया कि 2017 और 2018 में पास हुए विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में उपाधि और पदक दिए जाएंगे।

## आज के कार्यक्रम

**सभा/संगोष्ठी**

**इंडिया हेबीटाट सेंटर** : कहानी राम-ए-हिंद की नामक उर्दू कार्यक्रम, अमलतास सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

**नृत्य**

**इंडिया हेबीटाट सेंटर**: कथक, भरतनाटयम और कुचीपुड़ी नृत्य कार्यक्रम, द स्टेन सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

# जम्मू-कश्मीर से अपने क्षेत्र में भेजे जाएंगे लद्दाख मूल के पुलिसकर्मी

## नया लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश 31 अक्तूबर को अस्तित्व में आ जाएगा

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (भाषा)।

कश्मीर और जम्मू क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर कार्यरत लद्दाख के 380 से अधिक पुलिसकर्मियों को शीघ्र ही लद्दाख स्थानांतरित किया जाएगा और उन्हें नए केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नया लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश 31 अक्तूबर को अस्तित्व में आ जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू कश्मीर पुलिस की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत पुलिसकर्मियों के तबादले को मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'लद्दाख मूल के करीब 385 पुलिसकर्मियों के तबादले को मंजूरी दे दी गयी है और वे नये केंद्रशासित प्रदेश के अंतर्गत काम करेंगे। नया केंद्रशासित प्रदेश 31 अक्तूबर को अस्तित्व में आ जाएगा।' ये पुलिसकर्मी लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश पुलिस के साथ काम करेंगे। लद्दाख केंद्र शासित पुलिस सीधे गृह मंत्रालय के अंतर्गत रहेगी।

कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर रैंक तक के इन पुलिसकर्मियों को चंडीगढ़ एवं अंडमान निकोबार द्वीप समूह जैसे अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिसकर्मियों के जैसे वेतन एवं भत्ते मिलेंगे। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की पुलिस एवं कानून व्यवस्था उपराज्यपाल के प्रत्यक्ष नियंत्रण में होगी और केंद्र उपराज्यपाल के माध्यम से इस ऊंचाई वाले क्षेत्र का प्रशासन चलाएगा।

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के अनुसार लद्दाख की विधानसभा नहीं होगी। यह अधिनियम कहता है कि जम्मू-कश्मीर के वर्तमान राज्य के आइएएस और आइपीएस नियुक्ति दिवस 31 अक्तूबर को और उस दिन से वर्तमान कैडरों के अंतर्गत काम करते रहेंगे। लेकिन भविष्य में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों में नियुक्त किए जाने वाले अखिल भारतीय सेवा अधिकारी अरुणाचल, गोवा, मिजोरम, केंद्र शासित प्रदेश कैडर से होंगे, जो केंद्र शासित प्रदेश कैडर के नाम से चर्चित है।

पांच अगस्त को केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को प्राप्त विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर दिया था और उसे जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया था।

## उत्तराखंड : चट्टान गिरने से आठ लोगों की मौत

देहरादून, 20 अक्तूबर (भाषा)।

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के चंडिकाधार में पहाड़ी से मलबा गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, हादसा शनिवार देर रात हुआ, जब पहाड़ी से गिरे मलबे के साथ एक भारी बोल्डर एक वाहन और दो मोटरसाइकिलों पर आ गिरा। हादसा इतना जबरदस्त था कि मलबे के साथ ही वाहन करीब 500 मीटर गहरे खड्ड में जा गिरा। इस हादसे में पांच व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

रुद्रप्रयाग के क्षेत्राधिकारी गणेश कोली ने बताया कि अब तक चल रहे बचाव और राहत अभियान में चार शवों को मलबे से निकाल लिया गया है जबकि पांचवें शव को निकालने का प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि चट्टान कड़ी होने के कारण बचाव और राहत कार्य में परेशानी आ रही है और उसे तोड़ने के लिए भारी मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 28 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

## इनमें से चार के सिर पर इनाम घोषित था

दंतेवाड़ा, 20 अक्तूबर (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को 28 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से चार के सिर पर इनाम थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 340 किलोमीटर दूर काटेकल्याण इलाके में नव-सृजित चिकपाल पुलिस शिविर में नक्सलियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष हथियार डाल दिए।

पल्लव ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादियों के 'पलटन संख्या 22' के सदस्य मंगलु मदकामी और काटेकल्याण के स्थानीय संगठन के दस्ते के सदस्य बमन कवासी के सिर पर 2-2 लाख रुपए का इनाम था। एसपी ने बताया, 'दो अन्य नक्सलियों में, हांडा नाम के एक नक्सली और नक्सलियों के सांस्कृतिक संगठन चेतना नाट्य मंडली की एक स्वयंभू कमांडर महिला नक्सल पोडियामी गंगी हैं, जिनके सिर पर एक-एक लाख रुपए का इनाम था। बाकी, 24 जन मिलिशिया कैडर हैं।' पल्लव ने बताया कि उन्होंने पुलिस से कहा है कि माओवादी विचारधारा से मोहभंग होने और अपने क्षेत्रों में विकास देखने की इच्छा के कारण उन्होंने आत्मसमर्पण किया।

एसपी ने बताया कि सभी 28 लोगों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 10-10 हजार रुपए दिए गए और राज्य सरकार के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत उन्हें और अधिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# असहमति जताने के शालीन तरीके सीखने चाहिए : धनखड़

कोलकाता, 20 अक्तूबर (भाषा)।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान का सुनहरा उपहार है और इसके लिए किसी भी तरह की असहिष्णुता देश के लोकतांत्रिक तानेबाने को नष्ट कर सकती है। धनखड़ की यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रवक्ता सनमय बंदोपाध्याय की गिरफ्तारी के बाद आई है। तृणमूल कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोशल मीडिया पर कथित रूप से आलोचना करने के बाद बंदोपाध्याय के खिलाफ यह कार्रवाई की गई थी।

राज्यपाल का तृणमूल कांग्रेस सरकार के साथ उस वक्त से टकराव चल रहा है, जब उन्होंने केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो को यहां यादवपुर विश्वविद्यालय के आंदोलनकारी छात्रों के घेराव से बचाया था। राज्यपाल ने किसी भी मुद्दे पर असहमति के लिए शिष्ट तरीके अपनाने की अपील की।

राज्यपाल ने किसी का नाम लिये बिना कहा, 'अपने विचारों की अभिव्यक्ति संविधान का एक सुनहरा उपहार है और किसी भी रूप में इसकी असहिष्णुता लोकतंत्र के लिए विनाशकारी है। आइए एक-दूसरे से असहमति जताने के सभ्य तरीके सीखें। संगठित ढांचा वाले तंत्र द्वारा असहिष्णुता बहुत ही चिंताजनक है।' पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में 30 जुलाई को पदभार संभालने वाले धनखड़ ने पिछले महीने सुप्रियो को यादवपुर विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय में आंदोलनकारी छात्रों के एक वर्ग से बचाया था, जिन्होंने केंद्रीय मंत्री को एबीवीपी के एक कार्यक्रम में जाने से रोकने की कोशिश की थी।

गुरुवार को बंदोपाध्याय की गिरफ्तारी से बंगाल के सभी प्रमुख विपक्षी दलों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। भाजपा के कुछ नेता उनके साथ एकजुटता जाहिर करने के लिये शनिवार को उनके आवास पर गए। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के कदम की निंदा की थी और कहा था, 'बंदोपाध्याय की गिरफ्तारी उच्च स्तर की असहिष्णुता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। सनमय को राज्य सरकार की आलोचना करने के लिए उनके घर से गिरफ्तार किया गया था।' चौधरी ने कहा, 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर इस तरह का हमला हमें सरकार का विरोध करने से नहीं रोक सकता। हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर इस तरह के अलोकतांत्रिक हमले की निंदा करते हैं।'

## भारतीय परंपराओं को नई शिक्षा नीति का हिस्सा बनाना जरूरी : नायडू

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (भाषा)।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बुजुर्गों के प्रति बुरे बर्ताव को सामाजिक बुराई बताते हुए कहा है कि युवा पीढ़ी को इस बुराई से दूर रख कर देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए भारतीय सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और इनके इतिहास को नई शिक्षा नीति का हिस्सा बनाना जरूरी है।

## पेट्रोल पंप कर्मचारियों से लूटे 5.85 लाख रुपए

मुरैना (मध्य प्रदेश), 20 अक्तूबर (भाषा)।

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के जोरा कस्बा स्थित एक पेट्रोल पंप की दिनभर की बिक्री से मिले करीब 5.85 लाख रुपए मालिक को उसके घर में देने जा रहे दो कर्मचारियों से तीन बदमाशों ने कथित तौर पर लूट लिए। यह घटना जोरा कस्बे की देवी मंदिर रोड पर शनिवार की शाम करीब 7 बजे हुई। जोरा पुलिस थाना प्रभारी नरेंद्र शर्मा ने रविवार को बताया कि मनीष पेट्रोल पंप के सेल्समैन गिरिराज शाक्य एवं हरिओम दिनभर की बिक्री से मिली रकम करीब 5.85 लाख रुपए देने शनिवार शाम मालिक के घर मोटरसाइकिल से जा रहे थे।

# वक्त पर नहीं पहुंच रही एक भी रेलगाड़ी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

एक तरफ तो सरकार ने यात्रियों को बेहतर सुख-सुविधा देने वाली निजी क्षेत्र की महंगी तेजस रेलगाड़ी शुरू की है तो दूसरी तरफ पहले से चल रही तमाम रेलगाड़ियों का वक्त पर पहुंचने का औसत (पंक्चुअलिटी परफार्मेंस) लगातार खराब हुआ है। साधारण यात्री गाड़ियों का ही नहीं राजधानी, शताब्दी, गरीब रथ व सुविधा श्रेणी जैसी सुपर फास्ट रेलगाड़ियों का प्रदर्शन भी सुधरने के बजाए खराब ही रहा है। सूचना के अधिकार के कानून के तहत मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे ने खुद इस खामी को स्वीकार किया है।

मध्य प्रदेश के आरटीआइ कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने रेलवे मंत्रालय से विभिन्न श्रेणी की रेलगाड़ियों के पिछले चार वित्तीय वर्षों में पंक्चुअलिटी परफार्मेंस के बारे में जानकारी मांगी थी। उन्हें इसी महीने जो जवाब मिला उसे देखकर उन्हें हैरानी हुई। वर्ष 2017-18 के दौरान मेल और एक्सप्रेस गाड़ियों का यह परफार्मेंस 71.39 फीसद था। इसी अवधि में यात्री गाड़ियों का यह आंकड़ा 72.66 फीसद था। लेकिन अगले साल यानी 2018-19 में मेल व एक्सप्रेस गाड़ियों का पंक्चुअलिटी परफार्मेंस घट कर 69.23 फीसद और साधारण यात्री गाड़ियों का 67.53 फीसद रह गया। साफ है कि वक्त पर रेलगाड़ियों को चलाने के सरकारी दावे खरे साबित नहीं हुए।

राजधानी, शताब्दी, गरीब रथ और सुविधा श्रेणी वाली सुपर फास्ट रेलगाड़ियों को रेलवे वरीयता देता है। लेकिन पंक्चुअलिटी परफार्मेंस की कसौटी पर ये भी बेहतर करने के बजाए खराब की तरफ ही चली हैं। मसलन, 2017-18 में गरीब रथ का आंकड़ा 61.55 फीसद था जो अगले वित्तीय वर्ष में घटकर 59.60 फीसद ही रह गया। चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले चार वर्षों में किसी भी श्रेणी की रेलगाड़ियों का पूर्व निर्धारित समयानुसार चलने और गंतव्य तक पहुंचने का औसत सौ फीसद तो दूर नब्बे फीसद तक भी नहीं पहुंच पाया।


**सार्वजनिक घोषणा**

(भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 31(2) के साथ पठित विनियम 12(3) के अधीन)

**सिद्धि विनायक पावर जनरेशन एंड डिस्ट्रिब्यूटर्स प्रा. लि. के मामले में**

भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 31(2) के अनुसरण में एतदद्वारा सार्वजनिक घोषणा की जाती है कि **सिद्धि विनायक पावर जनरेशन एंड डिस्ट्रिब्यूटर्स प्रा. लि.** (परिसमापन के अधीन) के हितधारकों की सूची माननीय एनसीएलटी बेंच, नई दिल्ली के पास 15.10.2019 को प्रस्तुत की जा चुकी है। जिसे कि नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से देखा जा सकता है
https://drive.google.com/open?id=1vUhvxtOPe6AXAHnWZxRv7ifwTc_HcpYl

(निलेश शर्मा)
परिसमापक
सिद्धि विनायक पावर जनरेशन एंड डिस्ट्रिब्यूटर्स प्रा. लि. के मामले में
Ibbi रजि. नंबर : IBBI/IPA-002/IP-N00104/2017-18/10232
ईमेल: svinayakliquidation@gmail.com; nilesh.sharma@witworthipe.com
पता: डी-54, प्रथम तल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024
सम्पर्क : 011-40567644/01141320061

तिथि : 21.10.2019
स्थान - नई दिल्ली



**प्रपत्र सं. आईएनसी-25ए**
**सार्वजनिक कम्पनी का प्राईवेट कम्पनी में रूपांतरण के लिए**
**समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिये विज्ञापन**
**माननीय क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष**
**कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के मामले में**
**तथा**
**मै. सुमंगल इन्फ्राटेक लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय है: जी एफ-23, पर्ल्स ऑमेक्स टावर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034, के मामले में।**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी उपरोक्त नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अंतर्गत केंद्र सरकार के पास एक आवेदन करने के लिये इच्छुक है तथा ऐसे रूपांतरण को प्रभावी करने के लिये कम्पनी को सक्षम बनाने के लिए 19 अक्टूबर, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी को एक प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में रूपांतरित करने के लिए इच्छुक है।

कंपनी की स्थिति में इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे उसके नीचे वर्णित पते पर पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 के पास जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें: **मै. सुमंगल इन्फ्राटेक लिमिटेड**
**जी एफ-23, पर्ल्स ऑमेक्स टावर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034**

कृते एवं के लिये
सुमंगल इन्फ्राटेक लिमिटेड
हस्ता./-विनीत गर्ग
निदेशक
DIN: 00755447

तिथि: 21.10.2019
स्थान: नई दिल्ली



**प्रपत्र ख**
**सार्वजनिक घोषणा**
**[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 12 के अधीन]**
**ओसिल एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के हितधारकों के अवधानार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम | **ओसिल एक्सपोर्ट्स लिमिटेड** |
| 2 | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 01.04.2008 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज-दिल्ली |
| 4 | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U1810HR2008PLC037781 |
| 5 | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | पंजीकृत कार्यालय : 80 माइल स्टोन, जी.टी. रोड, जट्टीपुर, पानीपत-132103 |
| 6 | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया की अन्तिम तिथि | 16.10.2019 |
| 7 | कार्पोरेट देनदार के परिसमापन के आरंभन की तिथि | 17.10.2019 |
| 8 | परिसमापक के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम तथा पंजीकरण संख्या | **कँवल गोयल** **पंजीकरण सं.** IBBI/IPA-002/IP-N00007/2016-17/10007 |
| 9. | बोर्ड के साथ पंजीकृत के रूप में परिसमापक का पता तथा ई-मेल | पंजीकृत पता : ई-10ए, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली-110048 **ई-मेल** : aaa@aaainsolvency.com |
| 10 | परिसमापक के साथ होने वाले पत्राचार हेतु प्रयोग में लाया जाने वाला पता तथा ई-मेल | पत्राचार का पता : ई-10ए, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली-110048 osil.exports@aaainsolvency.com kanwal.goyal@aaainsolvency.com दूरभाष नं. : 011-46664600 |
| 11 | दावे प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 16.11.2019 |

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, चण्डीगढ़ पीठ ने **दिनांक** 17.10.2019 को **ओसिल एक्सपोर्ट्स लिमिटेड** के परिसमापन का आदेश दिया है।

एतद्वारा **ओसिल एक्सपोर्ट्स लिमिटेड** के हितधारकों को कारपोरेट ऋणशोधन समाधान प्रक्रिया के दौरान **मद सं.** 10 के सम्मुख उल्लिखित परिसमापक के पते पर प्रमाण सहित अपने दावे अथवा दावों के अपडेट 16.11.2019 को या इससे पूर्व प्रस्तुत करने का आह्वान किया जाता है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दण्डनीय होगी।

कँवल गोयल
साझेदार
एएए इनसॉल्वेन्सी प्रोफेशनल एलएलपी
पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00007/2016-17/10007
ई-मेल आईडी : kanwal.goyal@aaainsolvency.com

दिनांक : 19.10.2019
स्थान : नई दिल्ली



**देवन हाउसिंग फाइनांस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** (DHFL)
राष्ट्रीय कार्यालय: एचडीआईएल टावर, 8वाँ तल, अनंत काणेकर मार्ग, बान्द्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
अंचल कार्यालय: डीएचएफएल, 503-505 तल, एयरेन हाइट्स एससीएच नं. 54, पीयू-3, विजय नगर, इंदौर 452010

**परिशिष्ट IV कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

**जैसा कि,** वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत देवन हाउसिंग फाइनांस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी ने यहां नीचे वर्णित ऋणधारक/(कों)/ गारन्टर(रों) को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/गारन्टरों तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय उस पर ब्याज के साथ यहां नीचे वर्णित राशि के लिए डीएचएफएल के चार्ज के अधीन होगा।

| ऋणधारक(कों)/गारन्टर(रों) का नाम | प्रतिभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति का विवरण) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|
| (एलसी नं. 00000697/झाँसी शाखा) कुसुम रायकवर (ऋणधारक) अर्जुन रायकवर (सह-ऋणधारक) | सम्पत्ति अरजी नं. 90, मौजा नयागाँव शिवपुरी, ग्वालियर बाई पास हाईवे, निकट डी.डी. विजन डिग्री कॉलेज झाँसी, उ.प्र.-284003 | 18.2.2019 रु. 12,02,456/- (रुपए बारह लाख दो हजार चार सौ छप्पन मात्र) के लिए | 17.10.2019 |
| (एलसी नं. 00000011/झाँसी शाखा) बृजेश कुमार शर्मा (ऋणधारक) विभूति शर्मा (सह-ऋणधारक) | सम्पत्ति मकान सं. 586, वार्ड नं. 47, खांडेराव गेट के बाहरी भाग में, गायत्री मंदिर के निकट, झाँसी, उ.प्र.-284001 | 29.01.2019 रु. 20,19,920/- (रुपए बीस लाख उन्नीस हजार नौ सौ बीस मात्र) के लिए | 17.10.2019 |

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
देवन हाउसिंग फाइनांस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

तिथि: 21.10.2019
स्थान: झाँसी



**इण्डियन ओवरसीज बैंक INDIAN OVERSEAS BANK**
शाखा: भिवानी घंटा घर चौक, भिवानी
फोन: 01664-242122, ई-मेल: iob0325@iob.in

**[देखें नियम 8(1)] कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये) [देखें नियम 8(1)]**

**जैसा कि,** वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत इंडियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 9.5.2019 जारी कर नीचे वर्णित ऋणधारकों/मार्टगैजरों/गारन्टरों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक, इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/मार्टगैजरों/गारन्टरों तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि **आज, 18 अक्टूबर,** 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय उस पर आगे के ब्याज, लागत आदि सहित यहां नीचे वर्णित राशि के लिये इंडियन ओवरसज बैंक, शाखाः भिवानी, घंटाघर चौक, भिवानी के चार्ज के अधीन होगा।

| ऋणधारक/गारन्टर का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि | मांग सूचना तिथि 9.5.2019 कब्जा की तिथि: 18.10.2019 |
|---|---|---|---|
| श्री नवीन सिंह/मै. मॉडर्न चौधरी एग्रीकल्चर स्टोर (लोहार बाजार, भिवानी-127021) | 1. पंजीकरण उप-जिला भिवानी तथा जिला भिवानी के भीतर सर्वे नं. **निल**/सिटी अथवा टाउन सर्वे नं. **निल**, खसरा नं. **निल** अथवा एम.सी. यूनिट नं. एस-524, पंचायती गेट, लोहार बाजार, भिवानी में फ्लैट नं. **निल** से शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः चौधरी एग्रीकल्चर स्टोर की सम्पत्ति, दक्षिणः श्री मोहन एवं श्री रमेश का मकान, पूर्वः अन्य सम्पत्ति, पश्चिमः मैन रोड 2. पंजीकरण उप-जिला भिवानी तथा जिला भिवानी के भीतर राजस्व सम्पदा भिवानी लोहार बाजार, भिवानी में स्थित सर्वे नं. **निल**/सिटी अथवा टाउन सर्वे नं. निल, खसरा नं. 32//24/2 (2-18), 32//23 (3-7) अथवा 2 कनाल 4¼ मरला 177/500वाँ शेयर क्षेत्रफल माप 6 कनाल 5 मरला का, खेवत नं. 1923, खतोनी नं. 2264, 2265 में खाली प्लॉट नं. निल में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः श्रीमती रेणु, पत्नी श्री मुकेश का मकान, दक्षिणः मैन हांसी रोड, पूर्वः पीडब्ल्यूडी की सम्पत्ति, पश्चिमः रास्ता। | रु. 88,44,442.56 + देय अन्डेबिटेड ब्याज के साथ भुगतान की तिथि तक अनुबंधित दरों एवं रेस्ट्स पर आगे का ब्याज | 9.5.2019 कब्जा की तिथिः 18.10.2019 |

तिथि: 21.10.2019, स्थान: भिवानी
प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन ओवरसीज बैंक



**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**
शाखा कार्यालय : एनआईटी-5, फरीदाबाद (नीलम सिनेमा हॉल के पीछे), दूरभाष : 0129-2415880, ई-मेल : bo0167@pnb.co.in

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) [नियम 8(1) देखें]**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का आदेश 3) की वित्तीय अस्तियों एवं प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में पंजाब नैशनल बैंक का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते सूचना में प्रत्येक खाते के सम्मुख उल्लिखित राशि का पुनर्भुगतान कथित सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहते हुए कर्जदार/रों के पास प्रत्येक खाते के सम्मुख अंकित तिथि को एक माँग सूचना निर्गत की थी।

कर्जदार(रों) के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण एतद्वारा कर्जदार(रों) को तथा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में प्रत्येक खाते के सम्मुख अंकित तिथियों पर नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों पर कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति/यों से किसी प्रकार का संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार राशियों तथा इससे सम्बद्ध के लिए पंजाब नैशनल बैंक, एनआईटी फरीदाबाद शाखा के प्रभार का विषय होगा।

| कर्जदार/जमानती/गिरवीकर्ताओं के नाम | गिरवीकृत सम्पत्ति का विवरण | माँग सूचना की तिथि तक बकाया राशि | माँग सूचना की तिथि 06.07.2019 कब्जा सूचना की तिथि 19.10.2019 |
|---|---|---|---|
| **मैसर्स सतपाल एन्टरप्राइजेज (कर्जदार)** पाली बल्लभगढ़, सोहना रोड, फरीदाबाद **श्री रिंकू भदाना (गिरवीकर्ता)** पुत्र श्री सतपाल निवासी म.नं. 37, ब्लॉक 2, निकट गवर्नमेंट ब्वॉयज स्कूल, पाली, फरीदाबाद **श्री सतपाल (जमानती)** पुत्र श्री हेतराम निवासी सं. 37, ब्लॉक 2, निकट गवर्नमेंट ब्वॉयज स्कूल, पाली, फरीदाबाद | मौजा पाली तहसील एवं जिला फरीदाबाद में स्थित खेवट सं. 10/9 खतौनी 12 रेक्ट सं. 169 किला सं. 3/2/2(1-17), 7(8-0), 8/1/2(4-0), 9/1(2-15), 13/2(1-7), 18/1(1-17) किता 6 एरिया 19 कनाल 16 मरला तथा खेवट सं. 45/93, खतौनी सं. 49, रेक्ट सं. 169, किला सं. 8/2 (3-15), 12(7-13), 13/1(6-13), किता सं. 3 एरिया 18 कनाल 7 मरला, खतौनी सं. 50/47 रेक्ट सं. 175 किला सं. 23(8-0), रेक्ट सं. 187 किला सं. 3/2(5-0), 4/1(7-7), 4/2(0-13), किता सं. 5 एरिया 29 कनाल, किता 8 एरिया 47 कनाल 7 मरला की कुल भूमि से निर्मित 1/18वें भाग के विस्तार तक 3 कनाल 13 मरला भूमि में से 2 कनाल 4.5 मरला अर्थात 1345 वर्ग गज माप के प्लॉट के ईएम का सम्पूर्ण भाग, जिसकी सीमा : पूर्व : बेदपाल, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति, उत्तर : सोहना रोड, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति | 30.06.2019 तक **रु. 41,99,310.67** (रुपये इकतालीस लाख निन्यानवे हजार तीन सौ दस एवं सड़सठ पैसे मात्र) एवं इस पर ब्याज | |
| **श्री मोहम्मद जाहिद पुत्र श्री** अब्बास आलम एवं श्री **मोहम्मद जावेद** पुत्र श्री अब्बास आलम फ्लैट सं. 208, दूसरी मंजिल, ब्लॉक सी-2, बेलवेड्रे टॉवर, चार्म्सवुड विलेज, ईरोज गार्डन, सूरजकुण्ड रोड, फरीदाबाद, हरियाणा | सम्पत्ति के स्वामी : श्री मोहम्मद जाहिद पुत्र श्री अब्बास आलम तथा श्री मोहम्मद जावेद पुत्र श्री अब्बास आलम। फ्लैट सं. 208, दूसरी मंजिल, ब्लॉक सी-2, बेलवेड्रे टॉवर, चार्म्सवुड विलेज, ईरोज गार्डन, सूरजकुण्ड रोड, फरीदाबाद, हरियाणा के ईएम का सम्पूर्ण भाग। स्वामित्व पंजीकरण सं. 3078 दिनांक 31.05.2011, उपरजिस्ट्रार, फरीदाबाद में पंजीकृत। | 02.07.2019 तक **रु. 36,21,908.90** (रुपये छत्तीस लाख इक्कीस हजार नौ सौ आठ एवं नब्बे पैसे मात्र) तथा इस पर ब्याज | **माँग सूचना की तिथि** 22.07.2019 कब्जा सूचना की तिथि 19.10.2019 |

दिनांक : 21.10.2019 स्थान : फरीदाबाद,
ह./- अधिकृत प्राधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक



**राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ-III, नई दिल्ली के समक्ष**

सीएए-134/एनडी/2019
के साथ संबंधित
कम्पनी आवेदन सं. (सीएए) 53(एनडी)/2019
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 तक के विषय में
तथा
निम्नलिखित के बीच समामेलन की स्कीम के विषय में

इंडस वैली इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फाइनैंस प्राइवेट लिमिटेड : आवेदक कम्पनी सं. 1/अंतरणकर्ता कम्पनी
तथा
ओसियाटिक कंसल्टैंट्स ऐण्ड इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड : आवेदक कम्पनी सं. 2/अंतरिती कम्पनी
तथा

उनके संबंधित शेयरधारक और क्रेडिटर्स
याचिका की सुनवाई की सूचना

उपरोक्त नामक "याचिकादाता कम्पनियों" द्वारा इंडस वैली इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फाइनैंस प्राइवेट लिमिटेड तथा ओसियाटिक कंसल्टैंट्स ऐण्ड इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड और उनके संबंधित शेयरधारकों एवं क्रेडिटर्स के बीच समामेलन की स्कीम की मंजूरी के लिए, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 तक के तहत एक संयुक्त याचिका ("याचिका") दिनांक 18-09-2019 को माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण (नई दिल्ली पीठ-III) के समक्ष प्रस्तुत की गई थी तथा 24-09-2019 को सुनवाई हेतु सूचीबद्ध की गई थी (इस संबंध में आदेश 09-10-2019 को सुपुर्द किया गया था)। अब उक्त याचिका की सुनवाई माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ के समक्ष 28-11-2019 को की जानी नियत है। दोनों याचिकादाता कम्पनियों का पंजीकृत कार्यालय 414/1, चतुर्थ तल, डीडीए कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 में स्थित है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त याचिका के समर्थन अथवा विरोध का इच्छुक है, वह अपने आशय की सूचना, जो उसके अपने स्वयं अथवा उसके अधिवक्ता द्वारा नाम और पता सहित हस्ताक्षरित हो, आवेदक कम्पनी के अधिवक्ता को इस प्रकार भेज सकता है, कि आवेदक कम्पनी के अधिकृत प्रतिनिधि को याचिका की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व प्राप्त हो जाए। यदि वह याचिका का विरोध करने का इच्छुक है तो विरोध के आधार अथवा एक शपथपत्र ऐसी सूचना के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। याचिका की प्रति प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति को याचिका की प्रति अधोवर्णित अधिवक्ता द्वारा उसके लिए निर्धारित शुल्क के भुगतान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

हस्ता/-
मनोज शर्मा
मनोज शर्मा एण्ड एसोशिएट्स
याचिकादाता कम्पनियों हेतु अधिवक्ता
चैम्बर नंबर 268, अनारकली कॉम्प्लैक्स,
झंडेवालान कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110055

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : अक्टूबर 18, 2019

# सख्त चेतावनी

भारतीय सेना ने पाकिस्तान को एक बार फिर सख्त चेतावनी दी है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कम से कम चार ऐसे ठिकानों को नष्ट कर दिया गया है, जहां से आतंकियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ कराया जाता था। आर्टिलरी गन का इस्तेमाल करते हुए भारतीय सेना ने यह हमला किया। इसमें पाकिस्तान के चार से पांच सैनिकों के भी मारे जाने की खबर है। गौरतलब है कि पाकिस्तानी सेना लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही थी। उड़ी, बारामूला और तंगधार आदि इलाकों में वह लगातार गोलीबारी कर रही थी। इस तरह उसकी इन हरकतों के चलते पिछले हफ्ते भारतीय सेना के दो जवान और एक नागरिक मारे गए थे। इसकी जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने यह हमला किया। भारतीय सेना लगातार चेतावनी देती रही है कि पाकिस्तानी सेना उसे उकसाने का प्रयास न करे। उसकी हरकतों का सख्त जवाब दिया जाएगा, मगर वह इसे समझने को तैयार नहीं। पिछले एक साल में पाकिस्तानी सेना ने जितनी बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, उतना शायद ही कभी हुआ होगा। इसके बावजूद पाकिस्तानी हुकूमत दुनिया भर में यही साबित करने का प्रयास करती रही है कि भारत ही उसे परेशान कर रहा है।

मगर अब पाकिस्तान की इन दलीलों का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कोई असर नहीं होता। जबसे कश्मीर में अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटाया गया है, पाकिस्तान की खीज लगातार बढ़ती गई है। वह अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में घूम-घूम कर बताता रहा है कि भारत ने कश्मीरी लोगों के साथ अन्याय किया है। मगर हर जगह से उसे मुंह की खानी पड़ी है। कोई भी देश उसके समर्थन में खुल कर सामने नहीं आया है। जो दबी जुबान उसका साथ देते दिख रहे हैं, वे भी उसे कोई बल प्रदान करने वाले नहीं हैं। इससे पाकिस्तान की खीज और बढ़ गई है। इसी का नतीजा है कि वह कश्मीर में अस्थिरता बनाए रख कर भारतीय सुरक्षा-व्यवस्था को चुनौती देने का प्रयास कर रहा है। करीब ढाई महीने तक जब घाटी में कर्फ्यू था और संचार सेवाएं बंद थीं, तब उसकी हरकतें भी बंद थीं। पर अब जनजीवन सामान्य बनाने के इरादे से जब कर्फ्यू हटा लिया गया है, संचार सेवाएं आंशिक रूप से खोल दी गई हैं, उसने चरमपंथी संगठनों को सक्रिय कर दिया है। छिपी बात नहीं है कि पाकिस्तानी सेना संघर्षविराम का उल्लंघन या बिना उकसावे के गोलीबारी इसलिए करती है कि सीमा पार पनाह पाए आतंकियों की भारतीय सीमा में घुसपैठ करा सके।

पाकिस्तान की समस्या यह है कि वहां कोई एक निजाम नहीं है। वहां की सरकार अपने ढंग से काम करना चाहती है, मगर उस पर सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ का शिकंजा रहता है। सेना अपना प्रभुत्व बनाए रखने के लिए भारतीय सीमा पर अस्थिरता बनाए रखना चाहती है। वह युद्ध की धमकी देती तो रहती है, लेकिन उसे यह हकीकत भी अच्छी तरह पता है कि भारतीय सेना के सामने वह टिक नहीं सकती। सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट में हमले करके जिस तरह भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, उससे पहले ही उसे अंदाजा हो गया था। अब तंगधार के उस पार वाले इलाके में आर्टिलरी गन से निशाना बना कर भारतीय सेना ने एक नई रणनीति का परिचय दिया है। पर पाकिस्तान इससे भी कितना सबक सीखेगा, कहना मुश्किल है। संघर्ष विराम और आतंकी घुसपैठ आदि के जरिए वह अपना ही ओछापन जाहिर करता है।

# संकल्प और चुनौती

तपेदिक (टीबी) जैसे संक्रामक रोग के खात्मे के लिए भारत ने कमर तो कसी है, लेकिन अभी भी लाखों लोग ऐसे हैं जो इस बीमारी से निपटने के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे अभियान में शामिल नहीं हो पाते। जाहिर है, ऐसे टीबी रोगियों के बारे में पता नहीं चलता और उनका समुचित रूप से इलाज नहीं हो पाता। इसका परिणाम टीबी के मरीजों की बढ़ती संख्या के रूप में सामने आता है। भारत में टीबी के मरीजों की तादाद का मोटा अनुमान सिर्फ अस्पतालों में होने वाले पंजीकरण से ही लग पाता है। ऐसे में जो लोग अस्पताल नहीं जाते हैं और इधर-उधर इलाज कराने को मजबूर होते हैं, वे इस गिनती से बाहर रह जाते हैं। हाल में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि भारत में पिछले साल टीबी के करीब साढ़े पांच लाख मामले दर्ज होने से रह गए। हालांकि सुकून देने वाली बात यह है कि देश में साल 2018 में टीबी के मरीजों की संख्या में पचास हजार की कमी आई है।

भारत में टीबी आज भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। हर साल लाखों लोग इस बीमारी से मर जाते हैं। इससे भी बड़ी संख्या उन लोगों की है जो हर साल इस बीमारी की जद में आते जा रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आजादी के बहत्तर साल बाद भी आखिरकार भारत टीबी से मुक्ति पाने में कामयाब क्यों नहीं हो पाया। टीबी जैसी बीमारी का सीधा संबंध स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ा है और दुख की बात यह है कि इन दोनों ही मोर्चों पर भारत की स्थिति दयनीय है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया को 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है, जबकि भारत ने इससे दो साल पहले यानी 2023 तक इसके खात्मे का संकल्प किया है। यह एक बड़ी चुनौती इसलिए है कि जितना बड़ा काम है, उसकी तुलना में वक्त और जरूरी संसाधन बहुत कम हैं। दुनिया के सत्ताईस फीसद टीबी मरीज भारत में हैं। समस्या गंभीर इसलिए है कि टीबी के ज्यादातर मामले शुरू में सामने नहीं आ पाते। बीमारी अंदर पनपती रहती है, लेकिन मरीज को कोई ऐसा लक्षण नजर नहीं आता कि उसे जांच कराने की जरूरत महसूस हो। ऐसे में बीमारी बढ़ती चली जाती है। दूसरी बड़ी समस्या यह है कि इस बीमारी के प्रति लोगों में आज भी जागरूकता का अभाव है। शहरी इलाकों में तो फिर लोग अस्पताल चले जाते हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लोग इलाज के प्रति सजग भी नहीं है। जाहिर है, टीबी उन्मूलन कोई आसान काम नहीं है।

टीबी कोई ऐसी लाइलाज बीमारी नहीं है जिस पर काबू न पाया जा सके। जब पोलियो, चेचक जैसी महामारियों तक का सफाया हो सकता है, श्रीलंका जैसा देश मलेरिया का नामोनिशान मिटा सकता है तो हम टीबी को जड़ से क्यों नहीं खत्म कर सकते? हमारे यहां बड़ी और गंभीर समस्या गंदगी और प्रदूषण की है जिससे निपटने में ज्यादातर सरकारें नाकाम साबित हुई हैं। शहरों और महानगरों में कूड़ों के पहाड़ इस बीमारी को फैला रहे हैं। देश के ज्यादातर शहरों में बढ़ता वायु प्रदूषण इस बीमारी के प्रमुख कारणों में एक है। सरकार के साथ लोगों को भी साफ-सफाई के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। टीबी से संक्रमित एक मरीज से छह लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। अगर टीबी को मिटाने का संकल्प पूरा करना है तो घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना होगा, तभी भारत अगले चार साल में टीबी मुक्त हो पाएगा।

## कल्पमेधा

अहंकारी व्यक्ति केवल अपने महान कार्यों का वर्णन करता है, और दूसरों के सिर्फ कुकर्मों का।

– स्पिनोजा

# फिर सच साबित हुए आइंस्टीन

निरंकार सिंह

**ब्लैक होल में हर पल अनगिनत पिंड समा रहे होते हैं। इस प्रक्रिया में उसके चारों ओर प्रकाश और तरंगों का का एक चक्र बन जाता है, जिससे छत्ते जैसी आकृति बनती है। वैज्ञानिकों ने ऐसी ही छत्ते की तस्वीर खींची है। उन तरंगों के बीच दिख रहा काला हिस्सा ही ब्लैक होल है। वैज्ञानिकों के अनुसार इससे मानवीय कल्पना को अपनी ओर खींचने वाले स्पेस टाइम फैब्रिक के रहस्य का खुलासा हो सकता है।**

ब्रह्मांड में ब्लैक होल यानी अंधेरी सुरंगों की परिकल्पना सबसे पहले सन 1915 में अल्बर्ट आइंस्टीन ने की थी। आइंस्टीन के सापेक्षवाद के सिद्धांत के अनुसार ब्लैक होल ऐसे खगोलीय पिंड हैं जिनका गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र इतना शक्तिशाली होता है कि प्रकाश सहित कुछ भी इनके खिंचाव से बच नहीं सकता। ये पिंड ब्लैक होल इसलिए कहलाते है क्योंकि ये अपने पर पड़ने वाले सारे प्रकाश को सोख लेते हैं और कुछ भी परावर्तित नहीं करते। आइंस्टीन के सिद्धांत से ब्लैक होल के बारे में दुनिया को जानकारी मिली थी। नासा द्वारा जारी की 'सैगिटेरियस ए' नामक ब्लैक होल की तस्वीरों से एक बार उनके सिद्धांत और उनकी परिकल्पना की पुष्टि हुई है। खगोलविदों ने ब्लैक होल के बारे में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

पहली बार नासा के शोधकर्ताओं ने सूर्य से साठ लाख गुना वजनी ब्लैक होल द्वारा ब्रह्मांडीय उथल-पुथल के तहत एक तारे को टूटते हुए देखा है। इस प्रक्रिया को ज्वारीय विघटन भी कहते हैं। इस विनाशकारी खगोलीय घटना को ग्रहों की खोज के लिए भेजे गए नासा के उपग्रह ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (टीईएसएस), नील गेहरेल्स स्विफ्ट वेधशाला और अन्य उपकरणों की मदद से पहली बार बारीकी से देखा गया। नासा ने बताया कि ब्रह्मांड में ज्वारीय विघटन बहुत ही दुर्लभ घटना है और प्रत्येक दस हजार से एक लाख साल में हमारी आकाशगंगा के बराबर के तारों के पुंज या आकाशगंगा में एक बार यह घटना होती है। अब तक केवल चालीस ऐसी घटना देखी गई हैं।

कैलिफोर्निया स्थित कार्नेजी वेधशाला में इस विषय पर काम कर रहे खगोल भौतिकविद् थॉमस होलोइन के अनुसार टीईएसएस की मदद से यह देखने में मदद मिली कि ब्रह्मांड में घटना वास्तव में कब शुरू हुई जिसे हम पहले कभी नहीं देख सके थे। ज्वारीय विघटन की जल्द ही पहचान धरती पर स्थित ऑल स्काई ऑटोमेटेड सर्वे फॉर सुपरनोवा (एएसएएस-एसएन) से की गई और इस वजह से वे शुरुआती कुछ दिन में बहु-तरंग दैर्ध्य को सक्रिय करके अवलोकन में सफल हुए। इस खगोलीय घटना के समझने के लिए शुरुआती आंकड़े बहुत महत्त्वपूर्ण होंगे। एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित शोध के मुताबिक यह ब्लैक होल आकाशगंगा के बीच में है। यह वोलंस तारामंडल से करीब सैंतीस करोड़ पचास लाख प्रकाश वर्ष दूर है। कटे हुए तारे का आकार हमारे सूर्य के बराबर हो सकता है। नासा के मुताबिक इस ब्रह्मांडीय घटना की खोज इस साल 29 जनवरी को विश्व भर में फैले बीस रोबोटिक दूरबीनों वाले एएसएएस-एसएन नेटवर्क की मदद से की गई।

जब होलोइन को नेटवर्क के दक्षिण अफ्रीका में स्थित उपकरण से घटना की जानकारी मिली तब उन्होंने तुरंत चिली के लास कैंपनास स्थित उपकरण से घटना की वास्तविक स्थान का पता लगाने के काम पर लगाया और सटीक नजर रखने के लिए अन्य एजेंसियों की भी मदद ली। टीईएसएस ने पहली बार इस ज्वारीय विघटन को 21 जनवरी को रिकार्ड किया था। इस शोध के सह-लेखक और नेशनल साइंस फाउंडेशन में स्नातक शोधकर्ता पैट्रिक वॉलेली ने कहा कि इस घटना की चमक बहुत स्पष्ट थी, जिसकी वजह से इस घटना की ज्वारीय विघटन के रूप में पहचान करने में मदद मिली। होलोइन की टीम ने बताया कि दूरबीन की मदद से जिस पराबैंगनी रोशनी का पता चला, उसका तापमान महज कुछ दिनों में चालीस हजार डिग्री सेल्सियस से गिर कर बीस हजार डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पहली बार ज्वारीय विघटन के दौरान इतने कम समय में तापमान गिरावट देखी गई है। हालांकि सैद्धांतिक रूप से पहले इसकी जानकारी थी।

अमेरिका स्थित नेशनल साइंस फाउंडेशन ने पिछले महीने वाशिंगटन में इवेंट हॉरिजन टेलीस्कोप (ईएचटी) प्रोजेक्ट के नतीजों का एलान किया था। ईएचटी को ब्लैकहोल की तस्वीर उतारने के लिए ही डिजाइन किया गया था। ब्रसेल्स, टोकियो, सैंटियागो, शंघाई और ताइपे में ब्लैक होल की तस्वीर जारी की गई। अप्रैल 2017 में हवाई, एरिजोना, स्पेन, मैक्सिको, चिली और दक्षिणी गोलार्द्ध में आठ रेडियो टेलीस्कोप स्थापित किए गए थे। इनकी मदद से ब्रह्मांड के दो अलग-अलग ब्लैक होल के आंकड़े जुटाए गए। एक ब्लैक हमारी गैलेक्सी 'मिल्की वे' के मध्य में स्थित है। 'सैगिटेरियस ए' नामक यह ब्लैक होल 4.4 करोड़ किलोमीटर में फैला



हुआ है। इसका भार सूर्य से चालीस लाख गुना अधिक होने का अनुमान है। दूसरा ब्लैक होल 'एम 87' गैलेक्सी में स्थित है। माना जा रहा है कि यह सैगिटेरियस से भी डेढ़ हजार गुना भारी है। नासा ने पहली बार सैगिटेरियस ए ब्लैक होल की तस्वीरें 11 अप्रैल 2019 को जारी करके इसे बेहद अनोखी घटना बताया।

करीब पचास साल पहले वैज्ञानिकों ने हमारी आकाशगंगा के बीच एक चमकीले क्षेत्र का पता लगाया था। साठ के दशक में अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन आर्कवाल्ड व्हीलर ने उसे 'ब्लैकहोल' का नाम दिया। स्टीफन हाकिंग ने भी ब्लैक होल का व्यापक अध्ययन किया था। उन्होंने ब्लैक होल से निकलने वाले हाकिंग रेडिएशन की परिकल्पना की थी। वैज्ञानिकों के प्रयास से दुनिया ने पहली बार ब्लैक होल की तस्वीर देखी। असल में किसी भी ब्लैक होल की तस्वीर लेना असंभव है। ब्लैक होल ऐसी संरचना है, जिससे प्रकाश भी वापस नहीं आता। ब्लैक होल की एक सीमा होती है, जिसमें पहुंचते ही कोई भी पिंड घूमते हुए धीरे-धीरे उसके केंद्र में समा जाता है। ब्लैक होल में हर पल अनगिनत पिंड समा रहे होते हैं। इस प्रक्रिया में उसके चारों ओर प्रकाश और तरंगों का का एक चक्र बन जाता है, जिससे छत्ते जैसी आकृति बनती है। वैज्ञानिकों ने ऐसी ही छत्ते की तस्वीर खींची है। उन तरंगों के बीच दिख रहा काला हिस्सा ही ब्लैक होल है। वैज्ञानिकों के अनुसार इससे मानवीय कल्पना को अपनी ओर खींचने वाले स्पेस टाइम फैब्रिक के रहस्य का खुलासा हो सकता है।

इस साल भौतिकी का नोबल ब्रह्मांड की संरचना और इतिहास पर नए सिद्धांत रखने के लिए जेम्स पीबल्स (अमेरिका) और सौरमंडल से बाहर एक और ग्रह खोजने के लिए मेयर व क्वालेज (स्विटजरलैंड) को संयुक्त रूप से दिया गया है। जेम्स पीबल्स ने 1960 के दशक में बिग बैंग, डार्क मैटर और डार्क एनर्जी पर जो काम किया था, उसे आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञान का आधार माना जाता है। इस खोज से हमें पता चला कि ब्रह्मांड के महज पांच प्रतिशत पदार्थ के बारे में ही हम जान पाए हैं। ये वे पदार्थ हैं जिनसे तारे, ग्रह, पेड़-पौधे और हमारा निर्माण हुआ है। बाकी पनचानवे प्रतिशत हिस्सा अज्ञात डार्क मैटर और डार्क एनर्जी है। आइंस्टीन के सिद्धांतों में भी 'डार्क एनर्जी' की जगह थी, हालांकि वे खुद इसके बारे में संशकित थे। वह इसे अपनी एक 'भूल' मानते थे। कुछ वर्ष पहले उनके सिद्धांत की पुष्टि के लिए अमेरिका की 'नेशनल रेडियो स्ट्रोनामिकल आब्जर्वेटरी' ने बृहस्पति ग्रह से पृथ्वी की ओर आती एक प्रकाश किरण की गति और उसके मार्ग की नाप जोख की थी। यह देखा गया कि यह प्रकाश (जो लाखों प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक तारे से चला था) जब बृहस्पति के पास गुजर रहा था, तो उसने अपनी दिशा बदल दी और पृथ्वी की ओर मुड़ गया। आइंस्टीन ने कहा था कि पदार्थ और ऊर्जा दोनों एक ही है। इसलिए जब कोई किरण किसी ग्रह के पास से गुजरती है तो ग्रह के गुरुत्वाकर्षण बल के कारण उसकी दिशा बदल जाती है। इस प्रयोग से उनकी यह बात सिद्ध हो गई है। 'डार्क एनर्जी' ऐसी अनजानी ऊर्जा है जिसकी वजह से ब्रह्मांड तेजी से फैल रहा है और आकाशीय पिंड एक-दूसरे से दूर जा रहे हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि हमारे ब्रह्मांड का सत्तर फीसद इसी से बना है, हालांकि यह ऊर्जा क्या है, किसी को नहीं पता।

# संस्कृति बनाम बच्चे

आलोक कुमार मिश्रा

## दुनिया मेरे आगे

हाल में मैंने एक खबर पढ़ कर मां को सुनाई तो हैरानी और आश्चर्य से उसका मुंह खुला रह गया। खबर के मुताबिक स्पेन में अदालत ने एक व्यक्ति को दो साल की कैद और दो लाख से अधिक का जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। उसका जुर्म यह था कि उसने अपने बेटे का खत खोल कर पढ़ लिया था, जिसे उसकी मौसी ने भेजा था। माना गया कि यह बच्चे की निजता के अधिकार का उल्लंघन है। मेरी मां का कहना था कि 'भला इसमें क्या बड़ी बात थी! अपने बच्चे के नाम आए खत को मां-बाप क्यों नहीं पढ़ सकते? वह भी जब बच्चा दस वर्ष, छोटी और अपरिपक्व आयु का हो। माता-पिता को अपने बच्चों से जुड़ी बातें जानने और उनके अच्छे-बुरे के बारे में सोचने का हक तो है ही।'

वास्तव में मां की यह टिप्पणी हमारे अपने समाज और संस्कृति की समझ को दर्शा रही थी। मुझे याद है कि कुछ वर्ष पहले भी इससे मिलती-जुलती खबर ने हम भारतीयों को काफी उद्वेलित किया था। तब नार्वे में एक भारतीय दंपत्ति से उनकी बेटी को इसलिए अलग कर दिया गया था कि उन पर आरोप था कि वे अपनी बच्ची को अपने हाथों से खाना खिलाते हैं, साथ ही बिस्तर पर सुलाते हैं जो कि वहां के कानून के अनुसार क्रूरता थी।

बच्चों के अधिकारों से जुड़ी ये खबरें हमें अटपटी इसलिए लगीं कि हम एक बिल्कुल अलग सांस्कृतिक धरातल पर खड़े होकर इन्हें पढ़ और देख-सुन रहे थे। लेकिन नार्वे की घटना यह बताती है कि वहां हमारे तौर-तरीके भी नापसंद किए गए। दरअसल, पश्चिमी देशों में बच्चों के अधिकारों और उनकी निजता को लेकर अतिवादी समझ काम करती दिखती है। लोकतांत्रिक अधिकारों के नाम पर बच्चों को बड़ों द्वारा अच्छे-बुरे की सीख देने, आपस में भावनात्मक रूप से जुड़ कर सीखने-सिखाने के अवसरों को कुंद कर दिया जाता है। जबकि बच्चों को उनकी शारीरिक-मानसिक परिपक्वता प्राप्त करने में बड़ों के सान्निध्य और सहयोग की जरूरत होती है। इस प्रक्रिया में कुछ गलतियां हो सकती हैं, जिन्हें एहसास होने पर सुधारा जा सकता है। पर निजता के कठोर कानून इसकी छूट नहीं देते। ऐसी कठोरता के कारण अभिभावक भी बच्चों को गलत करने पर रोकने-टोकने या उन पर नजर रखने से बचते होंगे। शायद अमेरिका जैसे देशों में कभी-कभी बच्चों द्वारा स्कूलों में बेरोकटोक बंदूक ले जाने, आवेश में आकर गोली चला देने जैसी घटनाएं इसलिए भी दिखती हैं।

पश्चिमी समाजों की तरह यहां अलगाव, विखंडन और अकेलेपन की समस्या उतनी गंभीर नहीं है और बच्चों या अभिभावकों के बीच इस तरह का कठोर अधिकार विभाजन नहीं दिखता है तो इसके नकारात्मक पक्ष भी हैं। पश्चिमी समाजों में व्याप्त अति लोकतांत्रिकता के मुकाबले हमारे समाजों में बच्चों को निर्भर-निरीह बना कर रखने और उन पर अभिभावकों का संपूर्ण अधिकार मानने-समझने की चरम स्थिति है। यह बच्चों को एक स्वायत्त और सचेत नागरिक के रूप में विकसित और बड़े होने में बाधा पहुंचाती है। एक ऐसा नागरिक जो समाज में अपनी जिम्मेदारियों और अधिकारों के प्रति सजग होते हुए दूसरों की भिन्नताओं और जीवन दृष्टि के प्रति सम्मान की भावना रखे। लेकिन जब समाजीकरण की प्रक्रिया में ही नियंत्रित रखने और छोटे-बड़े के बीच गैर बराबरी की इतनी सशक्त उपस्थिति हो तो भला बड़े होने पर लोकतांत्रिक चेतना से युक्त व्यक्तित्व कैसे विकसित होगा।

हाल ही में जब हमारे देश की एक राज्य सरकार ने सुरक्षा के नाम पर स्कूली कक्षाओं के अंदर कैमरे लगाने की नीति पर अमल करने की बात कही तो इसका कई आधारों पर समर्थन या विरोध किया गया। पर तर्क देने वालों में अधिकतर प्रशासनिक दृष्टिकोण या शिक्षकों के नजरिए से ही अपनी बात कह रहे थे। इनमें से बहुत कम ने बच्चों की निजता के उल्लंघन का मुद्दा उठाया। हमारे जैसे सामंती मनोवृत्ति वाले समाजों में जहां बच्चों को वैसे ही अधिकार विहीन, निर्भर और पूरी तरह अपरिपक्व समझा जाता है, उन पर हमेशा नजर बनाए रखने को अच्छे अभिभावक होने की निशानी माना जाता हो, वहां कैमरे नियंत्रण का हथियार ही बनेंगे।

कहने का आशय यही है कि बच्चों और उनके जीवन को लेकर प्रचलित पश्चिमी और भारतीय समाजों की समझ दो विपरीत चरम को दिखाते हैं। संतुलित और सम्यक बचपन के लिए जहां पश्चिमी समाजों से हमें बच्चों को एक नागरिक के रूप में देखे जाने, उनकी निजता और अधिकार को सम्मान दिए जाने की सीख लेनी होगी, वहीं ऐसा करते हुए अभिभावकों की उचित जिम्मेदारी, मार्गदर्शन, देखभाल करने की प्रेमपूर्ण प्रवृत्ति और अभिव्यक्ति को महत्त्व देना होगा। ऐसा करके हम अकेलेपन, विखंडन और अलगाव की समस्या को दूर कर पाएंगे और साथ ही निर्भर बनाए रखने, नियंत्रण और वर्चस्व की मनोवृत्ति पैदा करने वाले समाजीकरण के चक्र का खात्मा भी कर पाएंगे।

## असली मुद्दे गायब

हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में इस बार सत्तारूढ़ दल ने जिस तरह से राष्ट्रीय मुद्दों को उठाया है, उसमें चरम राष्ट्रवाद के प्रदर्शन की झलक मिलती है। इन दोनों राज्यों के गांव, गरीब, किसानों की समस्याओं और बेरोजगारी का कश्मीर और अनुच्छेद 370 से कोई सीधा सरोकार नहीं है। इसके बावजूद इन मुद्दों को उठाना आमजन की समस्याओं से मुंह मोड़ने जैसा है। ऐसे में चुन कर आने वाले जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय और स्थानीय समस्याओं को लेकर कितने संवेदनशील और उत्तरदायी होंगे, इसमें सन्देह है। चुनाव बाद जनता भी अपनी समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाने से इसलिए कतराएगी कि उसकी समस्याएं कभी चुनावी मुद्दा ही नहीं बन पाईं। इससे मूल लोकतांत्रिक उद्देश्यों की प्राप्ति दुष्कर हो जाएगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि अनुच्छेद 370 हटाया जाना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, लेकिन विधानसभा चुनावों में यह मुद्दा गरीब, भुखमरी की शिकार, बेरोजगारी से बेहाल जनता के लिए अप्रासंगिक है।

● *महेंद्र नाथ चौरसिया, सिद्धार्थनगर*

## स्वागतयोग्य कदम

साल 2021 से देश के अट्ठाईस सैनिक स्कूलों में अब लड़कियां भी दाखिला ले सकेंगी। उन्हें बीस फीसद तक आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। रक्षा मंत्रालय की इस घोषणा का स्वागत किया जाना चाहिए। अभी उन्नीस और सैनिक स्कूल खोलने पर काम चल रहा है। पहला सैनिक स्कूल आज से अट्ठावन साल पहले सतारा (महाराष्ट्र) में खोला गया था। तबसे से लेकर आज तक इसमें लड़कों को ही प्रवेश दिया जाता है। पर अब इसमें लड़कियां भी शिक्षा हासिल कर सकेंगी। आज बेटियां फौज से लेकर अंतरिक्ष तक अपनी कामयाबी का परचम लहरा रही हैं तो फिर सैनिक स्कूलों से उन्हें दूर रखने का कोई औचित्य नहीं बनता। प्रायोगिक परियोजना के तहत मिजोरम में पिछले वर्ष ही लड़कियों को छठी कक्षा में दाखिला दिया जा चुका है। उम्मीद की जानी चाहिए कि पढ़ाई के मामले में यहां भी बेटियां अव्वल रहेंगी।

● *जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर*

## इनका भी रखना है ध्यान

आजकल ऑनलाइन खरीद का चलन बढ़ता जा रहा है। अब तो त्योहारों पर ज्यादातर खरीदारी ऑनलाइन होने लगी है। जूते, कपड़े, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और सजावट का सामान लोग ऑनलाइन ठिकानों से ही करते हैं। कई ऑनलाइन कंपनियां तो मिट्टी के कलात्मक पात्र, दीये तक बेच रही हैं। इससे देश के छोटे-छोटे कारीगरों की रोजी-रोटी पर बुरा असर पड़ा है। एक छोटा-सा दीपक बनाने में कुम्हार को काफी अथक परिश्रम करना पड़ता है, तब जाकर वह बाजार में बिकने आता है। अच्छा हो, हम सब इन छोटे स्थानीय कलाकारों, कुंभकारों का भी ध्यान रखते हुए मिट्टी के दीये ,मूर्तियां और अन्य सामान इनसे खरीदें, ताकि उनकी कला की भी कद्र हो और वे भी आनंद और उल्लास के साथ दीपावली का त्योहार मना सकें।

● *संजय डागा, हातोद*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

चौपाल

## शहरीकरण और पर्यावरण

एक अनुमान के अनुसार देश में वर्ष 2050 तक शहरों की आबादी अस्सी करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी। यानी, उस समय की देश की कुल आबादी के पचास प्रतिशत से अधिक हो जाएगी और भारत एक शहरी देश के तौर पर उभर कर सामने आ जाएगा। आज 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, भारत में तिरपन ऐसे शहर हैं जिनकी आबादी दस लाख से अधिक है। कई अनुसंधानों से यह साबित हो चुका है कि देश में बढ़ते शहरीकरण से आर्थिक विकास की दर तेज होती है और रोजगार के नए अवसर भी गांवों की अपेक्षा शहरों में अधिक बनते हैं। आज भारत में भी देश के सकल घरेलू उत्पाद में शहरी क्षेत्र का योगदान पैंसठ प्रतिशत का है, जिसे बढ़ा कर 75 प्रतिशत तक ले जाना है। बढ़ते शहरीकरण से विभिन्न स्तरों पर सरकारों की जिम्मेदारी भी बढ़ती है, क्योंकि साफ हवा, पीने का साफ पानी, साफ ऊर्जा इन शहरों को उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है। शहरों का विकास शुरू में ही यदि उचित तरीके से नहीं किया जाए तो पर्यावरण से संबंधित समस्याएं खड़ी हो जाती हैं, जैसे कि भारत के कई शहरों में आज देखने को मिल रहा है। सर्दियों के मौसम में शुद्ध हवा का अभाव हो जाता है, शहरों की में स्वच्छ पेयजल का अभाव है। देश में पर्यावरण की स्थिति में सुधार आज वक्त की जरूरत है। लगभग पच्चीस प्रतिशत प्रदूषण वाहनों के अत्यधिक उपयोग के कारण उत्पन्न होता है। हर घर में पौधे लगाने आवश्यक कर देना चाहिए, ताकि वातावरण में कार्बन डाई आक्साइड गैस कम हो और ऑक्सीजन गैस की मात्रा बढ़े। देश में प्रति व्यक्ति प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग अन्य देशों की तुलना में आज बहुत कम है। जबकि देश में और अधिक शहरीकरण होने के चलते प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग अभी तो और आगे बढ़ेगा। अतः उपलब्ध संसाधनों की दक्षता को भी बढ़ाना होगा। कायम हो सके।

● *प्रहलाद सबनानी, ग्वालियर*

## पर सड़कें भी तो सुधारें

सड़क परिवहन एवं राज्यमंत्री नितिन गडकरी ने 'वन नेशन वन फास्ट टैग' योजना की शुरुआत की है। यह योजना इस साल एक दिसंबर से संपूर्ण देश में लागू हो जाएगी। इससे लोगों के समय की बचत हो सकेगी। योजना का उद्देश्य टोल के संग्रह को डिजिटल रूप से एकीकृत करना और संपूर्ण भारत में वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना है। संपूर्ण देश में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टैग वाली नई कारों में इस तकनीक के माध्यम से लाभ उठाया जा सकता है। इसके माध्यम से टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम की समस्या से भी मुक्ति मिल सकेगी। इस व्यवस्था के बाद परिवहन मंत्री को राष्ट्रीय राजमार्गों की बदतर स्थिति पर भी ध्यान देना चाहिए, जिसकी वजह से सड़क हादसों में रोजाना सैकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। अब समय की मांग है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में भी सुधार किया जाए, ताकि सड़क हादसे में होने वाली मौतों का आंकड़ा कम किया जा सके।

● *अमिता सिंह, अंबेडकरनगर (उप्र)*

## खबर कोना



मुंबई में रविवार को बेडिंग जंक्शन फैशन शो के चौथे संस्करण में रैंप पर उतरीं अदाकारा वाणी कपूर।

### गुजरात : तेंदुआ पकड़ने के लिए लगाए पिंजरे

वड़ोदरा, 20 अक्तूबर (भाषा)।

गुजरात वन विभाग ने तेंदुओं को पकड़ने के लिए जूनागढ़ जिले में एक गांव के पास 24 पिंजरे रखे हैं। सौराष्ट्र के मुख्य वन संरक्षक डीटी वसावडा ने कहा कि यह कदम विसावदर गांव में एक तेंदुए के हमले में 60 साल के एक व्यक्ति की मौत के बाद उठाया गया है। उन्होंने कहा, 'वालाभाई मनंदाभाई मारु की शनिवार को हुई मौत के बाद तेंदुओं को पकड़ने के लिए 24 पिंजरे लगाए हैं।' वसावडा ने कहा, 'हमने गांव और आसपास के क्षेत्रों में पंजों के निशानों का अध्ययन करने के बाद पिंजरे लगाने का फैसला किया। तेंदुओं को प्रलोभन देने के लिए प्रत्येक पिंजरे में बकरी या कुत्ता रखा गया है।' उन्होंने कहा कि लोगों के खुले में सोने तथा घरों के पास भोजन अपशिष्ट, खासकर मांस की चीजों का सही निपटान न होने की वजह से तेंदुओं के हमलों में वृद्धि हुई है।

### शिवकुमार स्वामीजी को भारत रत्न दिया जाए : सिद्धरमैया

बंगलुरु, 20 अक्तूबर (भाषा)।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को सुझाव दिया कि केंद्र को हिंदू महासभा के नेता वीर सावरकर के बजाय लिंगायत संत शिवकुमार स्वामीजी को भारत रत्न से सम्मानित करना चाहिए। शिवकुमार स्वामीजी का इस साल जनवरी में 111 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उन्हें 'वाकिंग गॉड' के रूप में जाना जाता था। वे शिक्षा के प्रसारक और मानवतावादी थे। उनकी शख्सियत एवं कार्यों को दुनिया भर में सराहा जाता है। सिद्धरमैया ने मैसूर में संवाददाताओं से कहा, 'भाजपा की चाहे जो कुछ भी राय हो (सावरकर को भारत रत्न देने के बारे में), लेकिन मेरा मानना है कि सावरकर के बजाय भारत रत्न से शिवकुमार स्वामीजी को सम्मानित किया जाना चाहिए।' कांग्रेस नेता का यह बयान कुछ दिन पहले की गई उनकी एक टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी की हत्या के मामले में सावरकर आरोपियों में शामिल थे। सिद्धरमैया ने कहा कि वे सावरकर का विरोध मुख्य रूप से इसलिए कर रहे हैं कि उन्होंने हिंदुत्व के जरिये सांप्रदायिकता फैलाई। चुनावी राज्य महाराष्ट्र में प्रदेश भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में सावरकर को मरणोपरांत भारत रत्न देने का वादा किया है, जिस पर राष्ट्रव्यापी चर्चा शुरू हो गई है। सिद्धरमैया ने दोहराया कि सावरकर महात्मा गांधी की हत्या मामले में आरोपियों में एक थे।

### छात्रों की खूबियों का पता लगाएगा 'तमन्ना'

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (भाषा)।

छात्रों की दक्षता, कौशल एवं अभिक्षमता (एप्टीट्यूड) के मूल्यांकन के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन में एप्टीट्यूट टेस्ट 'तमन्ना' विकसित किया गया है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि इस एप्टीट्यूड टेस्ट 'तमन्ना' को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने तैयार किया है जो 9वीं एवं 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए है। उन्होंने कहा, 'सीबीएसई ने इसके लिए प्रश्नों का प्रयोग के तौर पर परीक्षण अपने संबद्ध स्कूलों में पढ़ने वाले 17 हजार छात्रों पर किया था।' मंत्रालय का मानना है कि अभिक्षमता या एप्टीट्यूड का एक अहम आयाम मनोवैज्ञानिक गुण है, जो यह पूर्वानुमान लगाने में सहायक होता है कि किसी व्यक्ति का मजबूत पक्ष क्या है। ऐसे में 'तमन्ना' (ट्राइ एंड मेजर एप्टीट्यूट एंड नेचुरल एबिलिटी) से छात्र अपनी खूबियों से अवगत होकर आगे कैरियर के बारे में निर्णय कर सकेंगे।

# एक साल में 292 जवानों ने दिया सर्वोच्च बलिदान

नागपुर, 20 अक्तूबर (भाषा)।

देश में सितंबर 2018 से लेकर इस साल अगस्त महीने तक आतंकवाद रोधी और अन्य अभियानों में सीआरपीएफ तथा बीएसएफ जैसे अर्धसैनिक बलों के कर्मियों सहित कुल 292 पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़ों में दी गई है।

आंकड़ों में यह भी उल्लेख किया गया है कि स्वतंत्रता से लेकर इस साल अगस्त तक 35 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों ने अपना बलिदान दिया है। सितंबर 2018 से इस साल अगस्त तक शहीद होने वाले राज्य पुलिस और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों की संख्या सबसे अधिक 67 है। इनमें सीआरपीएफ के वे 40 जवान भी शामिल हैं जो इस साल 14 फरवरी को कश्मीर के पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। विभिन्न पुलिस बलों और संगठनों से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि एक साल की अवधि में शहीद होने वालों में सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के 41, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) के 23 और जम्मू-कश्मीर पुलिस के 24 कर्मी शामिल हैं। सूची में महाराष्ट्र पुलिस के 20 कर्मियों के नाम भी शामिल हैं जिनमें से 15 इस साल मई में गढ़चिरौली में माओवादियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में शहीद हो गए थे। इस एक साल की अवधि में शहीद होने वालों में छत्तीसगढ़ पुलिस के 14, कर्नाटक पुलिस के 12, रेलवे रक्षा बल (आरपीएफ) के 11, दिल्ली पुलिस के 10, राजस्थान पुलिस के 10, बिहार पुलिस के सात और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल (सीआइएसएफ) के छह कर्मी शामिल हैं। इनके अलावा इस अवधि के दौरान झारखंड, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और त्रिपुरा के पुलिस बलों तथा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) तथा असम राइफल्स के कर्मियों का नाम भी शहीद होने वालों की सूची में है।



**आंकड़ा** शहीद होने वाले राज्य पुलिस और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों की संख्या सबसे अधिक 67 है।



**संदेश** पटना में जलवायु और जैव विविधता के संरक्षण का संदेश देते हुए अर्जेंटीना के दो कलाकारों समेत पांच कलाकारों ने विद्युत भवन की दीवारों को 70 फीट के एक भित्ति-चित्र से संवार दिया।

# दोनों आरोपियों के खून से सने कुर्ते होटल से बरामद

लखनऊ, 20 अक्तूबर (जनसत्ता।

हिंदूवादी नेता कमलेश तिवारी की हत्या के आरोपियों ने लखनऊ तक का सफर ट्रेन से किया। चारबाग रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद दोनों आरोपी कैसरबाग में एक होटल में रुके। रात करीब साढ़े बारह बजे दोनों होटल में दाखिल हुए। सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे दोनों आरोपियों ने होटल के कर्मचारियों से कमलेश तिवारी के घर का पता पूछा। कमलेश की हत्या करने के बाद दोनों वापस होटल पहुंचे और वहां कपड़े बदलने के बाद कुछ देर में वापस लौटने की बात कर चले गए। होटल के कमरे से दोनों के बैग और हत्या के दौरान पहने खून की छींटों से भरे कुर्ते पुलिस ने बरामद कर लिए हैं।

उधर कमलेश तिवारी के परिजनों ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। वे परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी देने, कमलेश तिवारी की मूर्ति लगवाने और खुर्शेदबाग का नाम बदल कर कमलेश तिवारी के नाम पर रखने की मांग कर रहे थे। पुलिस को हत्या के दो आरोपियों की जानकारी मिल गई है। इनके नाम शेख अशफाकुद्दीन और मोइनुद्दीन पठान हैं। इनमें से मोइनुद्दीन पठान सूरत में पकड़े गए रशीद पठान का भाई है। दर्जी का काम करने वाले रशीद को कमलेश तिवारी हत्याकांड का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। पुलिस के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि रशीद बीते चार सालों से कमलेश की हत्या की साजिश रच रहा था। अब तक की कमलेश तिवारी हत्याकांड की पड़ताल में कई चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। आला पुलिस अधिकारी इसमें उलझे हैं कि आखिर आरोपियों ने पहचान छुपाने का कोई प्रयास क्यों नहीं किया? इसकी असल वजह दरअसल है क्या? जांच कर रहे उत्तर प्रदेश एटीएस के अधिकारी का कहना है कि दोनों आरोपी इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद अपने नाम को जाहिर करना चाहते थे। इसकी वजह क्या है? यह पूछताछ में सामने आएगा। उन्होंने बताया कि कमलेश तिवारी के बारे में हत्या के आरोपियों ने गूगल की मदद से पूरी जानकारी एकत्र की। वे गूगल मैप से कमलेश तिवारी की लोकेशन तलाश कर खुर्शेदबाग स्थित उनके आवास तक पहुंचे। हत्यारों का सुराग लगाने के लिए पुलिस ने तीन मोबाइल नंबर खंगाले।

**कमलेश तिवारी हत्याकांड**



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कमलेश तिवारी के परिजनों से मुलाकत करते हुए।

# मानसून ने दिया जलाशयों को रेकार्ड तोड़ पानी

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (भाषा)।

पिछले चार महीनों के दौरान दक्षिण पश्चिम मानसून में हुई भरपूर बारिश का असर जलसंग्रह के रूप में केंद्रीय जल आयोग (सीडब्लूसी) की निगरानी वाले 120 जलाशयों में रेकार्ड तोड़ पानी एकत्र होने के रूप में दिखा है।

गत 10 अक्तूबर को दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी शुरू होने के बाद सीडब्लूसी के क्षेत्राधिकार वाले देश के सभी 120 जलाशयों में 17 अक्तूबर तक कुल क्षमता का 89 फीसद जलसंग्रह हो गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक रंजीत सिंह ने इस साल निर्धारित समय से देर से हुई मानसून की वापसी के हवाले से कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून में सामान्य से लगभग 10 फीसद अधिक बारिश होने के कारण सभी नदी बेसिन सहित अन्य जलसंग्रह क्षेत्रों में रिकार्ड तोड़ पानी की उपलब्धता हुई। उन्होंने इसे बारिश के पानी को जलाशयों तक पहुंचाने के लिये विभाग द्वारा पिछले एक साल में किए गए तकनीकी उपायों का भी परिणाम बताया। जलाशयों में जलसंग्रह संबंधी सीडब्लूसी के 17 अक्तूबर तक के आंकड़ों के मुताबिक 170.3 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) क्षमता वाले 120 जलाशयों में इस साल क्षमता का 89 फीसद (151.9 बीसीएम) पानी एकत्र हुआ है। पिछले साल इन जलाशयों में एकत्र हुए पानी की मात्रा 125.2 बीसीएम थी। इस साल का जलसंग्रह पिछले दस साल के औसत स्तर 122.7 बीसीएम से काफी अधिक है। गौरतलब है कि सीडब्लूसी के 120 जलाशयों के अतिरिक्त भारत में कुल जलसंग्रह क्षमता 257.8 बीसीएम है। क्षेत्रीय आधार पर मानसून के वितरण का असर भी जलाशयों में जलसंग्रह के रूप में स्पष्ट दिख रहा है। सर्वाधिक जलसंग्रह पश्चिमी क्षेत्र में गुजरात और महाराष्ट्र में सीडब्लूसी की निगरानी वाले 41 जलाशयों में जलसंग्रह क्षमता 34.83 बीसीएम के विपरीत इस साल 32.44 बीसीएम पानी एकत्र हुआ है। इन जलाशयों में जलसंग्रह का स्तर इस साल 93 फीसद की तुलना में पिछले साल महज 61 फीसद था। इसके उलट मध्य क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सीडब्लूसी के क्षेत्राधिकार वाले 18 जलाशयों में कुल जलसंग्रह क्षमता 44.14 बीसीएम की तुलना में 39.45 बीसीएम (क्षमता का 89 प्रतिशत) पानी एकत्र हुआ है।

हालांकि उत्तर भारत के मैदानी इलाकों हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में इस साल बारिश की कमी का असर उत्तर क्षेत्र के जलाशयों में अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम जलसंग्रह के रूप में स्पष्ट रूप से दिखा है।

**जलसंग्रह** सीडब्लूसी के क्षेत्राधिकार वाले देश के सभी 120 जलाशयों में 17 अक्तूबर तक कुल क्षमता का 89 फीसद जलसंग्रह



**जज्बा** चेन्नई में रविवार को जलीय जीवन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में शरीक होने आए देश भर के बच्चे।

# पंकजा पर टिप्पणी, धनंजय मुंडे पर प्राथमिकी दर्ज

बीड, 20 अक्तूबर (भाषा) ।

महाराष्ट्र की मंत्री एवं अपनी चचेरी बहन पंकजा मुंडे पर एक चुनाव रैली में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में राकांपा नेता धनंजय मुंडे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उधर राकांपा नेता ने कहा कि जो वीडियो वायरल हुआ है, उससे छेड़छाड़ की गई है और वह फर्जी है। उनकी टिप्पणियों को तोड़ा-मरोड़ा गया है।

अधिकारी ने बताया कि मंत्री के खिलाफ राकांपा नेता की टिप्पणियों वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसके बाद बीड जिले के परली से ताल्लुक रखने वाले एक भाजपा नेता ने शनिवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

दोनों चचेरे भाई-बहन परली से चुनाव मैदान में हैं। धनंजय राकांपा से तो पंकजा भाजपा की उम्मीदवार हैं। मौजूदा भाजपा विधायक पंकजा मुंडे पार्टी के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे की पुत्री हैं। पंकजा मुंडे की बहन एवं भाजपा सांसद प्रीतम मुंडे ने रविवार को कहा कि पंकजा मुंडे ने राजनीति छोड़ने का मन बनाया क्योंकि वह अपने चचेरे भाई एवं राकांपा के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार धनंजय मुंडे की ओर से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से आहत थीं। बीड लोकसभा सीट से सांसद प्रीतम ने धनंजय को एक 'पापी' करार दिया। प्रीतम ने महिलाओं के समूह द्वारा पड़ोसी बीड जिले के परली में पंकजा से मुलाकात करने के बाद उनसे कहा कि धनंजय मुंडे ने (पंकजा के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करके) एक पाप किया है। प्रीतम ने कहा कि पंकजा इतनी दुखी हुईं कि उन्होंने राजनीति छोड़ने का मन बनाया। इस मौके पर पंकजा महिलाओं से कुछ नहीं बोलीं। भाजपा ने इस बारे में निर्वाचन आयोग और महिला आयोग से भी शिकायत की है। कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां शनिवार रात शिरुर-कसार तहसील में राकांपा नेता का पुतला भी जलाया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि परली भाजपा अध्यक्ष जुगल किशोर लोहिया की शिकायत पर शनिवार देर रात धनंजय मुंडे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। लोहिया ने आरोप लगाया कि धनंजय ने पंकजा के खिलाफ 17 अक्तूबर को केज तहसील के विडा गांव में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान अश्लील टिप्पणियां कीं।

इस बीच, धनंजय मुंडे ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जानबूझकर उनकी छवि खराब करने और उन्हें खलनायक के रूप में पेश करने के लिए उनकी टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल की जा रही है।

**सांसद प्रीतम मुंडे ने कहा** पंकजा मुंडे ने राजनीति छोड़ने का मन बनाया क्योंकि वह धनंजय मुंडे की ओर से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से आहत थीं।

11 देशों के 55 विश्वविद्यालयों की ओर से किया गया अध्ययन | **सेहत का राज** | 30 ग्राम अखरोट में होता है 2.5 ग्राम एएलए

# रोजाना कुछ अखरोट खाइए और कई बीमारियों को दूर भगाइए

तिबुरॉन (अमेरिका), 20 अक्तूबर (भाषा)।

दुनिया के 11 देशों के 55 विश्वविद्यालयों की ओर से किए गए अध्ययनों व इनसानों पर किए गए परीक्षण में साबित हुआ है कि अखरोट खाने से शरीर के लिए जरूरी रेशे, प्रोटीन, विटामिन और मैग्निशियम, असंतृप्त वसा, फॉसफोरस और ओमेगा-3 अल्फा लिनोलेनिक एसिड (एएलए) सहित खनिज पदार्थों की पर्याप्त आपूर्ति होती है। अध्ययन के मुताबिक रोजाना चार अखरोट खाने से कैंसर, मोटापे, मधुमेह की बीमारी को दूर रखने के साथ वजन को भी नियंत्रित करने में मदद मिलती है। अखरोट खाने से संज्ञात्मक क्षमता, प्रजनन स्वास्थ्य व जीवनशैली संबंधी अन्य बीमारियों को भी दूर रखने में मदद मिलती है। कैलिफोर्निया अखरोट आयोग के स्वास्थ्य अनुसंधान निदेशक कैरोल बर्ग स्लोआन ने बताया, 'अखरोट पोषक तत्त्वों के ऊर्जा केंद्र हैं और स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त हैं। उन्होंने कहा, 'पेड़ों से प्राप्त 93 तरह के मेवों में से केवल एक अखरोट ही पर्याप्त मात्रा में पौधे से प्राप्त एएलए की आपूर्ति करता है जो शरीर के लिए जरूरी फैटी एसिड है।' उन्होंने कहा, 'भारत में बड़ी आबादी शाकाहारी है और ओमेगा-3 और प्रोटीन की कमी से जूझ रही है। ऐसे में अगर वे रोजाना कुछ अखरोट खाएं या अपनी खुराक में शामिल करें तो यह बहुत स्वस्थ विचार होगा।' स्लोआन ने कहा, 'सभी तरह के मेवों को खाने में शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि वे मोनोसैच्युरेटेड फैटी एसिड परिपूर्ण है। इसके साथ ही अखरोट में 'ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है जो दिल को स्वास्थ रखता है। करीब 30 ग्राम अखरोट में 2.5 ग्राम एएलए होता है जो सेहत के लिए जरूरी है, पर शरीर में इसका उत्पादन नहीं होता।' उन्होंने कहा कि अखरोट वजन को नियंत्रण में रखने, मधुमेह, स्तन, मलाशय, प्रॉस्टेट कैंसर व दिल की बीमारी के खतरे को कम करने में मददगार है। स्लोआन ने कहा कि खाने का संबंध मानव प्रजनन क्षमता से है लेकिन अधिकतर समय महिलाओं के खानपान पर ही ध्यान दिया जाता है और पुरुषों के खानपान को नजरअंदाज किया जाता है। उन्होंने कहा, 'यह पाया गया है नियमित अखरोट खाने से पुरुषों की प्रजनन क्षमता में सुधार होता है।'



**अगर आप** रोजाना चार अखरोट खाते हैं तो कई बीमारियों से बचे रह सकते हैं। **अखरोट** वजन को नियंत्रण में रखने, मधुमेह, स्तन, मलाशय, प्रॉस्टेट कैंसर व दिल की बीमारी के खतरे को कम करने में मददगार है।

# अनिवासी मतदाताओं को मिलेगा प्राक्सी वोटिंग का अधिकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान ई-मतदाता सूची में पंजीकृत हुए एक लाख अनिवासी भारतीय मतदाताओं में से महज एक चौथाई ने ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 17वीं लोकसभा के चुनाव के पहले तक मतदाता सूची में अनिवासी भारतीय के रूप में दर्ज मतदाताओं की संख्या 99,807 थी। इनमें 91,850 पुरुष, 7943 महिलाएं और 14 अन्य शामिल हैं।

बताते चलें कि अपनी भारतीय नागरिकता बरकरार रखते हुए विदेशों में रह रहे अनिवासी भारतीयों के पास मताधिकार सुरक्षित रहता है। आयोग द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार पंजीकृत अनिवासी भारतीय मतदाताओं में से 25606 मतदाता 17वीं लोकसभा के मतदान में शामिल हुए थे। इनमें 24458 पुरुष और 1148 महिलाएं शामिल हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अनिवासी भारतीय मतदाताओं की संख्या 336 है। इनमें 231 पुरुष और 105 महिलाएं हैं। इनमें से कोई भी मतदाता आम चुनाव में वोट डालने नहीं आया। इसी तरह पुडुचेरी के पंजीकृत 272 और पश्चिम बंगाल के 34 पंजीकृत अनिवासी भारतीय मतदाताओं में से किसी ने भी मताधिकार में हिस्सेदारी नहीं की। केरल में सर्वाधिक (85,161) अनिवासी भारतीय मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 25091 ने लोकसभा चुनाव में वोट दिया।

बताते चलें कि विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक विभिन्न देशों में रह रहे अनिवासी भारतीयों की कुल संख्या 3.10 करोड़ है। इन सभी को किसी अन्य व्यक्ति को अपनी ओर से मतदान देने का अधिकार सौंपने (प्रॉक्सी वोटिंग) के लिए चुनाव आयोग ने एक प्रस्ताव विधि मंत्रालय के समक्ष कानून बनाने के लिए भेजा है। अनिवासी भारतीयों को प्रॉक्सी वोटिंग की सुविधा देने से जुड़ा एक विधेयक 16वीं लोकसभा में पेश किया गया था। लेकिन लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होने तक यह विधेयक पारित नहीं हो पाने के कारण विलोपित हो गया।

# नोबेल विजेता बनर्जी के पक्ष में उतरे राहुल-प्रियंका

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सत्ता पक्ष के निशाने पर आए नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी का खुलकर समर्थन किया है। दोनों नेताओं ने अलग अलग ट्वीट कर बनर्जी के काम की प्रशंसा की और उनके खिलाफ टिप्पणी करने वाले केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल की कड़ी आलोचना की।

राहुल ने केंद्रीय मंत्री गोयल की टिप्पणी पर बनर्जी के जवाब से जुड़ी मीडिया रिपोर्टों को टैग करते हुए रविवार को अपने एक ट्वीट में कहा -प्रिय श्री बनर्जी, ये कट्टरपंथी घृणा में अंधे हैं और उन्हें इल्म नहीं है कि पेशवर व्यक्ति क्या होता है। आप उन्हें यह समझा नहीं सकते, भले ही आप एक दशक तक भी कोशिश करते रहें। उन्होंने कहा कि आप इस बात को ध्यान में रखें कि लाखों भारतीयों को आप के काम पर गर्व है। इससे

राहुल ने केंद्रीय मंत्री गोयल की टिप्पणी पर बनर्जी के जवाब से जुड़ी मीडिया रिपोर्टों को टैग करते हुए रविवार को अपने एक ट्वीट में कहा -प्रिय श्री बनर्जी, ये कट्टरपंथी घृणा में अंधे हैं और उन्हें इल्म नहीं है कि पेशवर व्यक्ति क्या होता है। आप उन्हें यह समझा नहीं सकते, भले ही आप एक दशक तक भी कोशिश करते रहें।

पहले पार्टी प्रियंका गांधी ने बनर्जी के संदर्भ में गोयल की टिप्पणी को लेकर शनिवार को अपने ट्वीट में कहा कि सरकार का काम कॉमेडी सर्कस चलाना नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था में सुधार करना है।

दरअसल केंद्रीय मंत्री ने पुणे में संवाददाताओं से बातचीत में बनर्जी को वाम झुकाव वाला व्यक्ति करार दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि न्यूनतम आय योजना पर बनर्जी के सुझाव को भारतीय मतदाताओं ने नकार दिया है और जैसा वह सोचते हैं उसे मानने की जरूरत नहीं है। इसके बाद बनर्जी ने शनिवार को एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा था कि वाणिज्य मंत्री मेरी पेशेवर दक्षता पर प्रश्न उठा रहे हैं। नोबेल विजेता बनर्जी ने एक टीवी चैनल से बातचीत में प्रोफेशनल तरीके से उन लोगों के साथ काम करने की बात पर जोर दिया था जिनकी नीतियों को लेकर अलग राय है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी आर्थिक सोच में पक्षपात नहीं करता। उन्होंने कहा कि हमने गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ काम किया।

लोकसभा चुनावों के दौरान बनर्जी ने कांग्रेस की न्याय योजना को तैयार करने में सहायता प्रदान की थी। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने वाले 20 फीसद परिवारों को सालाना 72 हजार रुपए देने का वादा किया गया था। बनर्जी ने कहा था कि अगर कांग्रेस की तरह भाजपा सरकार हमसे पूछती कि एक विशेष आय के तहत लोगों की संख्या क्या थी तो क्या मैंने उन्हें सच नहीं बताया होता? मैं सभी के साथ पेशेवर रहना चाहता हूं।

## भारतीय उप उच्चायुक्त तलब

पेज 1 का बाकी

हो गई और 16 अन्य नागरिक घायल हो गए। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान में बताया कि इस्लामाबाद में महानिदेशक (दक्षिण एशिया एवं दक्षेस) मोहम्मद फैसल ने अहलूवालिया को तलब किया और नियंत्रण रेखा पर शारदा, नेजापीर, सतवाल एवं बागसार सेक्टरों में बिना किसी उकसावे के भारतीय सुरक्षाबलों द्वारा किए गए संघर्षविराम उल्लंघन की निंदा की। फैसल ने कहा कि शारदा सेक्टर में बिना किसी उकसावे के भारतीय सेना द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी में दस साल के एक लड़के की मौत हो गई तथा छह बच्चों एवं दो महिलाओं समेत 16 अन्य घायल हो गए। इसके अलावा नेजापीर में भी दो नागरिक, सतवाल में एक बच्चे एवं एक महिला समेत तीन तथा बागसार सेक्टर में एक नागरिक घायल हो गया। पाकिस्तान का दावा है कि नियंत्रण रेखा एवं सीमा पर भारतीय सैन्यबल तोपखाने, भारी मोर्टार और स्वचालित हथियारों से रिहायशी क्षेत्रों को लगातार निशाना बना रहे हैं। भारत द्वारा यह अप्रत्याशित संघर्षविराम उल्लंघन 2017 से चल रहा है।

## एलओसी पर पाकिस्तान की कायराना करतूत में दो जवान शहीद

पेज 1 का बाकी

साल नामक स्थान में भी दो मकान ध्वस्त हुए हैं। यहां एक स्थानीय नागरिक की जान चली गई। इस बीच, कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी रेंजर्स की गोलाबारी में रविवार को एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया। हीरानगर सेक्टर में एक निर्माण कार्य को बाधित करने के उद्देश्य से पाकिस्तान की ओर से रात भर रुक-रुककर गोलाबारी की गई। पाकिस्तानी रेंजर्स ने शनिवार रात लगभग पौने आठ बजे मन्यारी-चोरगली क्षेत्र में गोलीबारी की और मोर्टार के गोले दागे, जिसका सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तानी मोर्टार का एक गोला एक मकान पर गिरा, जिससे उसमें आग लग गई।

## दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक और मां का शव मिला

पेज 1 का बाकी

कर रहे थे और उनकी मां के खिलाफ महिला विरोधी टिप्पणियां की गई थीं। उन्होंने कहा, 'हम अब भी नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ। लेकिन इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए मीडिया ट्रायल जिम्मेदार है।'

इससे पहले सुबह पुलिस स्टेनले के शव को कब्जे में लेकर जांच कर रही थी तभी यह पता चला कि पीतमपुरा, रानीबाग इलाके में एक महिला की संदिग्ध हालत में पंखे से लटकी लाश मिली है। पुलिस को रेलवे ट्रैक से स्टेनली का मोबाइल फोन, ड्राइविंग लाइसेंस और कुछ अन्य दस्तावेज मिले जिससे पता चला कि शव स्टेनली का ही है। मामले की छानबीन शुरू हुई तो पता चला कि पीतमपुरा, रानीबाग के जिस आशियाना अपार्टमेंट में महिला की लाश मिली वह ऐलन की मां लिजी थीं। पुलिस की शुरुआती जांच में यह आशंका जताई गई कि दोनों ही मामले आत्महत्या के हैं। हालांकि पुलिस इस बिंदु से भी जांच कर रही है कि बेटे ने पहले अपनी मां की हत्या की और फिर रेल के आगे आकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस के मुताबिक स्टेनली की मां के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था जिससे मामला कुछ संदिग्ध लग रहा है। पुलिस उनके रिश्तेदारों, साथियों और सोसाइटी में रहने वालों से पूछताछ कर मामले की गुत्थी सुलझाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने फ्लैट में उनकी मां का शव मिलने के बाद रानी बाग थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

स्टेनली पांच साल से दिल्ली में रह रहे थे और उनकी मां सात महीने पहले उनके पास रहने आई थीं। पुलिस के अनुसार उनके कुछ दोस्तों ने कहा कि स्टेनली के भीतर आत्मघाती प्रवृत्ति थी और पांच दिन पहले उन्हें बताया कि उन्होंने अपनी मां को आत्महत्या के लिए मजबूर करने की कोशिश की थी लेकिन उन्होंने मना कर दिया था।

## छह से ज्यादा पाक सैनिक ढेर, तीन आतंकी शिविर ध्वस्त

पेज 1 का बाकी

मारा गया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के तंगधार सेक्टर के दूसरी तरफ नीलम घाटी में चार आतंकी लॉन्च पैड भारतीय सेना की गोलाबारी में पूरी तरह से नष्ट हो गए। उस समय प्रत्येक ठिकाने में 10-15 आतंकवादी मौजूद थे। भारतीय सेना की इस कार्रवाई को फरवरी में बालाकोट हमले के बाद सबसे महत्त्वपूर्ण कार्रवाई बताया जा रहा है।

कुछ चुनिंदा मीडिया से बातचीत में जनरल बिपिन रावत ने कहा, 'अथमुकम, जूरा, कुंदलशाही में हमने आतंकी कैंपों को निशाना बनाया है। हमने घुसपैठ को रोकने के लिए यह कार्रवाई की। आप देख सकते हैं कि किस तरह से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और लगातार कोशिश कर रहा है कि बर्फबारी से पहले घाटी में आतंकियों की घुसपैठ कराई जा सके।' सरकार को इस अभियान के बारे में हर पल की जानकारी दी जाती रही। सेना की कार्रवाई के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार सेनाध्यक्ष के संपर्क में बने रहे। जनरल रावत ने कहा कि सैन्य अभियान को लेकर राजनीतिक नेतृत्व पूरी तरह से सेना के साथ है।

सेना ने इस अभियान में तोपखाने का प्रयोग किया। बोफर्स तोपों से आतंकी शिविरों और पाकिस्तानी फौज के बंकरों को निशाना बनाया गया। सेना प्रमुख ने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद से ही घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। सीमापार सक्रिय आतंकी सूबे में शांति और सौहार्द का माहौल बिगाड़ने के प्रयास में हैं। उन्होंने कहा कि घाटी में स्थितियां सामान्य हो रही हैं, लेकिन निश्चित तौर पर इससे पाकिस्तान परेशान है। वह आतंकियों और अपनी एजंसियों के जरिए जम्मू-कश्मीर के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश में जुटा है।

पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत तब आक्रामक हुआ जब पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर के तंगधार सेक्टर में बिना उकसावे के लगातार गोलीबारी शुरू कर दी। पाकिस्तान का मकसद भारत की सीमा में घुसपैठ कर रहे आतंकियों को कवर फायर देना था। एलओसी स्थित लीपा घाटी में बड़ी संख्या आतंकी भारत में घुसपैठ करने के लिए तैयार थे।

भारत की सेना के पास इन आतंकी शिविरों के बारे में खुफिया जानकारी थी। भारत ने आर्टिलरी गन का इस्तेमाल करते हुए आतंकियों के ठिकाने पर फायरिंग की और उसे नेस्तनाबूद कर दिया। सूत्रों ने बताया कि इन आतंकी शिविरों में 40-50 आतंकी मौजूद थे, जो भारत की सीमा में घुसने की फिराक में थे। पाक सेना इन आतंकियों की रक्षा में जुटी थी और इन्हें राशन-पानी भी मुहैया करा रही थी।

भारत की कार्रवाई से बार-बार इनकार करने वाले पाकिस्तान ने इस बार अपने नुकसान की बात मानी है। हालांकि भारत के सैन्य ऑपरेशन को स्वीकार करते हुए भी पाकिस्तान झूठ बोलने से बाज नहीं आया। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने ट्वीट किया कि झड़पों में पाकिस्तान ने अपना एक सैनिक और तीन नागरिक खो दिए। पाकिस्तान ने यह भी झूठा दावा किया है कि उसके सैनिकों की कार्रवाई में भारत के नौ सैनिक मारे गए हैं। भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है।

## सिकुड़ रहे हैं देहरादून, जयपुर, कोलकाता और बंगलुरु शहर

पेज 1 का बाकी

रहा है। डॉ सोम ने कहा, 'चूंकि यह 300 किमी की परिधि के अंदर डाटा जुटाने में सक्षम है, इसलिए हम यह भी कह सकते हैं कि कोलकाता सिकुड़ रहा है।' उन्होंने कहा कि जीएसआइ इस मुद्दे का समाधान करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारा जोड़-घटाव एक मिमी उर्ध्ववार या क्षैतिज गणना पर आधारित है। भूजल में कमी या टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों के कारण भूमि सिकुड़ सकती है।' सोम ने इस बात पर भी जोर दिया कि देश भर में बड़े शहर इसी समस्या का सामना कर रहे हैं। देश के पश्चिमी हिस्से के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि 'फोल्डिंग प्रोसेस' (मुड़ने की प्रक्रिया) अभी जारी है। यह फोल्ड उस वक्त पैदा होता है, जब समतल सतह दबाव और तापमान के कारण मुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी तट भी प्रभावित हो रहा है। तिरुवनंतपुरम और पुणे भी इस समस्या का सामना कर रहे हैं। भूर्गिभक और भू-भौतिक मापन के लिए साल्टलेक सहित देश भर में 22 वेधशालाएं स्थापित की गई हैं।

## हरियाणा में 370 मुद्दा नहीं, ध्यान भटकाने का खेल समझ गई जनता : सैलजा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 अक्तूबर।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने रविवार को भरोसा जताया कि सूबे में कांग्रेस सरकार बनाएगी। प्रदेश की 14वीं विधानसभा के गठन के लिए सोमवार को होने वाले मतदान से पहले सैलजा ने दावा किया राज्य के लोगों के बीच धारा 370 कोई मुद्दा नहीं है और लोग असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के भाजपा के खेल को अब समझ गए हैं।हरियाणा विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले सैलजा संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जमीन पर कांग्रेस के पक्ष में तेजी से बदलाव हुआ है। उन्होंने भरहोसा जताया कि प्रदेश में कांग्रेस ही सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग ध्यान भटकाने वाला उनका (भाजपा) खेल देख चुके हैं।

## रेलवे बोर्ड में घटेगी सदस्यों की संख्या

पेज 1 का बाकी

है कि 2015 में भारतीय रेलवे पर बीरेक डिब्रॉय समिति ने भी अपनी रिपोर्ट में रेलवे बोर्ड के पुनर्गठन की सिफारिश की थी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हमेशा देखा गया है कि रेलवे बोर्ड सहित रेलवे में कर्मचारियों की संख्या बहुत ज्यादा है। यह संगठन की दक्षता पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है।' सूत्रों के अनुसार रेलवे बोर्ड का पुनर्गठन मंत्रालय की कायापलट की शुरुआत मात्र है।

## ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने के कुछ देर बाद बंद

पेज 1 का बाकी

रोकना पड़ा। प्रत्येक श्रद्धालु से 20 अमेरिकी डॉलर (लगभग 1400 रुपए) की सेवा शुल्क फीस वसूली के पाकिस्तान के प्रस्ताव का भारत कड़ा विरोध कर रहा है। शनिवार की देर रात तक दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इस मुद्दे पर बातचीत चली, जो रविवार को भी जारी रही। इसमें सहमति नहीं बन सकी। गलियारे के सहमति मसविदे को लेकर भारत-पाकिस्तान अधिकारियों के बीच तीन औपचारिक बैठकें हो चुकी हैं। अंतिम बैठक में पाकिस्तान ने प्रति श्रद्धालु 20 डॉलर फीस की शर्त रखी थी। भारत का तर्क है कि दुनिया के किसी भी देश में धार्मिक गलियारे पर फीस वसूलने की प्रथा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ नवंबर को डेरा बाबा नानक में भारत की ओर से गलियारे का उद्घाटन करेंगे। उसके बाद पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह जत्था लेकर गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के दर्शनों के लिए जाएंगे, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह भी बतौर श्रद्धालु शामिल होंगे। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान नौ नवंबर को अपनी तरफ गलियारे का उद्घाटन करेंगे। पाकिस्तान के साथ जिन मुद्दों पर अब तक सहमति नहीं बन सकी है, उनमें फीस के अलावा करतारपुर साहिब के दर्शन का समय का मुद्दा भी है। यही नहीं, भारत ने रोजाना भारतीय प्रोटोकॉल ऑफिसर के भी दौरे की अनुमति मांगी है। करतारपुर गलियारा करतारपुर के दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक धर्मस्थल से जोड़ेगा, जिसके जरिए भारतीय श्रद्धालु वीजा मुक्त आवाजाही कर पाएंगे। श्रद्धालुओं को करतारपुर साहिब जाने के लिए परमिट लेना होगा।

## जम्मू के स्कूलों में छात्रों की हाजिरी सौ फीसद

पेज 1 का बाकी

लैंडलाइन कनेक्शन दो महीने पहले चालू कर दिए गए थे जबकि 14 अक्टूबर को पोस्ट पेड मोबाइल कनेक्शन बहाल किए गए। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष राज्य के दर्जे को खत्म कर दिया था और राज्य का दो केंद्र शासित प्रदेशों में बंटवारा कर दिया था। इसके बाद राज्य में लोगों और गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी और फोन कनेक्शनों को बंद कर दिया गया था। जम्मू-कश्मीर प्रशासन की रिपोर्ट के हवाले से गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि कश्मीर घाटी में 20.13 फीसद बच्चे स्कूल आ रहे हैं जबकि जम्मू क्षेत्र में 100 प्रतिशत छात्र स्कूल आ रहे हैं। घाटी में शुक्रवार तक 86.3 प्रतिशत और जम्मू में 100 फीसद शिक्षक स्कूल आ रहे थे। जम्मू-कश्मीर में कुल 21,328 स्कूल खुल गए हैं जो कुल विद्यालयों का 98 फीसद है।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने पिछले हफ्ते कक्षा पांचवीं से 12वीं तक के लिए साल के अंत की परीक्षाओं की घोषणा की थी। इसका मकसद स्कूलों में छात्रों की हाजिरी को बढ़ाना है। अधिकारी ने बताया कि 202 में से किसी भी थानाक्षेत्र में कोई पाबंदी नहीं है, जबकि खाने का सामान, बच्चों के खाने का सामान, पेट्रोलियम उत्पाद जैसे जरूरी सामान पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में 130 बड़े अस्पताल और 4,359 स्वास्थ्य केंद्र सामान्य तौर पर काम कर रहे हैं और रोजाना औसतन 600 ऑपरेशन हो रहे हैं तथा ओपीडी में 65,000 मरीजों को देखा जा रहा है।

## एअर इंडिया के लिए अगले महीने बोलियां मंगा सकती है सरकार

पेज 1 का बाकी

कि इस महीने के अंत में या अगले महीने बोलियां मंगाई जा सकती हैं। इसकी निविदा हाल ही में विकसित ई-निविदा प्रणाली से की जाएगी।

नागर विमानन सचिव प्रदीप सिंह खरोला ने कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक से पहले एक समीक्षा बैठक की थी। निदेशक मंडल की बैठक 22 अक्तूबर का होने वाली है। इस एअरलाइन के कर्मचारियों की यूनियनें विनिवेश के प्रस्ताव का विरोध कर रही है। उन्हें नौकरी जाने का डर है। एअरलाइन की बैलेंसशीट स्वच्छ करने के लिए करीब 30,000 करोड़ रुपए का कर्ज बांड जारी करके किया जाना है। ये बांड एअरलाइन की विशेष उद्देशीय कंपनी एअर इंडिया एसेट होल्डिंग कंपनी (एआइएएचएल) की ओर से जारी किए जा सकते हैं।

एआइएएचएल का गठन इस उद्देश्य से किया गया है कि एअरलाइन के क्रियाशल पूंजीगत रिण, तैल-चित्र और कलात्मक वस्तुओं तथा एअर इंडिया की अनुषंगी कंपनियों एअर इंडिया एअर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज, एअरलाइन एलाएड सर्विसेज, एअर इंडिया सहित इंजीनियरिंग सर्विसेज और होटल कार्पोरेशन आफ इंडिया के पास पड़ी किसी भी प्रकार की संपत्ति को एक जगह किया जा सके। कंपनी अब तक 21,985 करोड़ रुपए बांड से जुटा चुकी है

## आयोग ने तैनात किया विशेष पर्यवेक्षक

पेज 1 का बाकी

के फूल को ही जाएगा।' हालांकि, बख्शीश सिंह ने इस वीडियो को गलत बताते हुए कहा कि वीडियो से छेड़छाड़ की गई है।

भाजपा प्रत्याशी बख्शीश का यह वीडियो असंध विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा के दौरान का बताया जा रहा है। वीडियो में बख्शीश सिंह मतदाताओं से कथित रूप से यह कहते हुए दिख रहे हैं कि 'चाहे कोई भी बटन दबा लेना, वोट भाजपा के खाते में ही जाएगा।' वीडियो में बख्शीश पंजाबी में कथित रूप से कह रहे हैं, 'आज अगर आपने गलती की तो पांच साल भुगतोगे। हमें यह भी पता चल जाएगा कि किसने कहां पर वोट डाला है। अगर कहोगे तो बता भी देंगे। मोदी जी और मनोहर लाल की नजरें बहुत तेज हैं। आप वोट कहीं भी डालना निकलनी फूल की ही है... हमने मशीनों में पुर्जे फिट किए हैं।'

इनेलो ने ट्वीट कर चुनाव आयोग से इसका संज्ञान लेने की मांग करते हुए कहा, 'हरियाणा में असंध (करनाल) से भाजपा उम्मीदवार बख्शीश विर्क खुद बोल रहे हैं कि हमने पुरजा फिट किया है ईवीएम मशीन में, हमें ये पता लग जाएगा किसने किस को वोट दिया है। अंदर वोट चाहे किसी को दे दो, मिलेगा हमें ही। आयोग कृपया इस मामले में संज्ञान ले।' विर्क की इस कथित टिप्पणी को जननायक जनता पार्टी (जजपा) नेता दुष्यंत चौटाला, कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक तंवर ने शर्मनाक बताया है। अशोक तंवर ने कहा कि वे तो पहले ही इसकी आशंका जता चुके हैं। भाजपा उम्मीदवार का इस समय पर बयान ईवीएम में गड़बड़ी की बात को और पुख्ता करता है।

आयोग ने एक बयान में कहा कि असंध से भाजपा उम्मीदवार के कथित बयान को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद उसने जुत्शी की तैनाती की है। जुत्शी राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रह चुके हैं। चुनाव आयोग के दिल्ली स्थित मुख्यालय में भी विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके जुत्शी हाल ही में लोकसभा चुनाव के अलावा त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना विधानसभा चुनाव में भी विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे।

# महाराष्ट्र, हरियाणा में मतदान आज, 51 सीटों पर भी उपचुनाव

पेज 1 का बाकी

चुनाव मैदान में हैं। वर्तमान में राज्य विधानसभा में भाजपा के 48 सदस्य हैं।

इनेलो से टूटकर बनी दुष्यंत चौटाला की अगुआई वाली जननायक जनता पार्टी (जजपा) भी लोकसभा में हार के बाद अपनी संभावनाओं में सुधार की उम्मीद कर रही है। बसपा, आप, इनेलो-शिअद गठबंधन, स्वराज इंडिया और लोकतांत्रिक सुरक्षा पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारे हैं। हालांकि इनमें से कोई भी सभी 90 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ रहा। चुनाव लड़ रहे प्रमुख उम्मीदवारों में खट्टर (करनाल), पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा (गढ़ी सांपला किलोई), रणदीप सिह सुरजेवाला (कैथल), किरण चौधरी (तोशाम) और कुलदीप विश्नोई (आदमपुर) और जजपा के दुष्यंत चौटाला (उचना कलां) शामिल हैं।

भाजपा ने तीन खिलाड़ियों को मैदान में उतारा हैं जिसमें बबीता फोगाट (दादरी), योगेश्वर दत्त (सोनीपत में बरोडा) और संदीप सिंह (पेहोवा) हैं। वहीं भाजपा ने टिक टॉक स्टार सोनाली फोगाट को (आदमपुर) से चुनाव मैदान में उतारा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में सात रैलियों को संबोधित किया, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दो चुनावी रैलियों को संबोधित किया। साल 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 47 सीटें जीतकर पहली बार सत्ता में आई थी। भाजपा ने इस वर्ष पहले हुए जींद उपचुनाव भी जीत लिया था जिससे उसकी सीटों की संख्या बढ़कर 48 हो गई थी। इनेलो के 19 विधायक हैं जबकि कांग्रेस के 17 विधायक हैं। पिछले विधानासभा चुनाव में बसपा और शिअद ने एक एक सीटें जबकि पांच सीटें निर्दलीयों ने जीती थीं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा की अगुआई वाले महागठबंधन अथवा 'महायुति' और कांग्रेस राकांपा गठबंधन अथवा 'महा अघाड़ी' (मोर्चा) के बीच है। इस चुनाव में 4,28,43,635 महिला मतदाताओं सहित कुल 8,98,39,600 मतदाता मतदान के लिए योग्य हैं। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 235 महिलाओं समेत 3,237 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मतदान के लिए 96,661 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिन पर साढ़े छह लाख कर्मचारी तैनात किए गए हैं। महाराष्ट्र में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों के तीन लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती की गई है। महाराष्ट्र में भाजपा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए प्रयासरत है। भाजपा 164 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जिसमें उसके कमल के निशान पर चुनाव लड़ने वाले छोटे सहयोगी दलों के उम्मीदवार शामिल हैं। वहीं शिवसेना ने 126 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस ने 147 और सहयोगी राकांपा ने 121 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। अन्य दलों में, राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने 101 उम्मीदवार, भाकपा ने 16, माकपा ने आठ उम्मीदवार उतारे हैं। बसपा ने 262 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। कुल 1400 निर्दलीय भी चुनाव मैदान में हैं।

सतारा लोकसभा सीट के लिए भी उपचुनाव होगा। राकांपा के पूर्व नेता और मौजूदा सांसद उदयनराजे भोसले भाजपा के टिकट पर कांग्रेस-राकांपा गठबंधन के श्रीनिवास पाटिल के खिलाफ मैदान में हैं। समस्तीपुर (बिहार) लोकसभा सीट के लिए भी उपचुनाव होगा जो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की घटक व रामविलास पासवान के नेतृत्व वाली लोकजनशक्ति पार्टी के पास थी। 17 राज्यों की 51 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होगा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों के पास इनमें से करीब 30 सीटें हैं जबकि कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं और बाकी क्षेत्रीय दलों के पास गई थीं। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश की 11 सीटों, गुजरात की छह सीटों, बिहार की पांच, असम की चार और हिमाचल प्रदेश व तमिलनाडु की दो-दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा। अन्य राज्यों जहां उपचुनाव होगा उनमें पंजाब की चार सीटें, केरल की पांच, सिक्किम की तीन, राजस्थान की दो और अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओड़ीशा, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी, मेघालय और तेलंगाना की एक-एक विधानसभा सीटें शामिल होंगी।

उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में चतुष्कोणीय मुकाबले की संभावना है क्योंकि भाजपा, बसपा, सपा और कांग्रेस ने सभी 11 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। पूर्व में इन सीटों में से आठ सीटें भाजपा और एक सीट भाजपा की सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के पास थीं।

प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एजंसी को बताया, एएआइ ने कोलकाता हवाई अड्डे के पास 145 एकड़, अमृतसर हवाई अड्डे के नजदीक 45 एकड़, भुवनेश्वर हवाई अड्डे के नजदीक कुछ जगह, जयपुर हवाई अड्डे के पास 35 एकड़, वाराणसी हवाई अड्डे के समीप 60 एकड़, लखनऊ हवाई अड्डे के नजदीक 217 एकड़, रायपुर हवाई अड्डे के पास 80 एकड़ और तिरुपति हवाई अड्डे के पास 117 एकड़ जमीन की पहचान की है। अधिकारी ने स्पष्ट किया, जमीन के सभी टुकड़े संबंधित हवाई अड्डे में ही स्थित है ... इससे होने वाली आय को दूरदराज के इलाकों में हवाई अड्डे का बुनियादी ढांचा विकसित करने में लगाया जाएगा। नागर विमानन मंत्रालय के अधीन आने वाले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण देशभर में 129 हवाई अड्डों का परिचालन करता है। इनमें से 94 हवाई अड्डे 2017-18 में घाटे में चल रहे थे।

...continued from previous page



**V. FINANCIAL ARRANGEMENTS**

41. The total funding requirement for this Offer is INR 41,46,94,46,057.26 (Rupees Four Thousand One Hundred and Forty Six Crores Ninety Four Lakhs Forty Six Thousand Fifty Seven and Twenty Six Paise only), assuming full acceptance of this Offer (i.e. the Maximum Offer Consideration).

42. The Acquirer confirms that it has made firm financial arrangements for fulfilling its payment obligations under this Offer in terms of Regulation 25(1) of the SEBI SAST Regulations and the Acquirer is able to implement this Offer. SSPA & Co., with Registration Number 128851 W and having its office at 1st Floor, "Arjun", Plot No. 6A, V.P. Road, Andheri (W), Mumbai 400 058 (Telephone Number: +91 22 2670 4376 / +91 22 2670 3682) by its certificate dated October 14, 2019, has certified that the Acquirer has made firm financial arrangements to meet its financial obligations under the Offer. The source of funds for the Acquirer is foreign funds.

43. In accordance with Regulation 17(1) of the SEBI SAST Regulations, the Acquirer, the Managers to the Offer and Citibank, N.A. ("**Escrow Agent**") have entered into an escrow agreement on October 14, 2019 ("**Offer Escrow Agreement**"). Pursuant to the Offer Escrow Agreement, the Acquirer has established an escrow account under the name and title of "Adani Gas Open Offer Escrow Account" bearing account number 22683012 ("**Escrow Account**") with the Escrow Agent and has (i) made a cash deposit of approximately INR 41,46,94,461.00 (Rupees Forty One Crores Forty Six Lakhs Ninety Four Thousand Four Hundred Sixty One only) ("**Escrow Amount**"); and (ii) deposited a bank guarantee from Citibank, N.A., through its branch situated at 1st Floor, DLF Capitol Point, Baba Kharak Singh Marg, Connaught Place, New Delhi, 110001, having bank guarantee no. 5540606097 in favour of the Manager to the Offer for an amount of INR 4,89,70,06,963 (Rupees Four Hundred and Eighty Nine Crores Seventy Lakhs Six Thousand Nine Hundred and Sixty Three only) ("**Guarantee**"), in the Escrow Account in accordance with the Regulation 17(3) and Regulation 17(4) of the SEBI SAST Regulations. The Managers to the Offer have been fully authorised and empowered by the Acquirer to operate and realise the Escrow Amount lying to the credit of the Escrow Account and the Guarantee in accordance with the SEBI SAST Regulations.

44. Based on the above, the Managers to the Offer are satisfied that firm arrangements have been put in place by the Acquirer to fulfil its obligations in relation to this Offer through verifiable means in accordance with the SEBI SAST Regulations.

**VI. STATUTORY AND OTHER APPROVALS REQUIRED FOR THE OFFER**

45. The regulatory / statutory approval required to complete the acquisitions under the SPA, the SHA and this Offer as on the date of this DPS (the "**Statutory Approval**") is the CCI Approval.

46. As on the date of this DPS, to the best of the knowledge of the Acquirer, except as mentioned in Paragraph 46 of this DPS, there are no statutory approval(s) required by the Acquirer to complete the SPA, the SHA and this Offer. However, in case of any further statutory approval(s) being required by the Acquirer at a later date, this Offer shall be subject to such approvals and the Acquirer shall make the necessary applications for such approvals. In case of delay in receipt of any statutory approval(s), SEBI may, if satisfied that such delay in receipt of the statutory approval(s) was not attributable to any wilful default, failure or neglect on the part of the Acquirer to diligently pursue such approval(s), and subject to such terms and conditions as specified by SEBI, including payment of interest in accordance with Regulation 18(11) of the SEBI SAST Regulations, grant an extension of time to the Acquirer pending receipt of such statutory approval(s) to make the payment of the consideration to the Public Shareholders whose Equity Shares have been accepted in the Offer. Provided that where the statutory approval(s) extend to some but not all holders of the Equity Shares, the Acquirer shall have the option to make payment to such holders of the Equity Shares in respect of whom no statutory approval(s) are required in order to complete this Offer.

47. All Public Shareholders, including holders of Equity Shares who are not persons resident in India, must obtain all requisite approvals required, if any, to tender their Equity Shares in the Offer (including without limitation, approval from the RBI) and submit copies of such approvals, along with the other documents required for accepting this Offer. In the event copies of such approvals / documents are not submitted, the Acquirer reserves the right to reject such Equity Shares tendered in this Offer.

48. If the holders of the Equity Shares who are not persons resident in India (including non-resident Indians (NRIs), overseas corporate bodies (OCBs) and foreign portfolio investors (FPIs)) had required any approvals (including from the RBI, or any other regulatory body) in respect of the Equity Shares held by them, they will be required to submit copies of such previous approvals, obtained for holding the Equity Shares, in order to tender the Equity Shares held by them in this Offer, along with all the other documents required for accepting this Offer. In the event copies of such approvals / documents are not submitted, the Acquirer reserves the right to reject such Equity Shares tendered in this Offer.

49. The Acquirer will have the right to withdraw this Offer in accordance with Regulation 23 of the SEBI SAST Regulations, in the event the Statutory Approval as aforesaid, whether relating to the SPA, the SHA or this Offer, specified in this DPS or those which become applicable prior to completion of the Offer are not received or are refused for any reasons which are outside of the reasonable control of the Acquirer. Other than the Statutory Approval, the completion of the acquisition under the SPA is conditional upon the conditions precedent in the SPA, as stated in Paragraph 28(iv) above.

50. In the event of withdrawal of this Offer, a public announcement will be made within 2 (two) Working Days of such withdrawal, in accordance with Regulation 23(2) of the SEBI SAST Regulations.

**VII. TENTATIVE SCHEDULE OF ACTIVITY**

| Name of Activity | Schedule of Activities Day and Date |
|---|---|
| Issue of Public Announcement | Monday, October 14, 2019 |
| Publication of the DPS in newspapers | Monday, October 21, 2019 |
| Filing of the Draft Letter of Offer with SEBI | Tuesday, October 29, 2019 |
| Last date for public announcement for competing offer(s) | Wednesday, November 13, 2019 |
| Last date for receipt of comments from SEBI on the Draft Letter of Offer (in the event SEBI has not sought clarification or additional information from the Managers to the Offer) | Wednesday, November 20, 2019 |
| Identified Date* | Friday, November 22, 2019 |
| Last date for dispatch of the Letter of Offer to the Public Shareholders of the Target Company | Friday, November 29, 2019 |
| Last date by which a committee of independent directors of the Target Company is required to give its recommendation to the Public Shareholders of the Target Company for this Offer | Wednesday, December 4, 2019 |
| Last date for upward revision of the Offer Price and/or the Offer Size | Wednesday, December 4, 2019 |
| Date of publication of announcement of the commencement of the Tendering Period, in the newspapers in which the DPS has been published | Thursday, December 5, 2019 |
| Date of commencement of the Tendering Period | Friday, December 6, 2019 |
| Date of closure of the Tendering Period | Thursday, December 19, 2019 |
| Last date of communicating the rejection/ acceptance and completion of payment of consideration or refund of Equity Shares to the Public Shareholders of the Target Company | Friday, January 3, 2020 |
| Last date for publication of post-Offer public announcement in the newspapers in which the DPS has been published | Friday, January 10, 2020 |

* The Identified Date is only for the purpose of determining the Public Shareholders as on such date to whom the Letter of Offer would be sent in accordance with the SEBI SAST Regulations. It is clarified that all Public Shareholders (i.e. holders (registered or unregistered) of Equity Shares (except the Acquirer, parties to the SPA and the SHA and persons deemed to be acting in concert with the parties to the SPA and the SHA)) are eligible to participate in the Offer any time during the Tendering Period.

Note: The above timelines are indicative (prepared on the basis of timelines provided under the SEBI SAST Regulations) and are subject to receipt of the Statutory Approval.

**VIII. PROCEDURE FOR TENDERING THE SHARES IN CASE OF NON RECEIPT OF LETTER OF OFFER**

51. For the purpose of the Offer, Link Intime India Private Limited ("**Registrar to the Offer**") has opened a special escrow depository account in the name and style of "LIIPL Adani Gas Open Offer Escrow Demat Account" ("**Open Offer Escrow Demat Account**") with Ventura Securities Limited as the depository participant in National Securities Depository Limited. The depository participant identification number is IN303116 and the client identification number is 12970659.

52. Subject to Part VI (Statutory and Other Approvals) above, all Public Shareholders of the Target Company, holding Equity Shares in dematerialized form, registered or unregistered, are eligible to participate in this Offer at any time during the Tendering Period.

53. The Acquirer is not a person resident in India under applicable Indian foreign exchange control regulations and will not have control over the Target Company at the time of acquiring the Equity Shares tendered by the Public Shareholders under the Offer ("**Offer Shares**"). Therefore, the Acquirer will not be permitted to acquire the Equity Shares of the Target Company on the floor of the recognized stock exchanges in India, as per applicable Indian foreign exchange control regulations. Therefore, the Acquirer will acquire the Offer Shares in accordance with the 'tender offer method' prescribed by SEBI, in accordance with SEBI Circular CIR/CFD/POLICYCELL/1/2015 dated April 13, 2015, as amended by SEBI Circular CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 9, 2016.

54. Persons who have acquired Equity Shares but whose names do not appear in the register of members of the Target Company on the Identified Date, or unregistered owners or those who have acquired Equity Shares after the Identified Date, or those who have not received the Letter of Offer, may also participate in this Offer (subject to Part VI (Statutory and Other Approvals) above and provided that they are not parties to the SPA or the SHA, or actual or deemed persons acting in concert with such parties), by submitting an application on plain paper giving details regarding their shareholding and confirming their consent to participate in this Offer on the terms and conditions of this Offer as set out in the Public Announcement, this DPS and the Letter of Offer to be issued. Alternatively, such holders of Equity Shares may also apply in the form of acceptance-cum-acknowledgement in relation to this Offer annexed to the Letter of Offer, which may be obtained from the SEBI website (www.sebi.gov.in) or the Registrar to the Offer. Any such applications must be sent to the Registrar to the Offer at the address mentioned below in Part XI (Other Information) so as to reach the Registrar to the Offer on or before 4:00 p.m. on the date of closure of the Tendering Period, together with:

(i) Where the Equity Shares held in dematerialized form, the name of the Depository Participant ("**DP**"), the DP identity and beneficiary account number, together with a photocopy or counterfoil of the delivery instruction slip in "off-market" mode duly acknowledged by the DP for transferring the Equity Shares in favour of the Open Offer Escrow Demat Account. Any Public Shareholders tendering Equity Shares in dematerialized form should ensure that the Equity Shares are credited in the favour of the Open Offer Escrow Demat Account during the Tendering Period. Any form of acceptance in respect of dematerialized Equity Shares not credited to the Open Offer Escrow Demat Account on or before the Offer Closing Date is liable to be rejected; or

(ii) Public Shareholders having their beneficiary account with Central Depository Services (India) Limited must use the inter-depository delivery instruction slip for the purpose of crediting their Equity Shares in favour of the Open Offer Escrow Demat Account.

**IX. PROCEDURE TO BE FOLLOWED BY THE PUBLIC SHAREHOLDERS HOLDING EQUITY SHARES IN PHYSICAL FORM:**

i. As per the provisions of Regulation 40(1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and SEBI PR 51/2018 dated December 3, 2018, requests for transfer of securities shall not be processed unless the securities are held in dematerialised form with a depository w.e.f. April 1, 2019.

ii. Accordingly, the Public Shareholders who are holding Equity Shares in physical form and are desirous of tendering their Equity Shares in the Offer can do so only after the Equity Shares are dematerialised. Such Public Shareholders are advised to approach any depository participant to have their Equity Shares dematerialised.

**X. DETAILED PROCEDURE FOR TENDERING THE EQUITY SHARES IN THIS OFFER WILL BE AVAILABLE IN THE LETTER OF OFFER**

**XI. OTHER INFORMATION**

55. The Acquirer and the President of the Acquirer accept full responsibility for the obligations of the Acquirer as laid down in terms of the SEBI SAST Regulations and for the information contained in the Public Announcement and this DPS. All the information pertaining to the Target Company has been obtained from publicly available sources and the accuracy thereof has not been independently verified by the Manager to the Offer.

56. In this DPS, any discrepancy in any table between the total and sums of the amount listed is due to rounding off and/or regrouping.

57. In this DPS, all references to "**Re.**" or "**Rs.**" or "**INR**" are references to the Indian Rupee.

58. The Public Announcement and this DPS would also be available on SEBI's website (www.sebi.gov.in).

59. The Acquirer has appointed Citigroup Global Markets India Private Limited as the Manager to the Offer and Link Intime India Private Limited as the Registrar to the Offer as per the details below:

| Manager to the Offer | Registrar to the Offer |
|---|---|
| citi<br>**Citigroup Global Markets India Private Limited**<br>1202, 12th Floor, First International Financial Centre, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai 400098<br>Tel: +91 22 61759999<br>Fax: +91 22 61759898<br>Website: www.online.citibank.co.in/rhtm/citigroupglobalscreen1.htm<br>Email: adanigas.openoffer@citi.com<br>Contact person: Ms. Garima Maheshwari<br>SEBI Registration Number: INM000010718 | LINK Intime<br>**Link Intime India Private Limited**<br>C-101, 247 Park, Lal Bahadur Shastri Marg, Vikhroli (West), Mumbai - 400 083<br>Tel: + 91 22 49186200<br>Fax: + 91 22 49186195<br>Website: www.linkintime.co.in<br>Email: adanigas.offer@linkintime.co.in<br>Contact Person: Mr. Sumeet Deshpande<br>SEBI Registration Number: INR000004058 |

**For and on behalf of the Acquirer**
**TOTAL HOLDINGS SAS (Acquirer)**
**Sd/-**

**Place: Mumbai**
**Date: October 19, 2019**

2

Adfactors 299

## खबर कोना



ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने रविवार को यूरोपीय ओपन टेनिस टूर्नामेंट का एकल खिताब जीता।

### मरे की ढाई साल में पहली खिताबी जीत

एंटवर्प (बेल्जियम) 20 अक्तूबर (एएफपी)।

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एंडी मरे ने ढाई साल में पहली बार किसी टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई और फिर स्टेन वावरिंका को 3-6,6-4, 6-4 से हराकर खिताब जीत लिया। जनवरी में कूल्हे का ऑपरेशन करवाने वाले मरे ने इससे पहले फ्रांस के युगो हम्बर्ट को 3-6, 7-5, 6-2 से हराकर यूरोपियन ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। मरे ने जीत के बाद कहा कि यह मेरे लिए हैरानी भरा है। मैं फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। मरे का वावरिंका के खिलाफ रेकार्ड 12-8 है। स्विट्जरलैंड के वावरिंका ने इससे पहले इतालवी किशोर जेनिक सिनर को 6-3, 6-2 से हराया और अपने करिअर में 30वीं बार फाइनल में जगह बनाई।

### आस्ट्रेलियाई टीम के सहयोगी स्टाफ बने हसी

सिडनी, 20 अक्तूबर (एएफपी)।

आस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर ने मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज माइकल हसी को श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली आगामी टी-20 शृंखलाओं के लिए 'मेंटर' के रूप में टीम के सहयोगी स्टाफ से जोड़ा है। हसी टीम से जुड़ने वाले तीसरे दिग्गज हैं। इससे पहले वनडे विश्व कप के दौरान रिकी पोंटिंग टीम से जुड़े थे जबकि इंग्लैंड में एशेज शृंखला के दौरान स्टीव वॉ ने टीम की मदद की थी। 'मिस्टर क्रिकेट' का उपनाम पाने वाले हसी ने 'सिडनी डेली टेलीग्राफ' से कहा, 'मैं वास्तव में बहुत उत्साहित हूं। मैं आस्ट्रेलियाई टीम के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हूं।' आस्ट्रेलिया गर्मियों के अपने सत्र के शुरू में श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ तीन-तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला खेलेगा। लैंगर ने इससे पहले टैस्ट तेज गेंदबाज रेयान हैरिस को शृंखला के लिए गेंदबाजी कोच बनाया था।

### यूएई ने आयरलैंड को हराकर की वापसी

अबुधाबी, 20 अक्तूबर (एएफपी)।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने रोहन मुस्तफा के ऑलराउंड खेल के दम पर आइसीसी टी-20 विश्व कप 2020 के क्वालीफाईंग टूर्नामेंट में आयरलैंड को पांच विकेट से हराकर उलटफेर किया। यूएई अपने पहले मैच में ओमान से हार गया था। वह दूसरे मैच में कप्तान मोहम्मद नावीद, बल्लेबाज शैमान अनवर और तेज गेंदबाज कादीर अहमद के बिना उतरा था जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों में आयरलैंड ही एकमात्र टीम है जिसे टैस्ट दर्जा हासिल है। आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने 58 गेंदों पर 72 रन बनाए लेकिन कोई भी अन्य बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे पाया। उनकी टीम 20 ओवरों में 125 रन पर आउट हो गई। ऑफ स्पिन ऑलराउंडर मुस्तफा ने 18 रन देकर चार विकेट लिए।

# रोहित ने ठोका पहला दोहरा शतक

**तीसरा टैस्ट दूसरा दिन**



रांची, 20 अक्तूबर (भाषा)।

रोहित शर्मा के टैस्ट क्रिकेट में पहले दोहरे शतक और अजिंक्य रहाणे की शतकीय पारी से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टैस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी 497 रन पर समाप्त घोषित की। इसके बाद तेज गेंदबाजों ने खराब मौसम के कारण खेल जल्दी समाप्त किए जाने से पहले दक्षिण अफ्रीका का शीर्षक्रम लड़खड़ाकर भारत का पलड़ा भारी रखा।

दक्षिण अफ्रीका की पारी में केवल पांच ओवर फेंके गए लेकिन इस बीच भारत ने उसके दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। अंपायरों ने जब दिन का खेल समाप्त घोषित करने का फैसला किया तब दक्षिण अफ्रीका दो विकेट पर नौ रन बनाकर संघर्ष कर रहा था।

इससे पहले रोहित टैस्ट और वनडे दोनों प्रारूपों में दोहरे शतक जड़ने वाले विशिष्ट क्लब में शामिल हुए। इस शृंखला में पहली बार सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे रोहित ने सुबह 117 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और 255 गेंदों का सामना करके 212 रन बनाए। इसमें 28 चौके और छह छक्के शामिल हैं। रोहित की शानदार पारी अजिंक्य रहाणे (115) के बेहतरीन प्रयास पर हावी हो गई। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर पिछले तीन साल में अपना पहला और कुल 11वां टैस्ट शतक लगाया। उन्होंने अपनी पारी में 192 गेंदें खेली तथा 17 चौके और एक छक्का लगाया। रविंद्र जडेजा ने छठे नंबर के साथ पूरा न्याय करके अर्धशतक पूरा किया जबकि अंतिम क्षणों में उमेश यादव ने छक्कों की झड़ी लगाई और दस गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। भारतीय पारी समाप्त होने के बाद चाय का विश्राम लिया गया लेकिन उसके बाद केवल पांच ओवर किए गए।

मोहम्मद शमी ने अपनी दूसरी गेंद पर ही डीन एलगार (शून्य) को विकेट के पीछे कैच करा दिया। उनकी अतिरिक्त उछाल लेती गेंद एल्गर के दस्तानों को चूमकर ऋद्धिमान साहा के हाथों में पहुंची। उमेश यादव ने अगले ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकाक (चार) को साहा के हाथों कैच कराया। इसके बाद खराब रोशनी के कारण विराट कोहली को तेज गेंदबाज हटाने पड़े। स्टंप उखड़ने के समय कप्तान फाफ डुप्लेसिस एक रन पर खेल रहे थे जबकि जुबैर हमजा को अभी खाता खोलना है।

भारत पहले दोनों टैस्ट मैच जीतकर शृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका है लेकिन विश्व चैंपियनशिप के अहम अंकों को ध्यान में रखते हुए यह मैच भी उसकेलिए अहम है।

## स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी :**

मयंक अग्रवाल का एल्गर बो रबाडा 10, रोहित शर्मा का लुंगी एनगिडी बो रबाडा 212, चेतेश्वर पुजारा पगबाधा बो रबादा 00, विराट कोहली पगबाधा बो नॉर्टजे 12, अजिंक्य रहाणे का क्लासेन बो जार्ज लिंडे 115, रविंद्र जडेजा का क्लासेन बो जार्ज लिंडे 51, ऋद्धिमान साहा बो जार्ज लिंडे 24, रविचंद्रन अश्विन स्टंप क्लासेन बो डेन पीट 14, उमेश यादव का क्लासेन बो जार्ज लिंडे 31, शाहबाज नदीम नाबाद 01, मोहम्मद शमी नाबाद 10

**गेंदबाजी** : कागिसो रबादा 23-7-85-3, लुंगी एनगिडी 20-5-83-0, एनरिच नॉर्टजे 24.3-5-79-1, जार्ज लिंडे 31-2-133-4, डेन पीट 18-3-101-1

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी :**

डीन एल्गर का साहा बो मोहम्मद शमी 00, क्विंटन डिकाक का साहा बो उमेश यादव 04, जुबेर हमजा खेल रहे हैं 00, फाफ डुप्लेसिस खेल रहे हैं 01

**गेंदबाजी** : मोहम्मद शमी 1-1-0-1, उमेश यादव 1-0-4-1, शाहबाज नदीम 2-2-0-0, रविंद्र जडेजा 1-0-1-0

**रोहित शर्मा ने 4 पारियों में 529** रन बनाए हैं और किसी टैस्ट शृंखला में 500 से अधिक रन बनाने वाले सिर्फ पांचवें भारतीय सलामी बल्लेबाज बने।

**3** भारतीयों ने दोहरे शतक लगाए इस सीरीज में अब तक

**19** छक्के रोहित शर्मा ने जड़े इस टूर्नामेंट में अब तक

**19**78 में आखिरी बार किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज ने तीन या इससे अधिक टैस्ट शतक लगाए थे एक सीरीज में

## रोहित शर्मा ने कहा

# पारी का आगाज करना एक अलग तरह की चुनौती

रांची, 20 अक्तूबर (भाषा)।

रोहित शर्मा को हमेशा से पता था कि टैस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी नई भूमिका में मिले मौकों का उन्हें सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल करना होगा और अगर वे ऐसा नहीं करते तो लंबे प्रारूप में उनकी संभावनाओं पर काफी असर पड़ सकता था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में अपने पहले ही टैस्ट में रोहित ने 176 और 127 रन की पारियां खेली और अब तीसरे टैस्ट में दोहरा शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग की बराबरी करते हुए दो प्रारूप में 200 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने।

रोहित ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'अगर मैं रन नहीं बनाता तो काफी कुछ होने वाला था और नहीं तो आप मेरे बारे में काफी कुछ लिख देते।' उन्होंने कहा, 'इसलिए यह मुझे मिले मौकों का फायदा उठाने से जुड़ा था। अब मुझे पता है कि सभी मेरे बारे में अच्छी चीजें लिखेंगे।'



**अंतिम** क्षणों में उमेश यादव ने छक्कों की झड़ी लगाई और दस गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 31 रन बनाए।

उन्होंने कहा, 'पारी का आगाज करना मेरे लिए अच्छा मौका था। जैसा कि मैंने विशाखापत्तनम टैस्ट के दौरान कहा, पारी की शुरुआत करने को लेकर मेरे और टीम प्रबंधन के बीच लंबे समय से संवाद हो रहा था। इसलिए मानसिक रूप से मैं इसके लिए तैयार था। मुझे पता था कि ऐसा कभी भी हो सकता है।'

शर्मा ने कहा, 'अगर इस पारी की बात करूं तो मैं कहूंगा कि यह सबसे चुनौतीपूर्ण पारी थी। मैं ज्यादा नहीं खेला। मैं सिर्फ 30 टैस्ट खेला हूं। मैंने अब तक जिसका सामना किया है उसे देखते हुए यह संभवतः सबसे चुनौतीपूर्ण था।' पारी का आगाज करने की चुनौती के संदर्भ में रोहित ने कहा, 'पारी का आगाज करना छठे-सातवें नंबर पर बल्लेबाजी से अलग चुनौती है। यह इस पर निर्भर करता है कि आपने कैसी तैयारी की है, आप मैदान पर उतरकर क्या करना चाहते हैं, क्या हासिल करना चाहते हैं।'

उन्होंने कहा, 'मैच की पहली गेंद का सामना करना, 30-40 ओवर के बाद खेलने की तुलना में बिलकुल अलग है।' रोहित ने कहा कि वे अगले साल न्यूजीलैंड दौरे के दौरान विदेशों में भी अपनी सफलता को दोहराना चाहते हैं।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने रहाणे की भी तारीफ की जिन्होंने पहले दिन लंच के बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए भारत के ऊपर से दबाव कम किया।



**रोहित** ने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने हमें एक मौका दिया था, जो आसान नहीं था और इसके बाद उन्होंने हमें कोई मौका नहीं दिया। 'ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह सीखने का मौका है। मुझे हालांकि टैस्ट टीम में मौका मिलने की उम्मीद नहीं थी। इस साल मुझे टीम में जगह मिलने की उम्मीद नहीं थी ऐसे में जब मुझे चयन के बारे में पता चला तो मैं नर्वस था।

### रहाणे की लाजवाब पारी



**मुंबई** की जोड़ी रोहित और रहाणे ने चार घंटे से अधिक समय क्रीज पर बिताया और इस बीच चौथे विकेट के लिए रेकार्ड 267 रन की भागीदारी की। इन दोनों ने अच्छे रन रेट से रन बनाए जिससे पहले दिन की बारिश के व्यवधान का भारतीय प्रगति पर खास प्रभाव नहीं पड़ा। पहले दिन केवल 58 ओवर का खेल हो पाया था। रहाणे को 105 रन के निजी योग पर हेनरिक क्लासेन ने जीवनदान दिया।

# इथियोपियाई बेलिहु, गेमेचु फिर बने विजेता

**हाफ मैराथन**

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (भाषा)।

मौजूदा चैंपियन एंडामलाक बेलिहू और सेहे गेमेचू ने 15वीं एअरटेल दिल्ली हाफ मैराथन में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। इथोपिया के बेलिहू ने 59.10 मिनट का समय लेकर अपने खिताब का बचाव किया। वहीं गेमेचू ने 66.00 मिनट के समय के साथ प्रतियोगिता के अपने ही पिछले रेकार्ड में सुधार किया। यह गेमेचू का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन भी है।

बेलिहू ने पिछले साल आइएएएफ गोल्ड लेबल रेस 59 मिनट 18 सेकंड में जीती थी। वह इथोपिया के अपने साथी सोलोमोन बेरिहू (59.17 मिनट) से आगे रहे। केन्या के किबिवोट कैंडी 59.33 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बेलिहू केवल चार सेकंड के अंतर से कोर्स रेकार्ड से चूक गए जो इथोपिया के गुए एडोला (59.06 मिनट) ने 2014 में बनाया था। उन्होंने बाद में कहा कि मैं जानता हूं कि मैं कोर्स रेकार्ड से चूक गया। इसलिए मैं थोड़ा निराश हूं लेकिन कुल मिलाकर यह अच्छी दौड़ रही और इसलिए मैं खुश हूं। बेलिहू ने कहा कि मैं अभी कुछ मैराथन और हाफ मैराथन में भाग लूंगा लेकिन यह सब मेरे अभ्यास पर निर्भर करता है और मैं इस बारे में अपने कोच से बात करूंगा।



**मैंने** कोर्स रेकार्ड तोड़ा और मैं इसे हासिल करके खुश हूं। दोहा के बाद मैं काफी थकी हुई थी लेकिन मैं दिल्ली में जीत दर्ज करना चाहती थी। मैं बहुत खुश हूं। यह मेरा सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन भी है।

*-सेहे गेमेचू, विजेता*

महिलाओं के वर्ग में इथोपिया के येलमजर्फ येहुआलाउ ने एक घंटा 6.01 मिनट के साथ दूसरा जबकि जेनिबा यिमर ने एक घंटा 6.57 मिनट के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। गेमेचू का व्यक्तिगत रेकार्ड 66.50 मिनट था और उन्होंने पिछले साल कोर्स रेकार्ड बनाया था।

भारतीय पुरुषों में श्रीनु बुगाता ने एक घंटा 4.33 मिनट के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि सुरेश पटेल (1:04:57) दूसरे और हर्षद महात्रे (1:05:12) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं में एल सूरिया एक घंटा 12.49 मिनट के साथ पहले स्थान पर रहीं। पारूल चौधरी (1:13:55) ने दूसरा और चिंता यादव (1:15:28) ने तीसरा स्थान हासिल किया।



एंडामलाक बेलिहू (बीच में) सोने के तमगे के संग। चांदी जीतने वाले सोलोमोन बेरिहू (बाएं) और कांस्य विजेता कैंडी (दाएं)।



स्वर्ण पदक विजेता सेहे गेमेचू (बीच में) जबकि चांदी जीतने वालीं येहुआलाउ (बाएं) और कांस्य विजेता जेनिबा यिमर (दाएं)।

# पुडुचेरी पर आठ विकेट से जीत के साथ कर्नाटक सेमी फाइनल में

**विजय हजारे ट्रॉफी**

बंगलुरु, 20 अक्तूबर (भाषा)।

गेंदबाजों के कमाल के बाद बल्लेबाजों के धमाल से कर्नाटक ने विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पुडुचेरी के खिलाफ आठ विकेट की आसान जीत दर्ज की।

कर्नाटक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद पुडुचेरी की टीम प्रवीण दुबे (44 रन पर तीन विकेट), अभिमन्यु मिथुन (35 रन पर दो विकेट) और वी कौशिक (33 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 207 रन ही बना सकी। कर्नाटक ने इसके जवाब में भारतीय टीम से बाहर चल रहे लोकेश राहुल (90) की देवदत्त पडिक्कल (50) के साथ पहले विकेट की 98 और रोहन कदम (नाबाद 50) के साथ दूसरे विकेट की 88 रन की साझेदारी की बदौलत 41 ओवर में दो विकेट पर 213 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान मनीष पांडे 20 रन बनाकर नाबाद रहे। राहुल ने 112 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का मारा जबकि पडिक्कल ने 54 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का जड़ा।

कदम की 68 गेंद की पारी में तीन चौके शामिल रहे। कर्नाटक के पूर्व स्टार खिलाड़ी और पुडुचेरी के कप्तान विनय कुमार ने आठ गेंदबाजों को आजमाया लेकिन सिर्फ सागर उदेशी ही 47 रन देकर दो विकेट हासिल कर पाए। इससे पहले पुडुचेरी ने 41 रन पर ही छह विकेट गंवा दिए थे। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे सिद्धार्थ त्रिवेदी (54) और आठवें नंबर पर उतरे वी मरिमुथु (58) ने अर्धशतक जड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

# केंद्रीय अनुबंध के शीर्ष स्तर पर बरकरार रहेंगे सरफराज अहमद

कराची, 20 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने स्पष्ट किया है कि कप्तानी से बर्खास्त किए गए सरफराज अहमद केंद्रीय अनुबंध के 'ए' वर्ग में बरकरार रहेंगे। साथ ही वह खेल के तीनों प्रारूपों में चयन के लिए उपलब्ध हैं।



सरफराज को निचले स्तर का अनुबंध देने के पीसीबी के फैसले से जुड़ी अटकलों को खारिज करते हुए पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा कि सरफराज अगले साल जुलाई तक केंद्रीय अनुबंध के शीर्ष स्तर पर रहेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि उनके केंद्रीय अनुबंध में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि वह तीनों प्रारूपों में चयन के लिए उपलब्ध हैं। पाकिस्तान के नए टी-20 कप्तान बाबर आजम और लेग स्पिनर यासिर शाह भी ए वर्ग में शामिल हैं। बोर्ड ने साथ ही सरफराज को खेल के तीनों प्रारूपों की कप्तानी से हटाने की घोषणा के दौरान जारी वीडियो के लिए भी माफी मांगी है।

बोर्ड की डिजिटल मीडिया टीम ने अपने आधिकारिक पेज पर संक्षिप्त वीडियो डाला था जिसमें सरफराज को एक टीम अधिकारी बाहर जाने का इशारा कर रहा है और कुछ खिलाड़ी जश्न मना रहे हैं। बोर्ड ने कहा कि उसने यह वीडियो विश्व टी-20 की तैयारियों को लेकर जारी करने का फैसला किया था लेकिन दुर्भाग्य से इसी समय कप्तान बदलने की खबर भी आई।

# दिल्ली को हराकर गुजरात भी सेमी फाइनल में

बंगलुरु, 20 अक्तूबर (भाषा)।

गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद कप्तान पार्थिव पटेल (76) और प्रियांक पांचाल (80) के बीच पहले विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी से गुजरात ने विजय हजारे एक दिवसीय टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रविवार को दिल्ली को वीजेडी पद्धति से छह विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद दिल्ली की पारी 223 रन पर सिमट गई। मैच के दौरान खराब मौसम के कारण खेल रोकना पड़ा और मैच को 49 ओवर का कर दिया गया।

गुजरात को वीजेडी प्रणाली से 49 ओवर में जीत के लिए 225 रन का लक्ष्य मिला लेकिन टीम ने 37.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान 225 रन बनाकर जीत दर्ज की। दिल्ली के कप्तान ध्रुव शोरे (91) शतक बनाने से चूक गए। उन्होंने 109 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। नितीश राणा (33), हिम्मत सिंह (26) और ललित यादव (28) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी नहीं बदल सके।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 337, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।